राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 69 पृष्ठ: 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपराष्ट्रपति को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

## फेक न्यूज दे रहा अमेरिकी अखबार: अनुराग ठाकुर



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**केंद्रीय** सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स सहित विदेशी मीडिया पर खिलाफ झूठ फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बदनाम किया जा रहा है। मंत्री ने ट्वीट कर कश्मीर में प्रेस की स्वतंत्रता पर एनवाईटी में छपे एक ओपिनियन को शरारती और काल्पनिक बताया। आरोप लगाया कि भारत के बारे में कुछ भी छापने से पहले तटस्थता का ध्यान नहीं रखा गया। भारत और उसकी लोकतांत्रिक संस्थानों के खिलाफ खास एजेंडा के तहत छापा गया है। ऐसा झूठ लंबे समय तक नहीं चल सकेगा। ओपिनियन में लिखा था कि अगर मोदी देश के बाकी हिस्सों में इंफॉर्मेशन को कंट्रोल करने के कश्मीर मॉडल को लागू करने में सफल होते हैं।

# लालू परिवार पर जांच की आंच

### तेजस्वी को सीबीआई का समन: हम साथ आते हैं तो रेड शुरू हो जाती है: नीतीश, ईडी को छापों में 53 लाख कैश मिला

**ईडी का दावा**

= जमीन के बदले नौकरी घोटाले में 600 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग के मिले सबूत
= राजद मोदी सरकार पर भड़की



**नई दिल्ली/पटना/टीम एक्शन इंडिया**
जमीन के बदले नौकरी घोटाले में ईडी ने अभी तक 600 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग के सबूत मिलने का दावा किया है। ईडी के अनुसार, अपराध से बनाई संपत्तियों में से 350 करोड़ की अचल संपत्ति है, जबकि 250 करोड़ रुपये बेनामी लोगों के माध्यम से लालू यादव के परिवार के सदस्यों के पास आये थे। ईडी के अनुसार दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कालोनी स्थित घर घोटाले की रकम से महज में चार लाख रुपये में खरीदी गई थी, जिसका बाजार मूल्य 150 करोड़ रुपये है। ईडी के अनुसार 350 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों में 250 करोड़ की संपत्तियां पटना में हैं। वहीं न्यू फ्रेंड्स कालोनी की 150 करोड़ रुपये का मकान एबी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर है। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एजेंसी के पास इस बात के ठोस सबूत हैं कि एबी एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के मालिक बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और उनका परिवार है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव इसे दिल्ली में अपने आवास के रूप में इस्तेमाल करते हैं और शुक्रवार को छापे दौरान इस मकान में उनकी मौजूदगी से यह साबित भी हो गया।

### 'शेल कंपनियों के मालिकों का पता लगा'



**ईडी** ने बेनामी मालिकों, शेल कंपनियों और उनके असली मालिकों का पता लगाने में सफल रही है। इसी तरह से ग्रुप डी की नौकरियों के बदले में मात्र 7.5 लाख रुपये में लिये चार जमीन को राजद के पूर्व विधायक सैयद अबु दोजाना को 3.5 करोड़ में बेचा गया। राबड़ी देवी ने इसका अधिकांश हिस्सा तेजस्वी यादव को ट्रांसफर कर दिया था, इसके भी सबूत मौजूद हैं।
ईडी के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि लालू यादव के रेल मंत्री रहते हुए रेलवे के कई जोन में हुई नियुक्तियों में 50 फीसद लोग लालू यादव और उनके परिवार के क्षेत्रों से जुड़े होने का पता चला है। इनकी अलग से जांच की जा रही है।

### 'घोटाले की कमाई को सफेद बनाने के लिए कंपनियां बनाई गईं'

**ईडी के** वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि घोटाले की कमाई को सफेद बनाने के लिए मुंबई स्थित जेम्स एंड ज्वेलरी से कुछ कंपनियों का इस्तेमाल किया गया था। शुक्रवार को इनके ठिकानों की भी तलाशी ली गई है। उनके अनुसार घोटाले से की गई अवैध कमाई और उससे बनाई गईं संपत्तियां बहुत ज्यादा हो सकती है और इन्हें कई स्थानों पर रियल इस्टेट व अन्य क्षेत्रों में निवेश किये जाने के संकेत मिल हैं।

## समलैंगिक शादियों को मिलेगी कानूनी मान्यता!

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**सुप्रीम** कोर्ट सोमवार को समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता देने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर सोमवार के लिए अपलोड की गई वाद सूची के अनुसार, याचिकाएं पर मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की पीठ सुनवाई करेगी।
**कई अदालतों के केसों की एकसाथ सुनवाई:** शीर्ष अदालत ने 6 जनवरी को, दिल्ली उच्च न्यायालय सहित विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित ऐसी सभी याचिकाओं को क्लब और अपने पास स्थानांतरित कर लिया था। कोर्ट ने कहा था कि केंद्र की ओर से पेश होने वाले वकील और याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाली वकील अरुंधति काटजू एक साथ लिखित सबमिशन, दस्तावेजों का एक सामान्य संकलन तैयार करेंगे।

## सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 16.68 लाख करोड़ रुपये हुआ



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**आयकरदाताओं** ने सरकार की झोली में फिर इतना पैसा डाल दिया है कि पिछला रिकॉर्ड टूट गया। देश का सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह वित्त वर्ष 2022-23 में 10 मार्च तक 16.68 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि के सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह से 22.58 फीसदी से ज्यादा है। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि चालू वित्त वर्ष में 10 मार्च तक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 16.68 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष (2021-22) के मुकाबले 22.58 फीसदी से अधिक है। आयकर विभाग के आंकड़ों के मुताबिक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह भी 13.73 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के शुद्ध संग्रह से 16.78 फीसदी अधिक है।

## पूर्व सीएम चन्नी का लुक आउट नोटिस



**अमृतसर/टीम एक्शन इंडिया**
**पंजाब** सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के खिलाफ आय से अधिक मामले में लुक आउट सर्कुलर जारी कर दिया है। पूर्व सीएम चन्नी एक धार्मिक कार्यक्रम में विदेश कैलिफोर्निया जाने वाले थे लेकिन विजिलेंस की तरफ से एलओसी जारी होने के बाद अब चन्नी ने खुद ही विदेश जाने के कार्यक्रम को रद्द कर दिया। गौरतलब है कि पूर्व सीएम चन्नी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में जांच चल रही है। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी बीते दिनों चन्नी पर मुख्यमंत्री रहते हुए सरकारी तंत्र का पर्सनल कामों में प्रयोग करने का आरोप लगाया था। पूर्व सीएम ने कहा था कि उनके पास इसके सबूत भी हैं, लेकिन जब पूर्व मुख्यमंत्री चन्नी को उनके खिलाफ एलोसी जारी होने का पता लगा तो उन्होंने खुद ही विदेश जाने के कार्यक्रम को रद्द कर दिया।
**गुरु रविदास जी के कार्यक्रम में जा रहे थे अमेरिका:** चरणजीत सिंह चन्नी का कहना है कि कैलिफोर्निया सैक्रामेंटो में रविदास जी का एक मंदिर बना हुआ है। वहां से हर साल बीते 23 सालों से नगर कीर्तन निकाला जाता है।

## कांग्रेस के रास्ते पर चल रही भाजपा: अखिलेश

**अहमदाबाद:** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। अखिलेश ने कहा कि महात्मा गांधी के देश में बुलडोजर ने अहिंसा का मार्ग अख्तियार कर लिया है। विपक्षी नेताओं पर ईडी और सीबीआई की छापेमारी पर तंज कसते हुए सपा नेता ने कहा कि छापेमारी की परंपरा कांग्रेस ने शुरू की थी, लेकिन अब भाजपा उसी रास्ते पर चल रही है। सपा नेता अखिलेश यादव ने कहा कि सभी स्वतंत्र एजेंसिया अब केंद्र सरकार के दबाव में काम कर रही हैं।

## 'कौशल क्षेत्र में अव्वल रहने की जरूरत'

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने 11 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान (पीएम विकास) पर पोस्ट-बजट वेबिनार को संबोधित किया। पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज बजट का यह वेबिनार भारत के करोडों लोगों के हुनर और उनके कौशल को समर्पित है। हम कौशल जैसे क्षेत्रों में जितना अव्वल होंगे हमें उतनी सफलता मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि इसे लेकर कई सुझाव भी आए हैं। सभी स्टैक



हॉल्डर्स ने इस बजट को कैसे सार्थक बनाया जाए इस पर चर्चा की। जो चर्चा संसद में होती है जो चर्चा सांसद करते हैं वैसे ही गहन विचार जनता की ओर से हमें मिला है।
यह इवेंट 12 पोस्ट-बजट वेबिनार की सीरीज का एक हिस्सा है। वेबिनार की इस सीरीज में केंद्र सरकार बजट 2023-24 में की गई अनाउंसमेंट पर विचारों और सुझावों को इकट्ठा कर रही है, ताकि उन सभी घोषणाओं पर सही दिशा में काम किया जा सके।

**सार्थक**

= सभी स्टैक हॉल्डर्स ने इस बजट को कैसे सार्थक बनाया जाए इस पर चर्चा की: पीएम नरेंद्र मोदी



# समावेशी शिक्षा से देश बनेगा आत्मनिर्भर: सीएम

## शिक्षा नीति जीवन मूल्यों को आत्मसात करने वाली हो, निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति व कुलसचिवों की बैठक आयोजित

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि देश के वातावरण के अनुसार दी जाने वाली शिक्षा ही वास्तविक शिक्षा है। इस शिक्षा के द्वारा ही व्यक्ति आत्मनिर्भर बनेगा और देश भी आत्मनिर्भर बनेगा। मुख्यमंत्री राजभवन में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की अध्यक्षता में आयोजित राज्य के निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति व कुलसचिवों के साथ आयोजित बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। बैठक में हरियाणा के उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा, उच्चतर शिक्षा परिषद के चेयरमैन प्रोफेसर बी के कुठियाला, उच्चतर शिक्षा के वाइस चेयरमैन डॉ. के सी शर्मा, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार भारत भूषण भारती भी मौजूद रहे।

**नई शिक्षा नीति-2020 जीवन मूल्यों को आत्मसात करने वाली शिक्षा नीति:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उच्च शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा के लिए आयोजित दो दिवसीय बैठक बुलाने पर राज्यपाल का आभार जताया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति को लागू करने में निजी विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका है। नई शिक्षा नीति में जीवन मूल्यों से जुड़ी शिक्षा को शामिल किया गया है ताकि व्यक्ति का सामूहिक विकास सुनिश्चित हो और वह आत्मनिर्भर बने। उन्होंने स्वामी विवेकानंद का उदाहरण देते हुए कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान का ढेर नहीं है बल्कि जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का माध्यम है और इसके बिना शिक्षा अधूरी है। उन्होंने कहा कि लार्ड मैकाले की शिक्षा के कारण हम वास्तविक जीवन उपयोगी शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाए। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में जीवन मूल्यों को प्राथमिकता दी गई है ताकि हम उसे आत्मसात कर अपने उद्देश्यों को प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के नाते सरकारी व निजी विश्वविद्यालयों का उद्देश्य एक ही है। उन्हें न केवल एक-दूसरे की बल्कि दुनियाभर के विश्वविद्यालयों की सर्वश्रेष्ठ प्रणालियों को अंगीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चाहे सरकारी हो या निजी विश्वविद्यालयों हों, सभी को संसाधनों के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना चाहिए और इसके लिए एलुमनी बहुत बड़ा योगदान दे सकते हैं।



### 'रोजगार के लिए हुनरमंद शिक्षा जरूरी'

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि बेरोजगारी को खत्म करने के लिए युवाओं को हुन्नरमंद बनाना जरूरी है। तकनीकी शिक्षा का जितना फैलाव होगा युवा उतना ही आत्मनिर्भर बनेगा और उसे सहज ही रोजगार भी मिल जाएगा। नई शिक्षा नीति में कौशल विकास को प्रमुखता दी गई है। हमारी शिक्षा ऐसी हो जिसके केंद्र में रोजगार हो लेकिन वह संस्कारवान भी बनाए। बैठक को सम्बोधित करते हुए उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने उच्चतर शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात 32 प्रतिशत से बढ़ाकर 2030 तक चालीस प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने कहा कि 6 से 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों का जीरो ड्रॉपआउट ट्रेस करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थान बच्चों को शिक्षा देने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक बुराइयों के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव डी.एस. ढेसी, मुख्य सचिव संजीव कौशल, उच्चतर शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव विजेन्द्र कुमार, राज्यपाल के सचिव अतुल द्विवेदी, उच्चतर शिक्षा विभाग के निदेशक राजीव रत्न सहित निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति व कुलसचिव भी उपस्थित रहे।

## 'सरकार की प्राथमिकताएं ध्यान में रखकर करें कार्य'

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आईएएस तथा एचसीएस अधिकारी सरकार की नीति-निर्माण के अहम हिस्सा होते हैं,ऐसे में उनको राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को ध्यान में रख कर कार्य करना चाहिए। मुख्यमंत्री आज यहां हरियाणा के नव चयनित एचसीएस अधिकारियों से परिचय कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्य सचिव संजीव कौशल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी.उमाशंकर, अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. अमित अग्रवाल, विशेष सचिव (पर्सनल ब्रांच) पंकज, मुख्यमंत्री के ओएसडी सुधांशु गौतम समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नव चयनित एचसीएस अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उनके सम्मुख आने वाली चुनौतियों से अवगत करवाते हुए कहा कि जिस प्रकार से उनका चयन पूरी पारदर्शिता से हुआ है, ठीक वैसे ही वे ईमानदारी से अपने कार्य को केवल नौकरी समझने की बजाए सेवाभाव से करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अंत्योदय की भावना से काम कर रही है ताकि अंतिम पायदान के व्यक्ति को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार सहजता से उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति कर रहा है, इसमें अधिकारियों की भी अहम भूमिका है। इससे पूर्व ,मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं सूचना, लोक संपर्क,भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल ने नव चयनित एचसीएस अधिकारियों को हरियाणा सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं लक्ष्यों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपनी ट्रेनिंग के दौरान हर विषय को गहनता से समझें ताकि भविष्य में उनको फील्ड में काम करने में कोई कठिनाई न आये। ज्ञात रहे कि हाल ही में कुल 48 नए एचसीएस अधिकारियों का चयन हुआ है।

# हरियाणा में चुनावी मोड में आई आप

## मिस्ड कॉल के जरिए बनाएगी सदस्य, मोबाइल नंबर किया जारी, 10 लाख का टारगेट



**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** में आम आदमी पार्टी (आप) अपना कुनबा बढ़ा करने की कवायद में जुट गई है। पार्टी की ओर से इसके लिए 1 महीने का सदस्यता अभियान शुरू किया गया है। इसके लिए आप की ओर से एक मोबाइल नंबर (76500 88000) जारी किया है। इस नंबर पर मिस्ड कॉल करके पार्टी नए सदस्यों का पंजीकरण करेगी। हरियाणा में आम आदमी पार्टी अपने 1 महीने लंबे सदस्यता अभियान की शुरूआत करेगी।

**10 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य:** हरियाणा में आम आदमी पार्टी ने 10 लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया है। आप के हरियाणा प्रभारी सुशील गुप्ता ने बताया कि दिए गए नंबर पर मिस्ड कॉल करने पर रजिस्ट्रेशन संख्या प्राप्त होगी। इसके बाद पार्टी सभी सदस्यों से संपर्क कर पार्टी हित में कार्य करने का आह्वान करेगी।

### डोर टू डोर कैंपेन भी करेगी शुरू

**हरियाणा** आप के प्रभारी गुप्ता ने बताया कि पार्टी घर घर जाकर डोर टू डोर कैंपेन भी शुरू करेगी। नए सदस्यों बनाने के लिए राज्य में आम आदमी पार्टी के परिवार को बढ़ाने के लिए पार्टी के कार्यकर्ता मैदान में उतरेंगे।

**नेताओं की जिम्मेदारी फिक्स:** पार्टी की ओर से प्रदेश स्तर के नेताओं की जिम्मेदारी तय कर दी है। रविवार को हिसार में आप के वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा मौजूद रहेंगे।

सांसद डॉ सुशील गुप्ता कल मुलाना में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद डॉ अशोक तंवर फरीदाबाद में अभियान को को मजबूती देंगे। चौधरी निर्मल सिंह को हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज के जिले अंबाला की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# 'हरियाणा, अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता की तीसरी बार मेजबानी करने वाला पहला राज्य'

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** के पर्यावरण एवं वन मंत्री कंवरपाल ने कहा कि हरियाणा देश का पहला प्रदेश है जिसे तीसरी बार अखिल भारतीय वन खेल-कूद प्रतियोगिता की मेजबानी करने का अवसर प्राप्त हुआ है। हरियाणा की भूमि उसके युवाओं के जोश के लिए जानी जाती है। खेल-कूद प्रतियोगिताओं का यह महाकुंभ देश और प्रदेश में एक सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है। कंवरपाल आज पंचकूला सेक्टर 3 स्थित ताऊ देवी लाल स्टेडियम में 26वीं अखिल भारतीय वन खेल-कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करने के पश्चात संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर अंबाला लोकसभा सांसद रतन लाल कटारिया भी उपस्थित थे। इससे पूर्व कंवरपाल ने 26वें अखिल भारतीय वन खेल-कूद प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की और विभिन्न राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से आए खिलाड़ियों के दलों द्वारा प्रस्तुत मार्चपास्ट की सलामी ली। उन्होंने कहा कि इससे पहले वर्ष 2013 में पंचकूला में और 2002 में फरीदाबाद में इस प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि हरियाणा को इन खेलों को पुनः आयोजित करने का अवसर प्रदान करने के लिए वे केन्द्र सरकार का आभार प्रकट करते हैं। कंवरपाल ने कहा कि राजनीतिक जीवन की शुरूआत से ही उनका वन एवं वन्य कर्मियों से नाता रहा है। उनका क्षेत्र यमुनानगर में कालेसर का घना जंगल होने के कारण यहां पर वन कर्मियों की गतिविधियां बराबर बनी रहती थी। उन्होंने देखा है कि वन कर्मी बड़ी सफुर्ति से रात-दिन गश्त करके वन संपदा की रक्षा करते हैं। वन मंत्री ने कहा कि हमें खेल-कूद से अनुशासन में रहना, टीम स्पिरिट से कार्य करना तथा सतत सुधार करते रहना भी सीखने को मिलता है। खेलों से एक भाईचारे की भावना भी उत्पन्न होती है जो हमारे कार्यक्षेत्र में परिवार को जोड़ने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि वन खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन न केवल हमारे वन परिवार को और मजबूत करने, अपने-अपने प्रदेश तथा संगठनों का नाम रोशन करने का एक अवसर है बल्कि इस प्रतियोगिता का सीधा असर हमारे कार्यों पर भी पड़ेगा और हमारी कार्यकुशलता भी बढेगी।



# सरकार से वार्ता के बाद हरियाणा के रोडवेज कर्मियों का आंदोलन स्थगित

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा के रोडवेज कर्मचारियों व सरकार के बीच सहमति बन गई है। इससे खुश कर्मचारियों ने रविवार को परिवहन मंत्री के आवास के घेराव का निर्णय वापस लेते हुए आंदोलन स्थगित कर दिया। कर्मचारियों ने मांगे पूरी करने के लिए सरकार को एक माह का समय दिया है। शुक्रवार देरशाम तक चली बैठक में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, परिवहन विभाग के प्रधान सचिव नवदीप सिंह विर्क और परिवहन आयुक्त यशेंद्र सिंह के साथ 10 यूनियनों के साझा मोर्चा ने बातचीत की। तीन घंटे चली बैठक में परिचालकों व लिपिकों का वेतनमान 35 हजार 400 रुपये करने, चालक- परिचालक, निरीक्षक, उप निरीक्षक, कर्मशाला के कर्मचारियों के देय अर्जित अवकाश में कटौती के आदेश को वापस लेने, देय अर्जित अवकाश व सभी लाभ देने, नई पेंशन नीति को बंद कर पुरानी पेंशन नीति लागू करने, लिपिकों की पदोन्नति शीघ्र करने, डिपो स्तर पर कार्यालय में सांख्यिकी सहायक, सहायक, लेखाकार, जूनियर आडिटर के पदों से कार्यालय अधीक्षक के पद पर प्रमोशन का अनुभव 12 वर्ष की बजाय पांच वर्ष करने पर चर्चा हुई। परिवहन मंत्री ने कहा कि अर्जित अवकाश में कटौती का निर्णय वर्ष 1995 से लागू नहीं कर 20 सितंबर 2022 से लागू किया जाएगा। इसके लिए वित्त विभाग से मंजूरी ली जाएगी। परिवहन मंत्री ने कहा कि कर्मचारी विभाग की रीढ़ हैं। उनकी जायज मांगों पर पूरी गंभीरता से विचार किया जाएगा। बैठक में कर्मचारियों का ओवरटाइम शुरू करने, चालक-परिचालकों के पे-स्केल पर विचार कर वित्त विभाग में भेजने, वर्ष 1992 से 2003 के बीच लगे कच्चे कर्मचारियों को नियुक्ति तिथि से पक्का करने आदि सहित कई मामलों पर चर्चा के बाद इन पर तवरित कार्रवाई शुरू करने को लेकर सहमति बनी।

# 4 करोड़ रुपये की लागत से बनीं 31 परियोजनाओं का हुआ उद्घाटन

**फतेहाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
**विकास एवं** पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने शनिवार को टोहाना विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांव का दौरा कर 4 करोड़ रुपये की लागत से बनीं 31 परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार द्वारा करवाए जाने वाले विकास कार्यों की निगरानी संबंधित गांवों के नागरिकों को करनी होगी, ताकि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके। विकास कार्यों के निर्माण में उच्च गुणवत्ता की सामग्री प्रयोग करने का भी विशेष ध्यान रखा जाए। पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली ने गांव दिवाना, मुस्साखेड़ा, शक्करपुरा, मुंदलिया, चांदपुरा, सिधानी, साधनवास, तलवाडी, तलवाडा, जाखल, नडैल, म्योंद खुर्द एवं म्योंद कलां में 31 परियोजनाओं का उद्घाटन कर क्षेत्र वासियों को विकास कार्यों की सौगात दी। मंत्री ने ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आम नागरिक जागरूक बने।

# सीईटी पास 2.30 लाख युवा नौकरी की रेस से बाहर

## 31529 पदों पर 1.26 लाख अभ्यर्थियों की ही स्क्रीनिंग; सुरजेवाला बोले- तुगलकी फरमान

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा में सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) पास 2 लाख 30 हजार 884 युवाओं को झटका लगा है। हरियाणा सरकार की ओर से 31 हजार 529 पदों के लिए 1 लाख 26 हजार 116 अभ्यर्थियों की ही स्क्रीनिंग टेस्ट के लिए आमंत्रित किया गया है। सरकार के इस फैसले पर राज्यसभा सांसद और कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने जेजेपी-बीजेपी सरकार के इस फैसले को युवा विरोधी और तुगलकी फरमान बताया है।

**3.57 लाख युवा पास है सीईटी:** सुरजेवाला ने कहा है कि खट्टर सरकार ने HSSC के माध्यम से ग्रुप उ के लिए 31,529 पदों का विज्ञापन निकाला है, जिसके लिए CET पास सभी अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रदेश में CET पास अभ्यर्थियों की संख्या लगभग 3.57 लाख है, लेकिन कर्मचारी चयन आयोग द्वारा विज्ञापित 31,529 पदों के केवल 4 गुना यानी 1,26,116 अभ्यर्थियों को ही स्क्रीनिंग टेस्ट के लिए आमंत्रित किया है।

**इस फैसले से बाहर हुए युवा:** खट्टर सरकार ने प्रदेश की नौकरियों में केवल हरियाणा के युवाओं को सामाजिक आर्थिक आधार पर अंक लाभ का प्रावधान बंद कर दिया है, जो अन्य कई प्रदेशों में लागू है। सरकार का यह फैसला सीधा प्रदेश के युवाओं के हितों पर कुठाराघात है। प्रदेश में पिछले 8 सालों में विद्यालय परीक्षाओं से लेकर HPSC और HSSC परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं। प्रदेश अब पेपर लीक का हब बन चुका है।



### बेरोजगारी से नशे की ओर बढ़ रहा युवा

**भाजपा-जजपा** को युवाओं के भविष्य व हितों से कोई सरोकार नहीं है। जिस प्रदेश में युवा रोजगार के लिए भटक रहा हो, बेरोजगारी से तंग आकर आत्महत्या या नशे की ओर बढ़ रहा हो, ऐसी सरकार के मुखिया हुक्मरानों को नींद कैसे आ सकती है! शर्म आनी चाहिए ऐसी लापरवाह व तानाशाह सरकारों को जो युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर उनके हितों को रौंद रही हों।

### सुरजेवाला ने रखीं सरकार से मांगे

**रणदीप** सुरजेवाला ने हरियाणा सरकार से तीन मांगे रखी हैं। पहली HSSC की ओर से CET पास सभी अभ्यर्थियों को स्क्रीनिंग टेस्ट के लिए बुलाया जाए, और उसी आधार पर मेरिट से चयन हो। दूसरी केवल हरियाणा के युवाओं को सामाजिक आर्थिक आधार पर अंक लाभ देने का फैसला वापस लागू हो और तीसरी खट्टर सरकार खाली पद भरने की प्रक्रिया तुरंत शुरू करे ताकि हरियाणा का युवा रोजगार के लिए विदेशों की तरफ भाग दर-दर की ठोकरें ना खाए।

## केंद्रीय मंत्री आज करेंगे वन खेल कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव आज (शनिवार) हरियाणा की मेजबानी में ताऊ देवी लाल स्टेडियम सेक्टर-3 पंचकूला में 26वें अखिल भारतीय वन खेल-कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक विवेक सक्सेना ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का समापन 14 मार्च को होगा। इस प्रतियोगिता में 34 विभिन्न खेलों के 285 मुकाबलों में 2458 प्रतिभागी भाग लेंगे।

# तेज होगी आदमपुर में विकास की गति: कुलदीप बिश्नोई

## सीएम के आशीर्वाद एवं हम सबके प्रयास से हो रहे कार्य: पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायक कुलदीप बिश्नोई

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
**पूर्व सांसद** एवं पूर्व विधायक कुलदीप बिश्नोई ने कहा है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद, विधायक भव्य बिश्नोई सहित हम सबके संयुक्त प्रयासों से आदमपुर में विकास कार्यों की झड़ी लगी है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में विकास की गति और ज्यादा तेज होगी। वे शनिवार को हलके के गांव फ्रांसी, सीसवाल, सारंगपुर, सदलपुर, दड़ौली, मंडी आदमपुर, बुड़ाक एवं घुड़साल में अनेक कार्यक्रमों में शिरकत करने के दौरान लोगों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने गांवों में विकास कार्यों का जायजा लिया तथा लोगों के सुख-दुख में शिरकत की। उन्होंने बताया कि विकास के क्रम को आगे बढ़ाते हुए गांव सीसवाल में 41 लाख की लागत से सडक के निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है, सीसवाल में ही वाटर सप्लाई लाईन एवं सीवरेज लाईन बिछाने का कार्य शुरू होने वाला है, भोडिया में 24 लाख रूपए की लागत से किसानों के खालों का निर्माण हुआ है। किशनगढ़ में सात लाख की लागत से गउशाला के कमरे का निर्माण, सदलपुर में नौ लाख की लागत से गउशाला में ग्राउंड को पक्का किया गया है, फ्रांसी में पांच लाख की लागत से गउशाला का शैड, मलापुर में छह करोड़ की लागत से बनने वाले जलघर का कार्य शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि आदमपुर मंडी में पीने के पानी की पाईप लाईन जल्द से जल्द बिछाने के लिए कार्य प्रगति पर है और इस काम को पूरा करने के लिए 10 टीमें लगी हुई हैं। डोभी गांव 11 लाख की लागत से सडक का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है।



# गुजरात के राज्यपाल की प्राकृतिक कृषि तकनीक को लागू करेगा हरियाणा

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
गुजरात के राज्यपाल और कुरुक्षेत्र गुरुकुल के आचार्य देवव्रत की प्राकृतिक खेती तकनीक को अब हरियाणा में लागू किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल पद पर रहते हुए आचार्य वहां के किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक कर चुके हैं। अब वे गुजरात के किसानों को भी प्राकृतिक खेती के तौर-तरीकों से अवगत करवा रहे हैं। किसानों को प्रशिक्षण देने के लिए सरकार ने कुरुक्षेत्र गुरुकुल के अलावा करनाल के घरौंडा में प्रशिक्षण केंद्र भी स्थापित किए हैं। हिसार स्थित हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने जींद स्थित हरियाणा कृषि प्रबंधन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान के अलावा सिरसा के मंगियाना में तीन और प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया है। पिछले साल छह हजार एकड़ भूमि में प्राकृतिक खेती शुरू करवाने का टारगेट रखा गया था। 2238 किसानों ने 5 हजार 906 एकड़ भूमि में प्राकृतिक खेती को अपनाया। अगले एक साल में सरकार ने 20 हजार एकड़ भूमि में प्राकृतिक खेती करवाने का लक्ष्य रखा है। यह अभियान सिरसा से शुरू होगा।



# हिसार की समन्वय एवं निगरानी कमेटी मीटिंग में भड़के सांसद बृजेंद्र

## अधिकारियों ने नहीं बांटा जिम सामान; बोले- मैं नहीं छोड़ूंगा, इनकी वजह से हमें गालियां पड़ती

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** के हिसार में शुक्रवार को सांसद बृजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में लघु सचिवालय में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी कमेटी (दिशा) की बैठक हुई। मीटिंग में सांसद ने गांवों में ओपन जिम का सामान न बांटने पर नाराजगी जाहिर की और अधिकारियों को खरी- खरी सुना दी। इतना ही नहीं जब अधिकारियों ने आदमपुर और पंचायती चुनावों का कारण बताया तो सांसद ने कहा कि शहर में दिसंबर में मेयर के चुनाव हैं। क्या तब तक आप बांटोंगे नहीं। सांसद बृजेंद्र सिंह ने मीटिंग में ओपन जिम का साढ़े तीन लाख सामान का हर गांव में न भेजने पर नाराजगी जाहिर की। सांसद ने कहा कि मुझे अब गांवों में जाने पर शर्म महसूस होने लग गई है। सितंबर 2022 में मैंने पहली बार चिट्ठी लिखी कि जिम सामान के लिए 1 करोड़ 75 लाख रुपए की राशि अनुमोदित की।



**मैंने कोई महल नहीं बनवाना था:** सांसद ने कहा कि मई से लेकर सितंबर 2022 तक इसलिए रोक कर रखा गया कि गांवों के नाम नहीं दिए। सितंबर में गांव के नाम भेज दिए। आज 11 मार्च 2023 है। ना तो मैंने महल बनवाना था, न ही किसी ओर फंड से पैसे जुड़वाने थे। आप को मात्र बने बनाए, मल्टी जिम खरीदने थे और गांव में भेजने थे। ये बता दो कि पांच साल में हो जाएंगे या नहीं। मेरे साथ गोल मोल मत करना, इस पर मैं किसी को छोड़ूंगा नहीं।

### 8 ओपन जिम का सामान न बांटने पर नाराजगी जाहिर की और अधिकारियों को खरी-खरी सुना दी

**अंग्रेजी में बात न करें, ये काम मैंने भी किए:** वहीं अधिकारी के जवाब से संतुष्ट न होने पर सांसद ने कहा कि ज्यादा अंग्रेजी में बात न करें, ये काम मैंने भी किए हुए हैं। अधिकारी ने कहा कि चुनावों के कारण तीन महीने कोई काम नहीं हुआ। सांसद ने कहा कि शहर में मेयर के चुनाव दिसंबर में है तो आप उससे पहले भी सामान नहीं बांटेंगे। सांसद ने कहा कि मुझे समझा दीजिए कि एक बनी बनाई चीज को खरीदने के लिए आपको कितना टाइम चाहिए। बनी बनाई चीज खरीद कर नहीं लगा सकते तो बाकी चीज छोड़ दें।

**इन अफसरों की शक्ल देख लों:** डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि यह दस से 15 दिन काम है। डीसी ने एक्सईएन को पूछा कि कब तक कर दोगे। सांसद ने कहा कि इस आसान चीज में कौन सी कॉम्प्लिकेशन है।

# प्रदेश सरकार उद्योगपतियों की समस्याओं को लेकर गंभीर: मनोहर लाल

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने समालखा के पाईट कॉलेज में सुनी उद्योगपतियों की समस्याएं



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने शनिवार को पानीपत के पट्टी कल्याणा के पास स्थित पाईट कॉलेज के सभागार में पानीपत के उद्योगपतियों से बजट पर चर्चा करते हुए उन्हें आश्वासन दिया कि उनके द्वारा जो भी समस्याएं रखी गई हैं, उन समस्याओं का समाधान तत्परता एंव गंभीरता के साथ किया जाएगा। वहीं पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार उद्योगपतियों की समस्याओं को लेकर गंभीर है और भविष्य में इन सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उद्योगपतियों की ओर से जो भी सुझाव और समस्याएं रखी गई है, उनके निदान के लिए एचएसआईआईडीसी और एमएसएमई विभाग को निर्देश जारी किए जाएंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पानीपत के अनेको उद्योगपतियों से एक-एक कर विभिन्न विषयों पर बातचीत की और उन्हें उचित समाधान का आश्वासन भी दिया। बैठक में उद्योगपतियों की तरफ से पानीपत के प्रसिद्ध उद्योगपति अविनाश पालीवाल ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का बुके देकर स्वागत किया। इससे पहले सांसद संजय भाटिया ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि पानीपत के सभी उद्योगपति सकारात्मक सोच के साथ प्रदेश सरकार के साथ चलने के लिए कृत संकल्प हैं। प्रदेश के विकास में इन सबका बहुत बड़ा योगदान है। सांसद संजय भाटिया ने सभी उद्योगपतियों का मुख्यमंत्री मनोहर लाल से परिचय भी करवाया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, पानीपत ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता, उपायुक्त सुशील सारवान, एससी शशांक कुमार सावन के अलावा भाजपा के पदाधिकारी और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## किसान देश की प्रगति में देते हैं अपना योगदान: सीएम

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल 12 मार्च को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में आयोजित किए जा रहे हरियाणा कृषि विकास मेला-2023 के अंतिम दिन बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री का कहना है कि किसान देश की रीढ़ की हड्डी के समान हैं, वे खून-पसीना एक कर देश की प्रगति में अपना योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के आर्थिक विकास में हरियाणा के किसानों का उल्लेखनीय योगदान है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में कई योजनाएं लागू की हैं, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। साथ ही, उनकी समृद्धि के द्वार भी खुले हैं। पिछले दो वर्षों में, सरकार ने कृषि क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं के लिए 428 करोड़ रुपये के अलावा किसानों की फसलों की खरीद के 45,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे किसानों के खातों में जमा करवाई है। प्रदेश में मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पर 9 लाख से अधिक किसान नियमित रूप से पंजीकरण कराते हैं । मेरी फसल-मेरा ब्यौरा को व्यापक रूप से अपनाने के कारण ही राज्य की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे मेरा पानी-मेरी विरासत, धान के बीज से सीधी बिजाई व भावांतर भरपाई योजना आदि में लाभ सीधा किसानों के खाते में भेजना संभव हो पाया है। राज्य में गत वर्ष विशेषज्ञों के मार्गदर्शन से प्राकृतिक खेती पर एक नई योजना की शुरूआत की गई। यह एक छोटी सी लेकिन उल्लेखनीय शुरूआत है। वर्ष 2023-24 में प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए 20 हजार एकड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# 14 मार्च को फतेहाबाद बंद के विरोध में उतरे पार्षद

**फतेहाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
शहर में चोरी व छीना झपटी की बढ़ती घटनाओं के विरोध में विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा 14 मार्च को दोपहर 12 बजे तक बाजार बंद करने की घोषणा के बाद अब शहरवासी भी दो धड़ों में बंटे नजर आ रहे हैं। कुछ सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि जहां फतेहाबाद बंद को सफल बनाने की तैयारियों में जुट गए हैं वहीं कुछ पार्षद बाजार बंद को समस्या का समाधान नहीं मान रहे। ऐसे कई पार्षद शनिवार को पुलिस चौकियों में पहुंचे और उन्होंने पुलिस का साथ देने का आश्वासन दिया। पार्षदों ने लोगों से भी इस बंद में भाग न लेने को कहकर, साथ ही लोगों को पुलिस प्रशासन का सहयोग देने को कहा। दूसरी ओर जिंदगी संस्था अध्यक्ष हरदीप सिंह ने पार्षदों के इस व्यवहार पर हैरानी जताते हुए कहा कि शहर को अपराधमुक्त चाहने वाले लोग ही 14 मार्च के फतेहाबाद बंद का

> 8 ऐसे कई पार्षद शनिवार को पुलिस चौकियों में पहुंचे और उन्होंने पुलिस का साथ देने का आश्वासन दिया

समर्थन करेंगे। पार्षद सुरेंद्र डीगवाल, निर्मल सिवाच, पार्षद प्रतिनिधि सुनील शर्मा, मनोज नारंग बस स्टैंड चौकी पहुंचे तो वहीं पंछी राम नायक, चंद्रभान वधवा, सुभाष नायक, ज्योति मेहता हुडा चौकी पहुंचे। इन पार्षदों ने कहा कि अपराध को रोकने के लिए शहर बंद करना कोई सॉल्यूशन नहीं है। पुलिस के सहयोग से ही मुद्दे हल होंगे। जनता खुद जागरूक हो, अपनी जिम्मेदारी को समझे और पुलिस को सहयोग करे।

**बस स्टैंड चौकी का एरिया बढ़ा:** शहर थाना प्रभारी राजपाल सिंह ने बताया कि शहर थाना अब शहर से बाहर शिफ्ट हो गया और पुराने थाने में बस स्टैंड चौकी शिफ्ट कर एरिया को बढ़ा दिया गया है व वहीं चार और जांच अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं।

पुराने थाने में बनी बस स्टैंड चौकी के अंतर्गत अब धर्मशाला रोड, संन्यास आश्रम रोड, तुलसी दास चौक, पुरानी तहसील चौक एरिया, लाजपत नगर, शिव चौक, पीएनबी के आसपास एरिया, डीएसपी रोड, मोबाइल मार्केट, सिरसा रोड, भट्टू रोड पर मंडी साइड का इलाका और अग्रवाल कॉलोनी का एरिया भी आएगा।

शहर को अपराधमुक्त चाहने वाले ही करेंगे 14 के फतेहाबाद बंद का समर्थन : जिंदगी संस्था के अध्यक्ष हरदीप सिंह ने कहा कि इससे दुर्भाग्यपूर्ण कुछ नहीं हो सकता कि जिन क्षेत्रों में बीते एक माह में चोरी, तलवारबाजी, लूटपाट जैसी घटनाएं सबसे ज्यादा हुई, उन्हीं क्षेत्रों के पार्षद कह रहे हैं, उनके वार्ड अपराधमुक्त हैं।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 18 मार्च को

**फरीदाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
**भारतीय** जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 18 मार्च को फरीदाबाद के जिला कार्यालय अटल कमल में होगी।

शनिवार को यह जानकारी देते हुए पूर्व मंत्री एवं ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कर्णदेव कंबोज ने बताया कि बैठक में ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य राज्यसभा सांसद डॉ. के. लक्ष्मण मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। जिला भाजपा कार्यालय अटल कमल में ओबीसी मोर्चा के जिला व प्रदेश

> 8 ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संसदीय बोर्ड के सदस्य राज्यसभा सांसद डॉ. के. लक्ष्मण मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे

पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कर्णदेव कंबोज ने कहा कि प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, संसदीय बोर्ड सदस्य सुधा यादव, संगठन महामंत्री रविंद्र राजू, ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सांसद नायब सैनी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं हरियाणा प्रभारी गजेंद्र यादव का भी मार्गदर्शन मिलेगा।

## गुरुग्राम में साढ़े 4 करोड़ का प्लॉट 600 रुपए में

### ई-ऑक्शन में खरीदा 500 गज का प्लाट, 6 बार किया 100-100 रुपए पेमेंट



**रेवाड़ी/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** के गुरुग्राम में सरकार की ओर से कराई जाने वाले ई-ऑक्शन में एक शख्स ने 600 रुपए पेमेंट करके 4 करोड़ 40 लाख रुपए का रेजिडेंशियल प्लॉट खरीद लिया। यह ई-ऑक्शन हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की ओर से कराया गया था। ऑडिट के दौरान मामला पकड़ में आते ही HSVP अधिकारियों ने प्लॉट का अलॉटमेंट कैंसिल कर दिया। ई-ऑक्शन में प्लॉट लेने वाले शख्स ने 6 बार में 100-100 रुपए पेमेंट किया। इसके बाद पेमेंट का हिसाब रखने वाले प्लॉट एंड प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सिस्टम ने दिखाया कि 4.40 करोड़ रुपए का पूरा पेमेंट हो गया है। HSVP ने साल 2021-22 में ई-ऑक्शन के जरिए गुरुग्राम में 500 वर्ग गज का प्लॉट बेचा। गुरुग्राम के ही पालम विहार में रहने वाले एक व्यक्ति ने सेक्टर 23ए के प्लॉट नंबर 3760 के लिए ई-नीलामी में भाग लिया। इस प्लॉट की बोली 4 करोड़ 89 लाख रुपए तक गई। इसके बाद जिसे यह प्लाट

> 8 पेमेंट का हिसाब रखने वाले प्लॉट एंड प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सिस्टम ने दिखाया कि 4.40 करोड़ रुपए का पूरा पेमेंट हो गया है

अलॉट हुआ उसने HSVP में जुलाई से लेकर सितंबर महीने के बीच पेमेंट जमा किया। उसने यह पेमेंट 6 बार में ऑनलाइन किया। हर बार 100-100 रुपए जमा करवाए। इसके बाद पेमेंट का हिसाब रखने वाले प्लॉट एंड प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सिस्टम ने दिखाया कि 4 करोड़ 40 लाख रुपए जमा हो गए हैं।

## मुख्यमंत्री जिद छोड़ें, सरपंचों को उनका अधिकार दें: अशोक अरोड़ा

**यमुनानगर/टीम एक्शन इंडिया**
2024 के चुनावों से पहले कांग्रेस विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम करने जा रही है। इसी को लेकर शनिवार को यमुनानगर के प्रभारी और कांग्रेस वरिष्ठ नेता अशोक अरोड़ा कार्यकताओं के साथ बैठक करने यमुनानगर पहुंचे। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि आने वाली 2 अप्रैल के यमुनानगर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम विपक्ष आपके समक्ष को सफल बनाना है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम अब तक का सबसे बड़ा कार्यक्रम और सबसे बड़ी रैली होगी। प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार आज हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ,चिकित्सा, रोजगार, सड़कें सभी में हालत बदतर हो रही है। प्रदेश में नशा बढ़ रहा है और सुरक्षा नाम की कोई चीज नहीं है। उन्होंने कहा कि जल्दी प्रदेश में खंड और जिला स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिये नियुक्तियां की जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस बार संगठन ने तय किया है कि जो भी जीतने वाले उम्मीदवार होंगे उन्हें ही चुनाव मैदान में उतारा जाएगा।

# सड़क हादसों में दो लोगों की मौत

**फतेहाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
**जिले** के रतिया और टोहाना क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना में रतिया के फतेहाबाद रोड पर एक तेजगति कार ने पीछे से बाइक में टक्कर दे मारी। इस हादसे में घायल बाइक सवार व्यक्ति ने अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस को दी शिकायत में गांव हड़ौली निवासी पुनीत कुमार उर्फ गोल्डी ने कहा है कि गत दिवस वह अपने पिता रामकुमार के साथ अपनी-अपनी बाइक पर सवार होकर गांव

> 8 पहली घटना में रतिया के फतेहाबाद रोड पर एक तेजगति कार ने पीछे से बाइक में टक्कर दे मारी

हमजापुर से रतिया जा रहे थे। रात करीब साढ़े 8 बजे जैसे ही वे रतिया के फतेहाबाद रोड पर हैफेड गोदाम के पास पहुंचे तो पीछे से आ रही एक कार के चालक ने कार को लापरवाही व तेजगति से चलाते हुए उसके पिता रामकुमार की बाइक में पीछे से टक्कर दे मारी। टक्कर के बाद वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत रतिया के सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे हादसे में टोहाना के गांव ललौदा में रात को खाना खाकर सैर के लिए निकले ललौदा निवासी एक व्यक्ति की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई।

## यमुनानगर में झाड़ियों में मिला नवजात बच्चा

**यमुनानगर/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** के यमुनानगर में प्रताप नगर की झाड़ियों में लावारिस हालत में नवजात बच्चा पड़ा हुआ मिला। आसपास के लोगों ने बच्चे को देखकर पुलिस को सूचना दी। लोगों ने बच्चे को चम्मच की मदद से दूध पिलाया। बाद में घटना की सूचना पाकर चाइल्ड लाइन की डायरेक्टर डॉ. अंजू वाजपेयी भी पहुंच गई। उन्होंने बताया कि देखने में ऐसा लग रहा है कि बच्चे का जन्म कुछ घंटों पहले ही हुआ है। वह बिल्कुल स्वस्थ है।

# भैयाजी जोशी ने समालखा में किया ऐतिहासिक प्रदर्शनी का शुभारम्भ



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा के** पानीपत जिले के समालखा के पट्टीकल्याणा स्थित सेवा साधना एवं ग्राम विकास केंद्र परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक रविवार से शुरू हो रही है। बैठक परिसर में शनिवार को संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश जोशी उपाख्य भैयाजी जोशी ने ऐतिहासिक एवं धार्मिक प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। भैयाजी जोशी ने कहा कि यह प्रदर्शनी ऐतिहासिक दस्तावेज समेटे हुए है, जो आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरक है। ऐसी प्रदर्शनियां हमारी आने वाली युवा पीढ़ी को अपने ऐतिहासिक, धार्मिक स्थलों एवं इतिहास के बारे में जानकारी देकर जीवन निर्माण में सहायक सिद्ध होती हैं। इस दौरान संघ के उत्तर क्षेत्र संघचालक सीताराम व्यास, हरियाणा प्रांत संघचालक पवन जिंदल भी उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में हरियाणा के इतिहास का वर्णन कर रहे शिलालेखों के बारे में दशार्या गया है। इसमें अशोक, शुंगकालीन से लेकर प्रथम विश्वयुद्ध तक के शिलालेख हैं। वहीं नाथ सम्प्रदाय, दादू पंथी सहित अन्य सम्प्रदायों के भी शिलालेख हैं। प्राचीन धर्मशालाओं, शिक्षा संस्थानों, चिकित्सालयों, मंदिरों, तालाबों, कुओं के बारे में ज्ञानवर्धक जानकारी दी गई है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में हरियाणा के योगदान एवं हरियाणा के स्वतंत्रता

> 8 भैयाजी जोशी ने कहा कि यह प्रदर्शनी ऐतिहासिक दस्तावेज समेटे हुए है, जो आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरक है

सेनानियों, सरस्वती शोध संस्थान द्वारा सरस्वती नदी के विकास की यात्रा, हरियाणा की संस्कृति, खान-पान, वेशभूषा, तीज-त्यौहार, उत्सव, हरियाणा के धार्मिक, ऐतिहासिक, पर्यटन स्थल, ऐतिहासिक गुरुद्वारे एवं हरियाणा की भौगोलिक जानकारी भी प्रदर्शित की गई है। हरियाणा के विख्यात व्यक्तित्व, उद्योगपति, कलाकार, खिलाड़ी, सेना के वरिष्ठ अधिकारियों, ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे सेवा एवं समाज कार्यों को भी प्रदर्शित किया गया है।






# सुक्खू सरकार लोकप्रिय सरकार नहीं लॉक प्रिय सरकार है: जय राम ठाकुर

**बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में पूरे देश में विकास कार्य आगे बढ़ रहे है। वहीं दूसरी ओर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडडा के नेतृत्व में सभी राज्यों में भाजपा जीत रही है। हिमाचल में अगर उनके यहां पर कुछ हुआ तो भाजपा भी चुप नहीं बैठेगी। भाजपा को भी सरकार बनाने के लिए पांच वर्ष का इंतजार नहीं करना पडेगा।
भाजपा इससे पहले हिमाचल में सरकार बना लेगी। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने वर्तमान सुक्खू सरकार को लोकप्रिय सरकार नहीं लाक सरकार अर्थात ताला लगाने वाली सरकार कहा। वह




बिलासपुर शहर के मेन मार्केट में भाजपा की जन आक्रोश रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हिमाचल की सुक्खू सरकार द्वारा राज्य के करीब सात सौ अधिक संस्थानों को बंद करना प्रदेश की जनता का दुर्भाग्य है। भाजपा इस लड़ाई को लड ? के लिए आम जनता के बीच जाएंगे। इसके अलावा विधानसभा सत्र में भी जोर शोर से इस मामले को उठाया जाएगा उच्च न्यायालय का भी भाजपा जनता को न्याय दिलाने के प्रति खटखटाया जाएगा दरवाजा अगर आवश्यकता पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट भी जाएंगे। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू को अपनी पार्टी के अध्यक्षों की बात मान लेनी चाहिए । पहले कांग्रेस की वर्तमान पार्टी अध्यक्ष व पूर्व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप राठौर ने भी आर्थिक बदहाली का रोना न रोने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने सभी संस्थानों के लिए कैबिनेट की अधिसूचना व बजट मंजूरी के साथ खोला था। लेकिन प्रदेश कांग्रेस सरकार ने डिनोटिफाइड कर दिया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर ने भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ सभा स्थल से लेकर गुरद्वारा चैक तक रैली में भी भाग लिया। इस रैली को विधायक त्रिलोक जम्वाल, विधायक जेआर कटवाल, विधायक रणधीर शर्मा व पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने भी संबोधित किया।

# 14 मार्च को बाबा की साधना स्थली दियोटसिद्ध में आरंभ हो रहे हैं, चैत्र माह में धार्मिक मेले

**हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव एवं पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस राजेंद्र जार ने आज जारी एक प्रेस विज्ञप्ति ने कहा है कि हमीरपुर जिला में स्थित विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ बाबा बालक नाथ से संबंधित प्रति वर्ष चैत्र माह में पूरे एक महीने तक आयोजित किए जाने वाले धार्मिक मेले अगले 2 दिनो के बाद 14 मार्च को बाबा की साधना स्थली दियोटसिद्ध में आरंभ हो रहे हैं। इन मेलों का आयोजन स्थानीय प्रशासन के साथ-साथ मुख्य तौर पर बाबा बालक नाथ मंदिर ट्रस्ट भी करता है। मलों की शुरूआत से पहले प्रशासन द्वारा इनके सुचारू प्रबंधन के बारे में बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, इसके ठीक विपरीत इन मेलों के दौरान बहुत सी असुविधाओं से श्रद्धालुओं को दो चार होना पडता है। भक्तों को मेलों के दौरान शौचालयों की कमी व गंदगी का सामना करना पड़ता है।बाहरी राज्यों



से आए श्रद्धालुओं को रहने व लंगर की सुचारू व्यवस्था उपलब्ध ना होने के कारण मुश्किलों का सामना करना पडता है। दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं को प्रशासन की लचर कार्य प्रणाली का शिकार होना पडता है। जिला प्रशासन सहित बाबा बालक नाथ ट्रस्ट को मेलों के दौरान श्रद्धालुओं को पेश आने वाली दिक्कतों के निवारण का प्रयास करने चाहिए। प्रशासन इन कठिनाइयों को दूर करने के लिए कुछ कारगर कदम अवश्य उठाता है परंतु इतनी भीड़ को आशा के अनुरूप सुविधाएं नहीं मिल पाती हैं। सबसे बड़ी समस्या तो वाहनों के लिए ट्रैफिक कंट्रोल की है जिसके लिए हर वर्ष पुलिस प्रशासन फंसा हुआ नजर आता है। इस बार शायद पिछले अनुभव से पुलिस प्रशासन ने कुछ सीखा होगा।
स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस तंत्र से अनुरोध है कि इन्हें आने वाले मेलों में इन कमियों को दूर करने के लिए अपना कार्यक्षमता दिखाएं ।
राजेंद्र जारने सुखू सरकार से भी अनुरोध किया है कि ही बाबा बालक नाथ मंदिर ट्रस्ट बोर्ड का शीघ्र गठन करें, ताकि इस इकाई के माध्यम से ट्रस्ट की प्रशासनिक क्षमता को बढ़ाया जा सके। जार ने सीएम से यह भी आग्रह किया है कि प्रस्तावित शाहतलाई दियोटसिद्ध लाइव केबल कार योजना को शीघ्र अमलीजाम पहनाया जाए।

## न्यूज फ्लैश

### गरीब व इच्छुक लोगों को मुफ्त कानूनी परामर्श उपलब्ध करवाएगा दिन दुखिया सहायक ट्रस्ट

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**
दीन दुखिया सहायक ट्रस्ट मंडी गरीब व इच्छुक लोगों को निशुल्क कानूनी परामर्श उपलब्ध करवाएगा। ट्रस्ट के प्रबंधक सरदार गुरबख्श ने बताया कि समाज के कमजोर,असहाय व अक्षम लोगो की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहता है। हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड के ख्याति प्राप्त इंजीनियर वाईएन मल्होत्रा जी लक्कड़ साहब के नाम से ख्यात ने वर्ष 1969 में
दिन दुखिया सहायक ट्रस्ट की स्थापना की थी जिसमें उन्होंने मंडी के सभी प्रबुद्ध जनों को इस ट्रस्ट में जोड़ा और सामाजिक कार्यों में अपनी सेवाओं से विशिष्ट पहचान बनाई है। इस ट्रस्ट की अगली योजना गरीब और इच्छुक लोगों को मुफ्त कानूनी परामर्श देने को लेकर है।जिसमें कई सेवानिवृत्त जज के अलावा एडवोकेट्स स्वेच्छा से अपना समय निकाल कर प्रतिदिन सोमवार से शनिवार ट्रस्ट के कार्यालय में बैठकर प्रातः11 बजे से 1 दिन के बीच में उपलब्ध रहेंगे।कोई भी व्यक्ति अपनी कानूनी समस्या को लेकर यहां आकर के आवश्यक कानूनी परामर्श ले सकता है। इस ट्रस्ट का कार्यालय हिमाचल प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक के साथ गांधी भवन बिल्डिंग के धरातल तल पर है और इसके प्रबंधक सरदार गुरबख्श सिंह कार्यालय अवधि में यहां उपलब्ध रहते हैं जिनसे उनके मोबाइल नंबर 85808-58566पर भी संपर्क किया जा सकता है। स्कूलों में अगला शैक्षणिक सत्र अप्रैल में प्रारंभ होने जा रहा है अब ट्रस्ट की योजना सरकारी स्कूल में अध्ययनरत गरीब व आर्थिक रूप से पिछड़े बच्चों के लिए बनाई गई है। और शीघ्र ही नगर के प्रत्येक सरकारी स्कूल में ट्रस्ट के सदस्य जा कर वहां गरीब बच्चों की पहचान कर पढ़ाई में उनकी मूलभूत समस्याओं को देखते हुए आवश्यक सुविधाएं इन गरीब बच्चों को उपलब्ध कराएंगे ताकि वर्ष भर बिना किसी व्यवधान के वह अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें।

### बल्ह की जमीन एयरपोर्ट के लिए उपयुक्त नहीं :जोगिंदर वालिया

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**
बल्ह बचाओ किसान संघर्ष समिति ने शनिवार को पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि हाल ही में सामाजिक मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर यह बात स्पष्ट हो गई कि समिति पिछले 5 बर्षो से पूर्व जयराम सरकार को बार-बार आग्रह करने के बाबजूद की वह अपने ड्रीम एयरपोर्ट को गैर उपजाऊ जमीन पर बनाए। अब रिपोर्ट के अनुसार हवाई परियोजना के लिए हिमाचल प्रदेश के मंडी/हमीरपुर के बीच वैकल्पिक भूमि जाहू को उपयुक्त माना गया है जो की तीन जिलो मंडी ,बिलासपुर और हमीरपुर को जोड़ता है।वहां पर ज्यादातर भूमि बंजर और कम उपजाऊ है जिसमें 80 प्रतिशत भूमि सरकारी व 20 प्रतिशत भूमि निजी है। बल्ह की तुलना में भूमि अधिग्रहण से बहुत कम लोगो का बिस्थापन होगा, इसलिए एसआर एशिया टीम ने सुझाव दिया है कि जाहू में तकनिकी सर्वे के आधार पर प्रस्ताबित हवाई अड्डे को वैकल्पिक स्थान जाहू में बनाया जाये। बल्ह बचाओ किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष, जोगिन्दर वालिया ने कहा कि एयरपोर्ट अथॉरिटी ने प्रस्तावित एयरपोर्ट की रिपोर्ट को आधा अधुरा बता कर उसे 31 मार्च 2023 तक दुरुस्त करने को कहा है, समिति का कहना है कि जब अभी तक डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट आधी अधूरी थी तो सामाजिक मूल्यांकन का कोई औचित्य नहीं है और आम जनता का मजाक बनाया जा रहा है। वालियष ने कहा कि हाल ही में सरकार ने धर्मशाला के प्रस्ताबित एयरपोर्ट के 15 किलोमीटर के दायरे में अब कोई नया निर्माण बिना एअरपोर्ट ऑथोरिटी की मंजूरी से नहीं किया जा सकता । इसका मतलब साफ है की बल्ह के दायरे में भी मंडी ब सुंदरनगर तक आम लोगो को भवन निर्माण में मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। बल्ह बचाओ किसान संघर्ष समिति मुख्यमंत्री सुखविंदर ठाकु से आग्रह किया हैं कि हवाई अड्डे को गैर उपजाऊ जमीन पर बनाया जाया जाया और बल्ह की उपजाऊ जमीन को हर हालत में बचाया जा सके। बाईट-जोगिंद्र वालिया,अध्यक्ष बल्ह बचाओ किसान संघर्ष समिति।

# आपसी विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट, केस दर्ज

**ऊना/राजन पुरी**
थाना बंगाणा के तहत पड़ते गांव धंरू में आपसी विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट को लेकर क्रॉस केस दर्ज हुआ है। मारपीट में तीन लोगों को चोटें आई है जिनका उपचार स्थानीय अस्पताल में करवाया गया। वहीं घटना के संबंध में शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने क्रॉस केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।
पुलिस को दी शिकायत में पहले पक्ष से राम कुमार निवासी गांव धंरू ने आरोप लगाया है। शुक्रवार को अपनी पत्नी के साथ घर पर मौजूद था। तभी राजेश कुमार और उसकी पत्नी मीना कुमारी ने उसके घर पर आकर गाली-गलौच व मारपीट करनी शुरू कर दी। इतना ही नहीं दोनों ने मेरी पत्नी से अशखेल हरकतें भी की। मारपीट के दौरान मेरी पत्नी सरोज शर्मा की कानों की बालियां भी खोल कर ले गए।
मारपीट में दोनों को चोटें आई है। वहीं दूसरे पक्ष से मीना कुमारी पत्नी राजेश कुमार ने आरोप लगाया है कि शुक्रवार को राम कुमार व सरोज कुमारी ने इसके घर पर आकर गाली-गलौच व मारपीट करनी शुरू कर दी। मारपीट के दौरान मीना कुमार का सोने का लॉकेट व चांदी की चेन भी खोल कर ले गए।

# हजारों श्रद्धालुओं ने किए मां चिंतपूर्णी की पावन पिंडी के दर्शन

**ऊना/राजन पुरी**
उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां चिंतपूर्णी के दरबार में शनिवार को बाहरी राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं का तांता लग गया। बतां दे कि शनिवार को शाम तक 10 हजार श्रद्धालु ही मां चिंतपूर्णी के दरबार में शाम तक मां चिंतपूर्णी का दीदार कर पाएंगे।
ऐसे में मंदिर क्षेत्र के पास खूब रौनक रही। सुबह से ही भक्तों की आवाजाही माता रानी के दर्शनों के लिए लगी रही। मंदिर में बाहरी राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां के दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान कई श्रद्धालुओं ने मां की महिमा का गुणगान ढोल नगाड़ो से करते हुए मां दर्शनों



की पहुंचे। भक्तों की संख्या को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने पहले से पुख्ता इंतजार किए थे, ताकि कोई अव्यवस्था न बनें। मंदिर अधिकारी बलवंत पटियाल व उनकी टीम द्वारा प्रशासन व्यवस्था पर पूरी चौकसी नजर बनाए है ताकि किसी भी श्रद्धालु को कोई दिक्कत ना आए। उन्होंने बताया कि हजारों श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में हाजिरी लगाते हुए मां के दर्शन किए है। वहीं भक्तों की सुविधा के लिए हर तरह के इंतजार किए गए हैं।

# उद्योग मंत्री ने श्याम लाल पुंडीर द्वारा संपादित देश की आवाज पुस्तक का किया विमोचन

**नाहन/एसपी जैरथ**
हिमाचल के उद्योग, संसदीय कार्य एवं आयुष मंत्री हर्षवधर्न चौहान ने भरली कॉलेज के वार्षिक समारोह में श्याम लाल पुंडीर द्वारा संपादित देश की आवाज शीर्षक से प्रकाशित पुस्तक का विमोचन किया।
उद्योग मंत्री ने लेखक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस पुस्तक के माध्यम से पाठकों को हिमाचल के ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों की अच्छी और महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल



होंगी। इस पुस्तक के संपादक श्याम लाल पुंडीर सिरमौर जिला के पांवटा के रहने वाले हैं। इस पुस्तक में उन्होंने देव भूमि हिमाचल के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों के इतिहास का जिक्र किया है। विमोचन के उपरांत पुस्तक समारोह में भी वितरित की गई।

# समसामयिकी विषयों पर सेमिनार में छात्राओं ने रखे विचार

**ऊना/राजन पुरी**
राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा शनिवार समसामयिकी विषयों पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने की। इस दौरान सेमिनार के विषय नई शिक्षा नीति, एससी/एसटी अधिनियम व सिडिशन लॉ इन इंडिया पर चचा की गई। इस अवसर पर फाइनल ईयर की छात्रा अंशिता शर्मा ने नई शिक्षा नीति 2020, करुणा शर्मा ने सिडिशन लॉ इन इंडिया व खुशी धीमान ने युद्ध अपराध पर अपने विचार सांझा किए।

# वर्तमान की अनजानी सरकार को जनता की कोई फिक्र नहीः धूमल

**ऊना/राजन पुरी**
भारतीय जनता पार्टी की जन आक्रोश रैली का आयोजन शनिवार को जिला मुख्यालय के एमसी पार्क के बाहर किया गया। प्रदेश सरकार के खिलाफ की गई। इस रैली में पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की और जमकर प्रदेश सरकार के खिलाफ गरजे। इस मौके पर प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए धूमल ने कहा कि महज 3 महीने के कार्यकाल में जनता सरकार के खिलाफ सडकों पर उतर आई है, तो समझा जा सकता है कि मौजूदा सरकार का कार्यकाल किस तरह का है।
धूमल ने कहा कि जब भी नई सरकार बनती है तो जनता को उम्मीद रहती है कि नई सरकार जनता को कुछ नया देगी, लेकिन यह अजीबोगरीब सरकार है जिसने आते ही पूर्व सरकार के जनता को दिए गए संस्थान और तोहफे वापस लेने का काम किया है। उन्होंने कहा कि साल 2022 में पूर्व भाजपा सरकार द्वारा खोले सभी संस्थानों को डिनोटिफाई किया गया है, धूमल ने सवाल किया कि क्या वर्तमान सरकार जनता द्वारा चुनी गई किसी सरकार के आखरी साल को बिल्कुल भी मान्यता नहीं देती है। प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि पूर्व सरकार के समय जितने भी संस्थान खोले गए वह केवल मात्र बीजेपी के लिए नहीं खोले थे वह जनता की सुविधाओं के लिए खोले गए थे, लेकिन वर्तमान सरकार ऐसी अनजानी सरकार है जिसे प्रदेश की जनता की कोई फिक्र ही नहीं है। धूमल ने कांग्रेस द्वारा दी गई गारंटी को लेकर कांग्रेस को जमकर घेरा, उन्होंने कहा कि 5 लाख रोजगार देने की बात करने वाली कांग्रेस बताए कि पहली कैबिनेट में कितने लोगों को रोजगार दिया गया, पहली ही कैबिनेट में महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह देने का ऐलान किया गया था, कांग्रेस बताए कि कितनी महिलाओं को यह राशि दी गई।
पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के लोगों ने चुनाव के समय महिलाओं के खाते में 1500 रुपए डालकर उन्हें गुमराह करने का प्रयास किया, केवल मात्र अपना प्रचार तंत्र मजबूत किया लेकिन चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस अपने वायदे और गारंटी पूरी तरह भूल चुकी है। तुमने कांग्रेस द्वारा दो रुपए किलो गोबर और 100 रुपये किलो दूध खरीदने के वायदे पर भी जमकर प्रहार किया। धूमल ने कहा कि भाजपा नेतृत्व में कांग्रेस द्वारा डिनोटिफाई किए गए संस्थानों के खिलाफ आंदोलन शुरू किया है वह सभी कार्यकर्ता मिलजुल कर इस आंदोलन के भागीदार बने और सरकार को उसकी गलत नीतियों के प्रति सचेत करें।

# अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अब 20 मार्च तक

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**
अग्निवीर भर्ती रैली के लिए ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन 20 मार्च तक स्वीकार किए जाएंगे। यह जानकारी सेना भर्ती कार्यालय मंडी के भर्ती निदेशक एएस नाथ ने दी।उन्होंने बताया कि भर्ती प्रक्रिया में एक बड़ा बदलाव किया गया है।
अब पहले चरण में ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी व दूसरे चरण में ऑनलाइन परीक्षा में मेरिट में चयनित अभ्यर्थियों को भर्ती रैली में शामिल होने के लिए बुलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन उम्मीदवारों का जन्म 01 अक्टूबर 2002 और 01 अप्रैल 2006 के बीच हुआ है, वे भर्ती के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए सभी उम्मीदवारों को वेबसाइट पर आवेदन करना होगा।उम्मीदवारों की सुविधा के लिए वेबसाइट में वीडियो लिंक हैं जिन्हें उम्मीदवार बदली हुई प्रक्रिया, पंजीकरण कैसे करें और ऑनलाइन परीक्षा में कैसे उपस्थित हों, समझने के लिए देख सकते हैं। वेबसाइट पर ऑनलाइन प्रैक्टिस टेस्ट की सुविधा भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन परीक्षा के लिए शुल्क के रूप में उम्मीदवारों को 250 रुपये का ऑनलाइन भुगतान करना होगा। उन्होंने कहा कि पंजीकरण के लिए साइबर कैफे की सेवाओं का उपयोग करने वाले उम्मीदवार अपने व्यक्तिगत और वित्तीय डेटा की सुरक्षा के लिए आवश्यक सावधानी बरतें। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार आवेदन करते समय अपनी पसंद का केंद्र चुन सकते हैं। उन्हें केंद्र आवंटित करते समय उम्मीदवार की पसंद को पूरा करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे, हालांकि सभी को अपनी पसंद के केंद्र नहीं मिल सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार एनसीसी सी सर्टिफिकेट धारकों को भी ऑनलाइन परीक्षा देनी होगी और उन्हें परीक्षा में बोनस अंक दिए जाएंगे। उम्मीदवारों को उन्होंने सलाह देते हुए कहा कि वह आवेदन करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें की उनका आधार डाटा उनके मैट्रिक प्रमाण पत्र के डाटा के साथ मेल खाता हो, जिसके बिना उन्हें पंजीकरण प्रक्रिया में समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। अग्निवीर जनरल ड्यूटी, क्लर्क/स्टोरकीपर टेक्निकल, ट्रेड्समैन और टेक्निकल के लिए ऑनलाइन परीक्षा 27 अप्रैल से 04 मई 2023 के बीच विभिन्न केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

# सब्जी मंडी में अहमदाबाद के टमाटर की धूम, प्रति क्रेट 600 रूपए तक बिका

**सोलन/मनीष**
शनिवार को सब्जी मंडी सोलन में अहमदाबाद के टमाटर की धूम देखने को मिली है कारण यह है कि सब्जी मंडी सोलन में टमाटर खत्म हो चुका था ऐसे में सभी दुकानदारों को टमाटर का इंतजार था, अहमदाबाद से टमाटर लेकर सब्जी मंडी में पहुंचा ट्रक हाथों-हाथ बिक गया जिसके प्रति क्रेट 550 रूपए सौ से 600 रूपए के दाम मिले हैं वहीं दूसरी तरफ शिमला मिर्च के दामों में भी तेजी आई है शिमला मिर्च जो पिछले सप्ताह से 30 से 40 रूपए प्रति किलो थी आज वहीं 58 से 60 रूपए किलो बिकी है। सब्जी मंडी में शनिवार को पहाड़ी गोभी के किसान खुश नजर आए हैं क्योंकि



आज गोभी के दाम 12 से 18 रूपए प्रति किलो किसानों को मिले है वहीं दूसरी तरफ आज ब्रोकली भी 10 रूपए12 से ऊपर उठकर 18 रूपए किलो तक बिकी है। सब्जी मंडी सोलन के आढ़ती हेमंत साहनी न बताया कि आज किसानों को उनके सब्जियों के दाम बेहतर मिले हैं और आने वाले समय में भी यह दाम बढ़ सकते हैं उन्होंने कहा कि आज टमाटर सब्जी मंडी सोलन में खत्म था ऐसे में अहमदाबाद से आया ट्रक हाथों-हाथ बिक गया और प्रति क्रेट 550 रूपए 600 रूपए तक टमाटर आज बिका है। वहीं दूसरी तरफ शिमला मिर्च के दामों में भी आज तेजी आई है शिमला मिर्च जो एक सप्ताह पहले 30 से 40 रूपए किलो बिक रही थी वही आज 60 रूपए किलो तक बिकी है। वहीं आज पहाड़ी गोभी के दाम किसानों को बेहतर मिले हैं जो कि 18 रूपए किलो बिकी है, बाहरी राज्यों से आने वाली गोभी इन दिनों सब्जी मंडी सोलन में नहीं पहुंच रही है और ऐसे में जो गोभी सब्जी मंडी सोलन में सोलन के आसपास के क्षेत्र में आ रहे हैं वह बेहतर क्वालिटी की है जिसे दाम भी बढ़िया मिलने लगे हैं वहीं दूसरी तरफ आज ब्रोकली के दाम भी किसानों को प्रति किलो 18 रूपए मिले हैं ऐसे में कहा जा सकता है कि आज किसानों का दिन था और उन्हें बेहतर दाम उनकी सब्जियों के मिले हैं। सब्जी मंडी सोलन में आढ़तियों का मानना है कि आने वाले दिनों में किसानों सब्जियों के दाम और.बेहतर किसानों को मिल सकते हैं।
बता दें कि शनिवार को सब्जी मंडी सोलन में टमाटर प्रति क्रेट 550 से 600 रूपए, शिमला मिर्च 58 से 60 रूपए प्रति किलो, पहाड़ी गोभी 12 से रूपए18 प्रति किलो, ब्रोकली रूपए18 किलो, नासिक का प्याज रूपए16 किलो, इंदौर का प्याज रूपए10 किलो, मशरूम रूपए130 किलो, बैंगन रूपए28 किलो, करेला रूपए80 किलो, भिंडी 65 किलो, बंद गोभी 4 किलो, फ्रासबिन रूपए50 किलो, गाजर रूपए20 किलो, लहसुन रूपए 80 किलो, आलू रूपए 6.50 किलो के हिसाब से सोलन में आज बिका हैं।

# भटोली बेरियर के समीप बाईक सवार से एक युवक से चिट्टा बरामद

**ऊना/राजन पुरी**
थाना मैहतपुर के तहत भटोली टोल बेरियर के समीप पुलिस ने एक युवक को 7.48 ग्राम चिट्टे संग काबू किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान पुनीत शर्मा निवासी भटोली के रूप में हुई है। जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर शाम को मैहतपुर पुलिस की टीम भटोली क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस की टीम ने भटोली टोल



बेरियर के समीप एक बाईक सवार युवक पुनीत शर्मा को तलाशी के लिए रोका, जिसके पास से पुलिस ने 7.48 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रेप के मामले की आड़ में धमकाकर चार लाख लेते तीन काबू

## थाना शहर में करनाल के एक व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**पुलिस चौकी सेक्टर-4** इंचार्ज उप निरीक्षक जितेन्द्र सिंह व उनकी सहयोगी टीम द्वारा दो महिलाओं व एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जिन्होंने पहले तो थाना शहर में करनाल के एक व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया और फिर उसी मामले की आड़ में उस व्यक्ति को डरा-धमका कर उससे लाखों रुपए हड़पने की वारदात को अंजाम दिया। करनाल के रहने वाले जिस व्यक्ति के खिलाफ आरोपियों ने दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया था, उस व्यक्ति की पत्नी ने 10 मार्च को पुलिस चौकी सेक्टर-4 में एक शिकायत देते हुए बताया कि मंगल कलोनी करनाल की रहने वाली एक लडकी ने उसके पति के खिलाफ 7 मार्च को किसी साजिश के तहत थाना शहर में दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया था। दुष्कर्म का मामला दर्ज होने के बाद से ही वह लडकी, उसकी मां व उसका पिता मामले की आड़ में डरा धमका कर उससे 30 लाख रुपए की मांग करने लगे और रुपए नहीं देने पर जेल भिजवाने की धमकी देने लगे। इसके बाद पीडित पक्ष व आरोपियों के बीच में 18 लाख रुपए में सौदा हो गया। आरोपियों ने पिछले दो-तीन दिन में पीडित पक्ष से अलग-अलग समय पर 13.5 लाख रुपए ले लिए और बाकि 4.5 लाख रूप्ये भी जल्द देने की मांग करने लगे। ऐसा नहीं करने पर जेल भिजवाने की

> 8 लड़की, उसकी मां व उसका पिता मामले की आड में डरा धमका कर उससे 30 लाख रुपए की मांग करने लगे



धमकी देने लगे। इसके बाद पीडित पक्ष व आरोपियों में 4.5 लाख रुपए में से 4 लाख रुपए लेने के लिए 10 मार्च को शाम का समय निश्चित हो गया। इसके बाद इस संबंध में शिकायतकर्ता महिला के ब्यान पर थाना शहर में आरोपिया लडकी, उसकी मां व उसके पिता के खिलाफ नामजद भारतीय दंड संहिता की धारा-384, 389 व 120बी के तहत मामला दर्ज किया गया।

मामले में आरोपियों को रंगे हाथों पकडने के लिए पुलिस चौकी सेक्टर-4 इंचार्ज उप निरीक्षक जितेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में टीम गठित की गई। टीम में महिला एएसआई सुदेश, मुख्य सिपाही बलवान, संदीप व विकास शामिल थे। इस कार्यवाही को अंजाम तक पंहुचाने के लिए डयूटी मजिस्ट्रेट की भी नियुक्ति करवाई गई। आरोपिया लडकी की मां व उसके पिता ने रुपए लेकर पीडित पक्ष को अपने घर से थोडी दूरी पर बुला लिया और लेनदेन करने लगे। उसी समय डयूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस टीम द्वारा मौका पाकर दबिश देकर लडकी की मां व उसके पिता को चार लाख रुपए लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया व चार लाख रुपए की नगदी को अपने कब्जे में ले लिया।

आज सुबह के समय वांछित आरोपिया लडकी को भी गिरफ्तार कर लिया गया और आरोपिया के कब्जे से पूर्व में ली गई रकम में से 72 हजार की नगदी बरामद की गई। आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी थाना शहर में दर्ज दुष्कर्म के मामले की आड़ में पीडित पक्ष को ब्लैकमेल कर रहे थे और बार-बार रूपयों की मांग कर रहे थे। तीनों आरोपियों को आज न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जंहा से आरोपिया लडकी व उसकी मां को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और लडकी के पिता को दो दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है। दौराने रिमाण्ड आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी व पूर्व में ली गई बकाया रकम को भी बरामद किया जाएगा और मामले की गहनता से जांच की जाएगी।

इसके अलावा थाना शहर में दर्ज दुष्कर्म के मामले में भी गहनता से जांच जारी है।

## मोटर एक्सीडेंटल क्लेम ट्रिब्यूनल केसों के लिए लगी लोक अदालत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**अतिरिक्त** जिला एवं सत्र न्यायाधीश अक्षदीप महाजन द्वारा मोटर एक्सीडेंटल क्लेम ट्रिब्यूनल केसों के लिए लोक अदालत लगाई गई। इस लोक अदालत में 94 केस लिए गए, जिनमें से 29 का निपटारा कर लगभग 9 करोड़ का अमाउंट सेटलमेंट किया गया। मुख्य दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर ने बताया कि इस बार पूरे साल में 4 नेशनल लोक अदालत एवं 5 स्पेसिफिक सब्जेक्ट पर लोक अदालत लगाई जाएंगी। लोक अदालत को सफल बनाने के लिए उन्होंने आमजन से अनुरोध किया कि जिनके केस अदालतों में पेंडिंग पड़े हैं, वह आपसी सहमति से अपने केसों आगामी लोक अदालतों में ले जाकर उनका निपटारा कर्ज करवा सकते हैं, जिससे अदालत एवं लोगों का समय भी बचता है एवं भाईचारे की नींव रखी जाती है।



जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर ने भी लोगों से आग्रह किया कि लोक अदालत में अधिक से अधिक केसों का चयन कर अधिक से अधिक केसों को आपसी समझौता के द्वारा निपटाने का प्रयास करें, ताकि आने वाली नेशनल पदार्थ को सफल बनाया जा सके ओर न्यायालय में लंबित मामलों का निपटान शीघ्र अति शीघ्र हो सके। नेशनल लोक अदालत का आयोजन समय-समय पर नेशनल लीगल सर्विस अथॉरिटी के द्वारा किया जाता है, ताकि आमजन तक इसकी पहुंच को पहुंचाया जा सके और न्यायालय में पेंडिंग केसेस का निपटारा अधिक से अधिक मात्रा में हो सके।

## न्यूज फ्लैश

### योग हमारी प्राचीन परम्परा का अमूल्य उपहार : रेणु भाटिया

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**



**हरियाणा** महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने कहा कि योग हमारी प्राचीन परम्परा का अमूल्य उपहार है। योग मन और शरीर, विचार और कार्य, अवरोध और सिद्धि को साकार रूप प्रदान करता है, व्यक्ति और प्रकृति के बीच सामंजस्य बनाता है, इसमें केवल व्यायाम नहीं बल्कि प्रकृति और मनुष्य के बीच की कड़ी है। चेयरपर्सन रेणु भाटिया शनिवार को डॉ. गणेश दास डीएवी बीएड कॉलेज ऑफ वुमेन करनाल के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में खेलो इंडिया 10 कदम 'वुमेन लीग योगासनइ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थी। उन्होंने इस प्रतियोगिता की विधिवत रूप से शुरूआत करने की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान हरियाणा राज्य महिला आयोग की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट पर आधारित पुस्तक का भी विमोचन किया। इस पुस्तक में महिलाओं का सामाजिक, आर्थिक उत्थान, सुरक्षा के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य और शैक्षणि स्तर का सुधार करने के लिए चलाई गई योजनाओं की विस्तृत रिपोर्ट है। चेयरपर्सन ने कहा कि योग गुरु स्वामी रामदेव ने योग के क्षेत्र में पूरी दुनिया में क्रांति लाई है और यह क्रांति आधुनिक युग में जरूरी भी है क्योंकि योग से ही व्यक्ति स्वास्थ्य रहते है। उन्होंने कहा कि अस्वस्थ के कारण करोड़ों रुपये का बजट लोगों का बीमारियों पर खर्च हो रहा है, इससे बचने के लिए योग को अपनाएं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग के प्रति पूरी दुनिया में एक जागृति लाने का कार्य किया है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में खेलो इंडिया 10 कदम 'वुमेन लीग योगासनइ कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि योग से अधिक संख्या में महिलाओं को जुड़ ने का मौका मिलेगा। उन्होंने पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. सुषमा स्वराज को याद करते हुए कहा कि विश्व के अंदर विभिन्न देशों को जोड़ ने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने आह्वान किया कि एक महिला कम से कम दो महिलाओं को योग से जोड़ें। इस अवसर पर नेशनल योगासन स्पोर्टस फेडरेशन के महासचिव एवं हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य ने कहा कि केन्द्रीय खेल मंत्रालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पूरे देशभर के 100 शहरों में 10 खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए और महिलाओं की इन खेलों में भागीदारी बढ़ाने के लिए खेलो इंडिया 10 कदम 'वुमेन लीग योगासनइ का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत योगासन की उत्तर भारत की प्रतियोगिताएं करनाल व चंडीगढ़ में आयोजित करवाई जा रही हैं। करनाल जिला के तहत हरियाणा, पंजाब व जम्मू कश्मीर की महिला खिलाड़ि यों को शामिल किया जा रहा है। इसी प्रकार चंडीगढ़ में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड व चंडीगढ़ के खिलाड़ी शामिल हैं। इस खेल में पहली बार 30 हजार से अधिक खिलाड़ि यों की भागीदारी रहेगी। इसमें स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी स्तर के खिलाड़ी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेकर पदक हासिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ओलम्पिक खेलों को भारत में करवाने के लेकर भारत सरकार द्वारा प्रस्ताव दिया गया है कि वह वर्ष 2032 में ओलम्पिक खेलों की मेजबानी करने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि लगभग 125 वर्षों के बाद भारत में ओलम्पिक खेलों के आयोजन होने की संभावना बन रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मलखम्ब व योगासन को ओलम्पिक खेल में शामिल करवाने की प्राथमिक सूची में रखा गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा मात्र ऐसा प्रदेश है जहां योग को पहली से 10वीं कक्षा तक के पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। इसका श्रेय हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल को जाता है। हरियाणा खेलों की भूमि रहा है, इसलिए 100 शहरों में करनाल को चुना गया है।

**योग से स्वस्थ शरीर और आत्मबल को मिलता है बढ़ावा : रेनू बाला गुप्ता:** कार्यक्रम में मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि आज पूरा विश्व योग के माध्यम से भारत से जुड़ रहा है और योग शब्द का अर्थ भी जोड़ ना ही है। उन्होंने कहा कि भौतिक युग की भाग दौड़ भरी जिंदगी में शरीर को स्वस्थ और मन को स्थिर रखना मनुष्य के लिए एक बड़ी चुनौती है। योग से जुड़कर ही हम इस चुनौती से पार पा सकते हैं। योग न केवल हम स्वस्थ रहते हैं बल्कि हमारे आत्मविश्वास को भी बल प्रदान करता है।

**योग ने भारत को विश्व में नई पहचान दिलाई : संजय बठला:** कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला ने कहा कि योग ने भारत को विश्व में नई पहचान दिलाई है। योग हमें बीमारियों से दूर रखता है बल्कि लम्बे समय तक हमें कार्य करने के लिए उर्जा भी प्रदान करता है। यही कारण है कि हमारी सरकार योग शिक्षा को बढ़ावा दे रही है, ताकि भावी पीढ़ी योग से जुड़कर न केवल अपने-आप को स्वस्थ रख सके, बल्कि नए भारत के निर्माण में सहायक भी सिद्ध हो।

**योग सिर्फ स्वास्थ्य का साधन नहीं है, ये हमारी मानसिक ऊर्जा के उत्कर्ष और आध्यात्मिक चेतना का आधार : जगमोहन आनंद** मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर जगमोहन आनंद ने का कि योग सिर्फ स्वास्थ्य का साधन नहीं है, ये हमारी मानसिक ऊर्जा के उत्कर्ष और आध्यात्मिक चेतना का आधार भी है। योग शरीर के साथ मन और आत्मा के जुड़ाव और संतुलन का नाम है। आज के युवाओं को योग से जुड़ ने की जरूरत है। योगिक-जॉगिंग एक ऐसा तरीका है जो युवाओं को ऊर्जावान रखता है और शरीर को रोगों से लड़ ने की ताकत देता है। उन्होंने योग को विकसित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा विश्व योग गुरु रामदेव का धन्यवाद किया और कहा कि योग से सद्भावना को बढ़ावा मिलता है। पंजाबी अकादमी हरियाणा के उपाध्यक्ष स. गुरविंद्र सिंह ने कहा कि योग करने वाला व्यक्ति दिनभर ताजगी और स्फूर्ति से भरा रहता है तथा मन की स्थिरता के कारण अपनी दिनचर्या के सभी व सही निर्णय लेने में सक्षम होता है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
मो. नं.: 9991270143

## तस्कर को 45 किलो 400 ग्राम गांजा पत्ती सहित गिरफ्तार किया

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**सीआईए** टू की टीम ने कुटानी रोड पर कार सवार एक नशा तस्कर को 45 किलो 400 ग्राम गांजा पत्ती सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रमेश पुत्र रूपचंद निवासी डाबर कॉलोनी पानीपत के रूप में हुई। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर वीरेंद्र ने बताया कि उनकी टीम शुक्रवार को गश्त के दौरान कुटानी रोड पर पावर हाउस के पास मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक सेंट्रो कार से गांव कुटानी की और से शहर की तरफ जाएगा। कार में मादक पदार्थ होने की संभावना है। पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता मानकर तुरंत कुटानी रोड पर नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद एक गोल्डन रंग की सेंट्रो कार कुटानी की और से आती हुई दिखाई दी।

पुलिस टीम ने कार चालक को रोकने का इशारा किया तो चालक कार रोक कर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए मौके पर ही आरोपी युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान रमेश पुत्र रूपचंद निवासी डाबर कॉलोनी पानीपत के रूप में बताई।

## 12 मार्च से शुरू हो रहा वेट लॉस चैलेंज

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के तत्वाधान में 12 मार्च से 19 मार्च तक फव्वारा पार्क योग कक्षा में 8 दिवसीय विशेष वेट लॉस चैलेंज शुरू किया जा रहा है। मिशन के प्रमुख दिनेश गुलाटी ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि आजकल अस्वस्थ जीवन शैली और कार्य क्षमता में कमी होने के कारण अधिकतर लोग मोटापे और कई तरह की बीमारी से जूझ रहे हैं। इस वजन घटाओ चैलेंज में मिशन के बहुत से साधक भाग ले रहे हैं, जिससे कि वे एक स्वस्थ और बेहतर जीवन शैली का



चुनाव कर पाएंगे। 8 दिवसीय शिविर में किसी भी आयु वर्ग के लोग भाग ले सकते हैं। इसमें वजन को घटाने के लिए विशेष टिप्स दिए जाएंगे और शरीर का वजन घटाने और पेट को कम करने के लिए विशेष योग क्रियाएं करवाई जाएंगी।

उन्होंने बताया कि वजन घटाने में विशेष रूप से भोजन संबंधित संबंधित आदतें भी महत्वपूर्ण है और योग के साथ-साथ भोजन संबंधित नियमों के विषय में भी विस्तार पूर्वक चर्चा की जाएगी। योग साधकों में इस प्रतियोगिता को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला।

योग शिक्षक निधि गुप्ता, वीना धीर, एनफ चौधरी, योग साधकों में रामा चटानी, बब्बल नरवाल, परवीन, कविता, कुलदीप, मीनू सुखीजा, हिमानी, विशाखा, शैलजा, रिंकी, पूजा, निर्मला, वीना गेरा, बबीता, नीलम शर्मा, सोनिया, रजनी, शिखा, सिया, दीपिका, रुचि, ज्योति कपूर, श्वेता शिखा, सुरिंदर भूटानी, विजय गुप्ता, अनुज जैन, परवीन, राजीव भाटिया, गौरव कपूर कक्षा में उपस्थित रहे।

## भाजपा सरकार के जुल्म की इंतहा हो गई, मानवता को भूली सरकार: सुरेश गुप्ता

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कहा है कि हरियाणा के सभी बड़े नेताओं को आपसी सहमति के बाद कांग्रेस का बूथ स्तर तक संगठन तैयार कर लेना चाहिए। हरियाणा के आम आदमी के साथ कांग्रेस का आम कार्यकर्ता दस सालों से कांग्रेस के संगठन का इंतजार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश और देश में अघोषित आपातकाल लगा हुआ है।

आज यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए सुरेश गुप्ता ने कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार तानाशाही कर रही हैं। विपक्ष को जेल में डालने का सिलसिला शुरू कर दिया है। देश में लोकतंत्र और संविधान खतरे में हैं। सरकार अभिव्यक्ति के अधिकार का गला घोंट दिया है। जो सरकार के खिलाफ बोलता है, उसके खिलाफ ईडी और सीबीआई के साथ जांच ऐजेंसियां लगा दी हैं। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल करनाल के विधायक और मुख्यमंत्री के रूप में फ्लाप साबित हुए हैं। उन्होंने बताया कि करनाल में भ्रष्टाचार चरम पर है। अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने सरपंचों पर लाठीचार्ज और सरकार द्वारा की जा रही ज्यादतियों की चर्चा करते हुए कहा कि सरकार सरपंचों के अधिकारों का हनन कर रही है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने पंचायती राज लागू कर देश को तीन स्तरीय शासन व्यवस्था दी है। गांवों के लोगों के हाथ में सत्ता के अधिकार दिए थे। भाजपा पंचायती राज सिस्टम को खत्म करना चाहती है।

### श्याम होली महोत्सव, साप्ताहिक अखंड ज्योत एवं भजन संध्या का हुआ शुभारंभ

**महेंद्रगढ़/टीम एक्शन इंडिया**

**शुक्रवार** रात्रि 9बजे स्थानीय सब्जीमंडी के नजदीक श्री आदर्श रामलीला कमेटी (श्रीमती अंगूरी देवी धर्मशाला) के प्रांगण में श्री श्याम सेवक मंडल महेंद्रगढ़ की ओर से श्री श्याम होली महोत्सव, साप्ताहिक अखंड ज्योत एवं भजन संध्या का शुभारंभ किया गया ।गुरु फतेहचंद वशिष्ठ श्याम प्रिय के सानिध्य में प्रारंभ करवाए गए इस कार्यक्रम के यजमान श्याम सेवक मंडल के संस्थापक सुनील गर्ग, प्रधान रामबाबू पंसारी, कार्यकारी प्रधान अशोक खेड़ीवाला एवं उप प्रधान अमित गुप्ता सपरिवार थे जबकि दरबार का पूजन पंडित गौरव शर्मा एवं पंडित हरिशंकर कौशिक के द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण से करवाया गया।

## कैडेट रोहित तथा लेफ्टिनेंट डा. देवी भूषण को किया गया सम्मानित



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**गुरू नानक** खालसा कॉलेज की मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस तथा कॉलेज के प्राचार्य डा. गुरिंद्र सिंह द्वारा लेफ्टिनेंट डा. देवी भूषण को ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी मे ऑल इंडिया ओवरऑल टॉपर आने पर तथा कैडेट रोहित को नई दिल्ली में आयोजित आरडीसी परेड में पंजाब हरियाणा हिमाचल प्रदेश तथा चंडीगढ़ निदेशालय का प्रतिनिधित्व कर कॉलेज तथा 7 हरियाणा बटालियन एनसीसी का नाम रोशन करने पर सम्मानित किया गया। कॉलेज मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस ने कहा कि लेफ्टिनेंट डा. देवी भूषण न केवल कैडेट्स को मोटीवेट करते हैं, अपितु खुद भी नेशनल लेवल पर मेडल जीत कर उनके लिए उदाहरण पेश करते हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेज के एनसीसी यूनिट की उपलब्धियां कॉलेज के लिए गर्व का विषय है। डा. गुरिंद सिंह ने कहा केआरडीसी हर कैडेट का सपना होता है तथा वहां तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की जरूरत होती है तथा कैडेट रोहित ने ये कर दिखाया है। उन्होंने इसका श्रेय लेफ्टिनेंट डा.देवी भूषण को दिया, जिन्होंने खुद भी नेशनल लेवल पर मेडल जीता तथा अपने कैडेट को भी प्रोत्साहित कर नेशनल लेवल तक पहुंचाया।

सात हरियाणा बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर, कर्नल नरेश आर्य ने कहा कि लेफ्टिनेंट डा. देवी भूषण बटालियन के लिए असेट है। उन्होंने रिफ्रेशर कोर्स में ऑल इंडिया गोल्ड तथा पीआरसीएन मे ऑल इंडिया सिल्वर मेडल जीतकर एक रिकॉर्ड कायम कर दिया है। इसके साथ-साथ कैडेट रोहित की उपलब्धि भी बटालियन के लिए गर्व की बात है।

## 'स्वस्थ रहने के लिए योग से बढ़िया तरीका इजाद नहीं हुआ'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**सांसद संजय** भाटिया ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में डॉ. गणेश दास डीएवी बीएड कॉलेज ऑफ वुमेन करनाल के सभागार में आयोजित खेलो इंडिया 10 कदम 'वुमेन लीग योगासनइ कार्यक्रम के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर सांसद ने हरियाणा योगासन स्पोर्टस एसोसिएशन को एमपी लैड से 11 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने की घोषणा भी की। इस अवसर पर सांसद संजय



भाटिया ने अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक युग में योग का महत्व बढ़ गया है। इसके बढ़ने का कारण व्यस्तता और मन की व्यग्रता है। आधुनिक मनुष्य को आज योग की ज्यादा आवश्यकता है, जबकि मन और शरीर अत्यधिक तनाव, वायु प्रदूषण तथा भाग-दौड़ के जीवन से रोगग्रस्त हो चला है। उन्होंने कहा कि योग एक ऐसी क्रिया है, जो न सिर्फ मनुष्य को शरीरिक और मानसिक रुप से स्वस्थ रखने में उसकी मदद करती है, बल्कि आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने में भी मदद करती है। योग द्वारा कोई भी व्यक्ति पूर्ण रुप से निरोगी रह सकता है एवं सफल, स्वस्थ और शांतिपूर्ण तरीके से अपने जीवन का निर्वहन कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से विश्व के करीब 177 देशों ने योग को अपनाया है। इसलिए विश्व स्तर पर प्राथमिकता देने और इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से अब हर साल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भी मनाया जाता है।

### बेटी के कुंवा पूजन पर पौधा देकर किया सम्मान

**महेंद्रगढ़/टीम एक्शन इंडिया**

एक और जहां बच्ची पैदा होने के डर से माता पिता उन्हें गर्भ में ही मरवा देते है। इसके विपरित कुछ दंपति ऐसे भी है जो बेटी और बेटे में कोई भेदभाव नहीं समझते। और बेटे की तरह ही बेटी के जन्म पर वे सभी रस्में निभाते है। जो बेटे के जन्म पर निभाई जाती है। ऐसा ही उदाहरण महेंद्रगढ़ निवासी समाजसेवी दीपेंद्र ने समाज के सामने प्रस्तुत किया है। ज्योति ने एक फरवरी को नवजात शिशु कन्या को जन्म दिया। यह उनकी पहली संतान है। उनके परिजनों दादा बनवारीलाल - दादी पुष्पा देवी,ताऊ मिंटू - ताई मीनाक्षी ,फूफा मंजीत और भूआ विशाखा ने घर में कन्या के जन्म पर खुशी जाहिर करते हुए कुआं पूजन करने का निर्णय लिया।

## सम्पत्ति कर बकायादारों के लिए राहत भरी खबर: अभिषेक मीणा

### हरियाणा सरकार की ओर से चौथी बार छूट का एलान किया गया

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**सम्पत्ति** कर बकायादारों के लिए एक बार फिर राहत भरी खबर है। हरियाणा सरकार की ओर से चौथी बार छूट का एलान किया गया है, जिन्होंने वर्ष 2010-11 से 2021-22 तक सम्पत्ति कर अदा नहीं किया है, वे आगामी 31 मार्च 2023 तक अपने बकायों का एकमुश्त भुगतान कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें 40 प्रतिशत ब्याज की छूट का लाभ मिलेगा। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने शनिवार को यह जानकारी दी।

चौथी बार हुआ छूट का एलान- निगमायुक्त ने बताया कि सरकार ने उदारता दिखाते हुए चौथी बार ब्याज में छूट का एलान किया है। उन्होंने बताया कि पहले 31 दिसंबर तक ब्याज में शत प्रतिशत छूट दी गई थी। उसके बाद 31 जनवरी तक 50 प्रतिशत छूट का लाभ दिया गया। फिर 28 फरवरी तक 40 प्रतिशत छूट की घोषणा हुई, जिसका कर दाताओं का भरपूर लाभ उठाया। इनके बावजूद एक बार फिर सरकार की ओर से आगामी 31 मार्च तक 40 प्रतिशत ब्याज की छूट का लाभ देने का एलान किया गया है, इससे बकायादारों को अच्छा-खासा लाभ मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि



31 मार्च में अभी 20 दिन शेष हैं, जिन बकायादारों ने अब तक छूट का लाभ नहीं उठाया है, वह वित्तीय वर्ष के आखिरी मौके का लाभ उठा सकते हैं।

नगर निगम करनाल का रिकॉर्ड- निगमायुक्त ने बताया कि करनाल नगर निगम 2010 में नगर परिषद से नगर निगम के रूप में अस्तित्व में आया था, ने पिछले 13 सालों का रिकॉर्ड तोड़ा है। अब तक नगर निगम के खजाने में 31 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जमा हो चुकी है। उन्होंने बताया कि 31 मार्च तक छूट की अवधि बढ़ जाने से सम्पत्ति कर में अच्छी-खासी बढ़ोतरी हो सकती है। बीते वर्षों के प्रॉपर्टी टैक्स कॉलेक्शन के यह हैं आंकड़े- बता दें कि नगर निगम के खजाने में वर्ष 2016-17 में 13 करोड़ 24 लाख रुपए, 2017-18 में 8 करोड़ 19 लाख, 2018-19 में 12 करोड़ 57 लाख, 2019-20 में 16 करोड़ 94 लाख, 2020-21 में 19 करोड़ 50 लाख, वर्ष 2021-22 में 20 करोड़ 50 लाख और चालू वित्त वर्ष में अब तक करीब 31 करोड़ 10 लाख रुपए प्रॉपर्टी टैक्स के रूप में जमा हुए हैं। निगमायुक्त ने बताया कि नागरिक सम्पत्ति कर भरने के लिए एनडीसी पोर्टल- ह्वार जाकर अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. दर्ज करें तथा मेक माई पेमेंट ऑप्शन पर जाकर ऑनलाइन पेमेंट कर अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवा सकते हैं।

करनाल, 12 मार्च 2023
दैनिक एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
www.actionindialive.com

## संपादकीय

# नगालैंड से सारी दुनिया सीखे

**नगालैंड,** त्रिपुरा और मेघालय में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का डंका बज गया। यह देश ने देखा लेकिन वहां जो असली विलक्षण घटना हुई, उसकी तरफ लोगों का ध्यान बहुत कम गया। वह विलक्षण घटना यह है कि जिन पार्टियों ने चुनाव में एक-दूसरे का डटकर विरोध किया, उन्होंने भी मिलजुल कर अब नई सरकार बनाई है। इतना ही नहीं, वे छोटी-मोटी पार्टियां, जो राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा आदि का विरोध करती रही हैं, उन्होंने भी नगालैंड में ऐसी सरकार बनाई, जैसी दुनिया के किसी भी लोकतांत्रिक देश में भी नहीं है। नगालैंड की ताजा सरकार नेशनलिस्टिक डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के नेतृत्व में बनी है। उसके नेता नेफ्यू रियो मुख्यमंत्री हैं। उनकी 60 सदस्योंवाली विधानसभा में एक भी सदस्य ऐसा नहीं है, जो कहे कि मैं विपक्ष में हूं या मैं विरोधी दल हूं। तो क्या हम यह मान लें कि रियो ने 60 की साठ सीटें जीत लीं? नहीं, ऐसा नहीं हुआ है। उनकी पार्टी और भाजपा को सबसे ज्यादा सीटें मिली हैं लेकिन उनकी संख्या कुल 37 हैं। 60 में से 37 यानी आधी से सिर्फ 7 ज्यादा। फिर भी क्या बात है कि नगालैंड में कोई विरोधी दल नहीं है? जिन आठ दलों ने विरोधी बनकर चुनाव लड़ा था, उनमें 4 पार्टियां नगालैंड के बाहर की थीं। सभी आठों पार्टियों के जीते हुए विधायकों ने कहा है कि हम सत्तारूढ़ गठबंधन के साथ है। अभी तक यह निश्चित नहीं है कि इन विरोधी पार्टियों के विधायकों में से कुछ को मंत्री बनाया जाएगा या नहीं। शरद पवार की नेशनल कांग्रेस पार्टी को 7 सीटें मिली हैं। वह तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। उसे दुविधा है, भाजपा से हाथ मिलाने में। इसीलिए वह सरकार को बाहर से ही समर्थन देगी। जो भी हो, नगालैंड में जो सरकार बनेगी और चलेगी, मेरी राय में वह दुनिया के सभी लोकतंत्रों के लिए आदर्श है। दुनिया की संसदों में पक्ष और विपक्ष की पार्टियां जो फिजूल का दंगल करती हैं और अपना तथा देश का समय नष्ट करती रहती हैं, उससे भारत, एशिया, अफ्रीका, अमेरिका और यूरोप के लोकतांत्रिक देशों को छुटकारा मिलेगा। जो भी सरकार सर्वसम्मति से बने, उसमें दलीय संख्या के अनुपात में मंत्री बना दिए जा सकते हैं। मंत्रिमंडल के सभी फैसले बहुमत के आधार पर होंगे। नगालैंड से भारत और दुनिया के सभी राजनीतिक दल प्रेरणा लेकर अपने-अपने देश में वैसी ही सरकारें बना सकते हैं, जैसी आजादी के बाद 1947 में भारत में जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में बनी थी। उस नेहरू सरकार में घनघोर गांधीविरोधी भीमराव अंबेडकर और जनसंघ के जनक श्यामाप्रसाद मुखर्जी भी मंत्री थे। उसके 14 मंत्रियों में हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई, पारसी, दक्षिण भारतीय, दलित, महिला आदि सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व था। वह सचमुच की राष्ट्रीय सरकार थी। आजकल की पार्टी आधारित सरकारों में भी इन वर्गों का प्रतिनिधित्व रहता है लेकिन उन सब पर सेंत-मेंत प्रहार करने के लिए हम एक विपक्ष भी फिजूल में खड़ा कर लेते हैं।

# सांस्कृतिक-धार्मिक चेतना की ज्योति किरण- 'गणगौर पर्व'

सुनील कुमार महला

> "सांस्कृतिक, पारिवारिक एवं धार्मिक चेतना की ज्योति किरण- 'गणगौर पर्व' गणगौर महोत्सव- 2023 08 मार्च 2023 - 24 मार्च 2023 को मनाया जा रहा है। मालवा की शान 'गणगौर' वैसे तो राजस्थानियों का विशुद्ध लोकपर्व है, लेकिन राजस्थान के अलावा भी यह लोकपर्व देश के अनेक भागों में हर्षोल्लास, खुशी के साथ मनाया जाता है। यह लोकपर्व वास्तव में राजस्थान की गौरवशाली संस्कृति में रमा-बसा हुआ लोकपर्व है और खुशहाल दाम्पत्य जीवन से जुड़ा हुआ है। जानकारी देना चाहूंगा कि आज देश में राजस्थानियों के अलावा इसे उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, बुंदेलखंड और ब्रज, गुजरात, पश्चिमी बंगाल क्षेत्र में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यदि हम इस त्योहार(लोकपर्व) के मनाये जाने की बात करें तो यह होलिका दहन के दूसरे दिन यानी कि चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से यानी कि छरंडी के दिन से या यूं कहें कि रंगों से खेलने के दिन से चैत्र शुक्ल तृतीया तक इसे मनाया जाता है"

**गणगौर** राजस्थान की संस्कृति से जुड़ा प्रसिद्ध त्योहार हैं, जो भगवान शिव व देवी पार्वती को समर्पित है। गणगौर त्योहार को हिंदू कैलेंडर के अनुसार तृतीया तिथि, शुक्ल पक्ष, चैत्र माह में मनाया जाता है। गणगौर महोत्सव- 2023 08 मार्च 2023 - 24 मार्च 2023 को मनाया जा रहा है। मालवा की शान 'गणगौर' वैसे तो राजस्थानियों का विशुद्ध लोकपर्व है, लेकिन राजस्थान के अलावा भी यह लोकपर्व देश के अनेक भागों में हर्षोल्लास, खुशी के साथ मनाया जाता है। यह लोकपर्व वास्तव में राजस्थान की गौरवशाली संस्कृति में रमा-बसा हुआ लोकपर्व है और खुशहाल दाम्पत्य जीवन से जुड़ा हुआ है। जानकारी देना चाहूंगा कि आज देश में राजस्थानियों के अलावा इसे उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, बुंदेलखंड और ब्रज, गुजरात, पश्चिमी बंगाल क्षेत्र में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यदि हम इस त्योहार(लोकपर्व) के मनाये जाने की बात करें तो यह होलिका दहन के दूसरे दिन यानी कि चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से यानी कि छरंडी के दिन से या यूं कहें कि रंगों से खेलने के दिन से चैत्र शुक्ल तृतीया तक इसे मनाया जाता है। बुजुर्ग बताते हैं कि यह अट्ठारह दिनों तक चलने वाला लोकपर्व है। माना जाता है कि माता गवरजा(पार्वती मां) होली के दूसरे दिन अपने पीहर आती हैं तथा अठारह दिनों के बाद ईसर (भगवान शिव ) उन्हें फिर लेने के लिए आते हैं और चैत्र शुक्ल तृतीया यानी कि 'तीज' को उनकी विदाई होती है। वैसे तो यह विवाहित महिलाओं का लोकपर्व है लेकिन कुंवारी लड़कियाँ भी इस दिन माता गौरी(पार्वती जी) और भगवान शिव(ईसर) की पूजा-अर्चना करतीं हैं।जिस लड़की की शादी हो जाती है वो शादी के प्रथम वर्ष अपने पीहर जाकर गणगौर की पूजा करती है। अक्सर यह बात कही जाती है कि चैत्र शुक्ला तृतीया को राजा हिमाचल की पुत्री गौरी का विवाह शंकर भगवान के साथ हुआ था। उसी की याद में यह त्योहार मनाया जाता है।कामदेव की पत्नी रति ने भगवान शंकर की तपस्या कर उन्हें प्रसन्न कर लिया तथा उन्हीं के तीसरे नेत्र से भष्म हुए अपने पति को पुनः जीवन देने की प्रार्थना की। रति की प्रार्थना से प्रसन्न हो भगवान शिव ने कामदेव को पुनः जीवित कर दिया तथा विष्णुलोक जाने का वरदान



दिया। उसी की स्मृति में प्रतिवर्ष गणगौर का उत्सव मनाया जाता है। इस अवसर पर 'नेगचार' की रस्में भी अदा की जाती हैं। कहते हैं कि छरंडी के दिन गणगौर पूजने वाली लड़कियां होलिका दहन की राख लाकर उसके आठ पिण्ड बनाती हैं एवं आठ पिण्ड गोबर के बनाती हैं। उन्हें दूब पर रखकर प्रतिदिन पूजा करती हुई दीवार पर काजल और रोली की टीका लगाती हैं और शीतलाष्टमी के त्योहार तक इन पिण्डों को पूजा जाता है। फिर मिट्टी से ईसर गणगौर की मूर्तियां बनाकर उन्हें पूजती हैं। लड़कियां प्रातः ब्रह्ममुहुर्त में गणगौर पूजते हुए गीत गाती हैं- 'गौर ये गणगौर माता खोल किवाड़ी, छोरी खड़ी है तन पूजण वाली।' गणगौर पर गणगौर की कहानी सुनने की भी परंपरा है। गणगौर को भोग लगाया जाता है।लड़कियां कुंए से ताजा पानी लेकर गीत गाती हुई आती हैं-'म्हारी गौर तिसाई ओ राज घाट्यारी मुकुट करो,बीरमदासजी रो ईसर ओराज, घाटी री मुकुट करो,म्हारी गौरल न थोड़ो पानी पावो जी राज घाटीरी मुकुट करो।' गणगौर का 'बिंदौरा' भी निकाला जाता है और गणगौर विसर्जन के पहले दिन गणगौर का 'सिंजारा' किया जाता है। पूजा में दूब, जल कलश, रौली-मौली, सिंदूर, चूड़ियाँ, चन्दन, अक्षत, धूपबत्ती, दीप, नैवेद्य का इस्तेमाल किया जाता है। कुंवारी लड़कियाँ मनपसंद वर प्राप्ति के लिए पूजा अर्चना करतीं हैं।राजस्थान के अधिकतर क्षेत्रों में गणगौर पूजन एक आवश्यक वैवाहिक रीत के रूप में भी प्रचलित है। गणगौर पूजन में कन्याएँ और महिलाएँ अपने लिए अखण्ड सौभाग्य, अपने पीहर और ससुराल पक्ष की समृद्धि तथा गणगौर से प्रतिवर्ष फिर से आने का आग्रह करती हैं। बताता चलूँ कि जयपुर की गणगौर पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। जयपुर में, घेवर नामक एक मीठा व्यंजन गणगौर उत्सव की विशेषता है। गणगौर लोकपर्व के अवसर पर राजस्थान में जगह-जगह मेले भरते है और पूर्व राजपरिवारों की गणगौर सवारी शाही लवाजमें के साथ बड़े ही धूमधाम के साथ निकलती है। महिलाओं/ कुंवारी लड़कियों द्वारा इस पावन अवसर पर गणगौरी गीत गाये जाते हैं और समूहों में फूल तोड़ने व कुंओं से पानी भरने की भी परंपरा है। महिलाएं इस अवसर पर अपने हाथों और पैरों में मेंहदी लगाती हैं, जैसा कि मेंहदी सुहाग का प्रतीक मानी जाती है। इसीलिए गणगौर को 'सुहाग पर्व' भी कहा जाता है।इस अवसर पर सभी स्त्रियां गहने-कपड़ों से सजी-धजी रहती हैं। वैसे बीकानेर जिले की गणगौर को राजस्थान की अनूठी गणगौर माना जाता है। बीकानेर के बारह गुवाड़ चौक में भरने वाले दो दिवसीय बारहमासा गणगौर मेले के दौरान पूजन की जाने वाली आलूजी की चटकीले रंग व आकार वाली प्राचीन गणगौरें न केवल प्रदेशभर में अनूठी है बल्कि विशिष्ट बनावट और मिट्टी कुट्टी से बनी होने के कारण अपनी अलग पहचान रखती है। कहते हैं कि यहाँ करीब डेढ सौ साल पुरानी इन गणगौर प्रतिमाओं में ईसर और गवर के साथ-साथ भगवान कृष्ण, भगवान गणेश और सिर पर कलश धारण किए पणिहारी की प्रतिमाएं भी हैं। बुजुर्ग लोग बताते हैं कि ये प्राचीन गणगौर प्रतिमाएं चिकनी मिट्टी, कागज की लुगदी, दाना मेथी, गोंद, राल आदि सामग्रियों से तैयार की गई है। वैसे, बीकानेर के अलावा जयपुर, किशनगढ़, सूर्य नगरी जोधपुर समेत अन्य स्थानों पर गणगौर की सवारी ऐतिहासिक परम्पराओं के अनुरूप निकाली जाती है इन स्थानों पर अभी भी पूर्व राज परिवारों की गणगौर की सवारी शाही लाव-लश्कर के साथ निकाली जाती है, जिसे विदेशी पर्यटक बहुत चाव और रूचि के साथ देखते हैं और अपनी फोटो,विडियो भी करवाते हैं। जानकारी देता चलूं कि राजस्थान के मारवाड़ प्रान्त खासकर जोधपुर में मनाए जाने वाले धींगा गवर फेस्टिवल में महिलाएं कुंवारे लड़कों को दौड़ा-दौड़ाकर डंडा मारती हैं। ऐसी मान्यता है कि डंडा/बेंत खाने से शादी जल्दी होती है। इसे बेंतमार गणगौर के नाम से भी जाना जाता है।मारवाड़ में सालों पुरानी यह मान्यता थी कि धींगा गवर के दर्शन पुरुष नहीं करते थे क्योंकि उस समय में ऐसा माना जाता था कि जो भी पुरुष धींगा गवर के दर्शन कर लेता था उसकी मृत्यु हो जाती थी लेकिन यह मान्यता धीरे-धीरे बदल गई। वैसे नाथद्वारा में चैत्र शुक्ल पंचमी के अवसर पर गुलाबी गणगौर भी मनाते हैं। गणगौर के दौरान भक्ति, श्रृंगार व वीर रस के गीत गाये जाते हैं। राजस्थान की स्वर्ण नगरी कहलाने वाले जैसलमेर जिले में बिना ईसर की गणगौर पूजी जाती है। बताता चलूं कि उदयपुर में गणगौर नाव प्रसिद्ध है। पारंपरिक परिधानों के साथ गहनों से सजी महिलाएं शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए पिछौला झील के गणगौर घाट पर देवी पार्वती की मूर्तियों की पूजा-अर्चना करती हैं। वैसे उदयपुर और जोधपुर की धींगा गणगौर काफी प्रसिद्ध है।

वैसे,राजस्थान की महिलाएं चाहे दुनिया के किसी भी कोने में क्यों न हों, वे गणगौर के पर्व को पूरी उत्साह के साथ मनाती हैं। राजस्थानी में गणगौर पर एक कहावत भी है जो बहुत प्रसिद्ध है- तीज तींवारा बावड़ी ले डूबी गणगौर इसका मतलब यह है कि सावनी तीज से त्योहारों का आगमन शुरू हो जाता है और गणगौर के विसर्जन के साथ ही त्योहारों पर काफी समय तक(तीन-चार महीनों तक) विराम आ जाता है। आज हाइटेक युग में गणगौर लोकपर्व का स्वरूप काफी हद तक बदल चुका है। आज पूजा के लिए कुएं बचे नहीं है।

## कविता

### ज़िंदगी हमें जीना सिखाती है

ज़िंदगी कभी गमों में रूलाती है,
ज़िंदगी कभी खुशी के पल बिताती है,
ज़िंदगी कभी खुद से रूठ जाती है,
जिंदगी कभी खुद ही खुद को मनाती है,
जिंदगी कभी उल्लास मनाती है,
जिंदगी कभी आंसू भी लाती है,
ज़िंदगी कभी अपनों संग बांधे रखती है,
जिंदगी कभी अपनो से दूर निकल जाती है,
ज़िंदगी कभी भरपुर हंसाती है,
जिंदगी कभी जम कर रूलाती है,
जिंदगी कभी मिट्टी सी बन जाती है,
ज़िंदगी कभी आसमां को छुं जाती है,
ज़िंदगी हम से संघर्ष करवाती है,
ज़िंदगी हमें जीना सिखाती है

रामेश्वर दास भान

---------

# भारत में पारंपरिक बाजरा फसल को बढ़ावा देना

विजय गर्ग

**अर्ध-शुष्क** उष्णकटिबंधीय के लिए अंतर्राष्ट्रीय फसल अनुसंधान संस्थान (आईसीआरआईएसएटी) से लेकर भारतीय कदन्न अनुसंधान संस्थान (आईआईएमआर) और अन्य विश्वविद्यालयों और संस्थानों के साथ काम करने वाले वैज्ञानिकों के लिए, अब उच्च उपज देने वाली बाजरा किस्मों के विकास पर जोर दिया जा रहा है। एक प्रशिक्षित पादप प्रजनक होने के नाते, उच्च उपज वाली फसल किस्मों को विकसित करने के लिए एक वैज्ञानिक तंत्र विकसित करना फसल उत्पादकता बढ़ाने और इस प्रकार वैश्विक भूख को संबोधित करने का एक महत्वपूर्ण उपकरण रहा है। पावती में, पादप प्रजनक नॉर्मन बोरलॉग को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हरित क्रांति के जनक के रूप में जाने जाने वाले, उन्होंने गेहूं के चमत्कारिक बौने बीज विकसित किए। इसके बाद समय के साथ चावल की उच्च उपज वाली किस्मों और अन्य फसलों के लिए विकास हुआ। लेकिन ऐसे समय में जब हम दुनिया को दो बार खिलाने के लिए पर्याप्त भोजन का उत्पादन करते हैं, मुझे बाजरा में उच्च उपज वाली किस्मों और जैव-फोर्टिफिकेशन के प्रति पौधे वैज्ञानिकों (और नीति निमार्ताओं) द्वारा प्रदर्शित किए जा रहे उत्साह के पीछे तर्क नहीं दिखता है। मुझे लगता है कि यह दृष्टिकोण अत्यधिक गलत है क्योंकि लस मुक्त बाजरा न केवल सूखा प्रतिरोधी है बल्कि प्रोटीन, सूक्ष्म पोषक तत्व, आहार फाइबर और एंटी-ऑक्सीडेंट से भी समृद्ध है। पहले से ही पोषक तत्वों से भरपूर होने के कारण, इसके बजाय बाजरा के साथ आहार को पूरक करने का प्रयास किया जाना चाहिए। नीति निमार्ताओं को बाजरा के उत्पादन को बढ़ाने के लिए अधिक कल्पनाशील होना चाहिए, न कि उसी पूर्वाग्रह का पालन करना चाहिए जिस पर औद्योगिक खेती निर्भर करती हैः फसल उत्पादकता में वृद्धि और अधिशेष का निर्माण। इसका मतलब यह नहीं है कि सिर्फ इसलिए कि हमारे पास हथौड़ा है, हमें बाकी सब चीजों को कील की तरह व्यवहार करना चाहिए। क्योंकि बहुत से लोग नहीं जानते हैं कि उच्च उपज वाली फसल किस्मों और संकरों का विकास पोषक तत्वों में गिरावट के विपरीत अनुपात में होता है। फसल की उत्पादकता जितनी अधिक होती है, उसके पोषक मूल्य में उतनी ही तेजी से गिरावट आती है। यह मुख्य सिद्धांत है कि पादप प्रजनन हमें सिखाता है, जिसे हम ऊपर जाने की अपनी खोज में भूल जाते हैं। पुनरावृत्ति के जोखिम पर, मुझे याद दिलाना चाहिए कि गिरावट औसतन 15 से 40 प्रतिशत तक भिन्न होती है, कोबाल्ट जैसे कुछ खनिजों की उपलब्धता में 80 प्रतिशत की गिरावट के साथ, जैसा कि गेहूं के मामले में होता है। इससे पहले कि आप 'तो क्या' कहें, मैं समझाता हूँ। ऐसा माना जाता है कि गेहूं में कोबाल्ट जैसे ट्रेस मिनरल की हिस्सेदारी में भारी गिरावट के कारण कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ गया है।

## विचार

# सोशल नेटवर्किंग साइट आज स्टेटस सिंबल भी बन गई है...

संजीव ठाकुर

**21वीं** सदी इंटरनेट और वेब मीडिया युग की शताब्दी मानी जा रही है इसलिए सूचना के आदान-प्रदान जनमत तैयार करने विभिन्न क्षेत्रों और संस्कृति को आपस में जोड़ने तथा भागीदार बनाने में सोशल नेटवर्किंग एक बेजोड़ उपकरण की तरह उभरी है। सोशल नेटवर्किंग साइट आज स्टेटस सिंबल भी बन गई है। इसमें जितनी अच्छाइयां हैं दूसरी तरफ उतनी ही बड़ी परेशानी का सबब भी है। आज इस युग में सोशल मीडिया ने विश्व के लोगों को जोड़कर एक ऐसे नए नागरिक का जन्म किया है, जो स्वयं तो जागरूक है दूसरों को भी जागरूक कर रहा है पर इससे बच्चे ही आने आने वाली पीढ़ी के नागरिक मानसिक द्वंद और वयस्क दुनिया में अचानक प्रवेश कर जाते हैं। इसके अलावा मानसिक रोगों को जन्म देने वाली भी यह एक बड़ी मशीन है। आज गांव से लेकर शहर तक हर आदमी सोशल मीडिया के प्रयोग से ग्रसित है और मानसिक संतुलन खोने की स्थिति तक पहुंच चुका है। परिवार के अभिभावकों द्वारा बच्चों से मोबाइल छीन लेने पर बच्चों के आत्महत्या के प्रकरण में बहुत ज्यादा इजाफा हुआ है। वर्तमान में सोशल नेटवर्किंग साइट इंटरनेट का एक अभिन्न हिस्सा है जिसका उपयोग विश्व के अरबों लोगों द्वारा किया जा रहा है। यह एक ऑनलाइन मंच है जो सार्वजनिक प्रोफाइल बनाने तथा वेबसाइट पर उपयोगकताओं के साथ सहभागी होने की अनुमति देता है। फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, लिंकडेंन, इंस्टाग्राम और न जाने कितने ऐसे साइट्स हैं जो दुनिया भर के लोगों को एक दूसरे से अनायास जोड़ देते हैं। इंटरनेट के जरिए विश्व के अनेक देशों की दूरियां पलक झपकते खत्म हो जाती है। वैश्विक नागरिक जन अब इंटरनेट मीडिया नामक एक आभासी देश के नागरिक बन चुके हैं। फेसबुक का आविष्कार 2004 में और ट्विटर का आविष्कार 2006 मे हुआ है। फेसबुक के निमार्ता मार्क जुकरबर्ग ने फेसबुक का निर्माण कर दुनिया में तहलका मचा दिया है। फेसबुक का इस्तेमाल विश्व के अरबों लोगों द्वारा किया जाता है। यह दुनिया का सबसे लोकप्रिय साइट है। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम के बड़े उपयोगकर्ता भारत में निवास करते हैं। आंकड़ों की मानें तो भारत में ही 350 मिलियन सोशल नेटवर्किंग के ग्राहक हैं, और 2023 में इनकी संख्या 450 मिलियन होने की संभावना है। एक गणना के अनुसार भारत में लोग सोशल मीडिया पर 24 घंटे गुजारते हैं जबकि भारत से समृद्ध देश जापान के लोग केवल 47 से 50 मिनट तक की सोशल मीडिया पर उपस्थित रहते हैं। सोशल मीडिया नेटवर्किंग कोई भी सकारात्मक रूप से लें इसके बहुत फायदे हैं, इसके फायदे की जद में न सिर्फ बच्चे बल्कि शिक्षक, व्यवसाई, न्यूजपेपर, मीडिया चैनल आदि भी हैं जिसका परिणाम सोशल मीडिया एक विशाल नेटवर्क बन गया है।ये पूरे विश्व को जोड़कर रखने में सक्षम है। इसके अलावा यह संचार का अच्छा माध्यम होने के साथ-साथ बहुत तेज गति से सूचनाओं का आदान-प्रदान भी करता है। भौगोलिक तथा सांख्यिकी रूप से विशाल देश भारत में जन जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए इसको अभियान की तरफ अपनाया गया है। इसके अलावा यह रोजगार प्रदान करने वाला माध्यम भी बन गया है। यह शिक्षा तथा ज्ञान का एक विशिष्ट माध्यम बन गया है। एक झटके में एक क्लिक से विश्व की कोई भी जानकारी इसमें तत्काल उपलब्ध हो जाती है। सोशल नेटवर्किंग का सबसे ज्यादा फायदा कोविड-19 के संक्रमण काल में करुणा की महामारी को रोकने के लिए इस संबंध में बचाव कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए हुआ है। अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, कनाडा, इजराइल,ऑस्ट्रेलिया जैसे सक्षम देश में महामारी से लाखों लोगों की मौत हुई किंतु सोशल नेटवर्किंग के बलबूते पर भारत शासन ने कोविड-19 की महामारी में विशाल जनसंख्या के होते हुए भी प्रभावी नियंत्रण पा लिया है। सोशल नेटवर्किंग की इस सदी की सबसे बड़ी मानवीय सहायता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# समय न ठहरा है कभी, रुके न इसके पांव...

प्रियंका सौरभ

**समय** हमारे पास सबसे मूल्यवान संसाधन है, और एक बार चले जाने के बाद हम इसे कभी वापस नहीं पा सकते हैं। दुर्भाग्य से, हम में से बहुत से लोग इसे हल्के में लेते हैं और इसे व्यर्थ की गतिविधियों में बर्बाद कर देते हैं। जब हम समय को मारते हैं, तो असल में हम अपने जीवन के एक हिस्से को मार रहे होते हैं। कवि डॉ सत्यवान सौरभ कहते है कि-

पल कोई ठहरा नहीं, यही समय दस्तूर ।
हो जायेंगे एक दिन, हम भी सब से दूर ।।

समय एक सीमित संसाधन है, और हम सभी के पास हर दिन इसकी समान मात्रा होती है। जिस तरह से हम इसका उपयोग करते हैं वह हमारी सफलता, खुशी और जीवन के साथ समग्र संतुष्टि को निर्धारित करता है। समय कीमती है और हमें इसका सदुपयोग करना चाहिए। दुर्भाग्य से, हममें से बहुत से लोग ऐसी गतिविधियों पर समय बर्बाद करते हैं जो हमारे जीवन में कोई मूल्य नहीं लाती हैं।

हमारी तेज-तर्रार दुनिया में, चूहे की दौड़ में फंस जाना और जो वास्तव में महत्वपूर्ण है उसे भूल जाना आसान है। हम अक्सर खुद को यह इच्छा करते हुए पाते हैं कि हमारे पास उन चीजों को करने के लिए अधिक समय है जो हम प्यार करते हैं, या समय सीमा और नियुक्तियों पर जोर देते हैं। लेकिन क्या होगा अगर हम एक कदम पीछे हटें और समय के मूल्य को देखें? जरूर, हम सभी सहमत हो सकते हैं कि समय पैसा है। लेकिन असल में उसका क्या अर्थ है? जब हम इसे तोड़ते हैं, तो समय वास्तव में हमारे पास मौजूद सबसे मूल्यवान वस्तुओं में से एक है। यह एक सीमित संसाधन है जिसे एक बार जाने के बाद हम कभी वापस नहीं पा सकते हैं। इसलिए हर पल का सदुपयोग करना इतना महत्वपूर्ण है। हर दिन अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने और प्रियजनों के साथ स्थायी यादें बनाने का एक नया अवसर है। समय बर्बाद करने के सबसे आम तरीकों में से एक है टालमटोल करना। ये बबार्दी किसी काम को करने में देरी या स्थगित करने की क्रिया है।

# वे मर रहे हैं

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

**मुझे** अकेले खेलने की आदत हो गई है। कोई मेरे साथ खेलने वाला नहीं है। शब्दों के कुएँ से शब्द सींच रहा हूँ। इन्हीं शब्दों से कविता की बाल्टी भर रहा हूँ। हर कोई उखड़ा-उखड़ा हुआ है। मेरे अहं ने मुझे अकेला बना दिया है। कविता की बाल्टी में शब्दों का पानी मेरी प्यास नहीं बुझा पा रहा है। जहाँ देखूँ वहाँ मैं ही मैं दिखाई देता हूँ। जो भी सुनूँ मेरी मैं...मैं ही सुनाई देती है। कभी लगता है कि बकरियों की मैं-मैं मुझसे ही उपजी है। जीवन चलता ही रहता है। पैरों पर न सही घुटनों के बल ही सही। जीने के लिए जीवन और जीवन के लिए जीना दोनों की समझ मेरी समझ से परे है। चूंकि मेरी समझ के दरवाजे बंद रहते हैं, इसलिए अच्छे-बुरे की हवा भीतर आने की हिम्मत नहीं कर पाती। ऐसा नहीं है कि अच्छे-बुरे की हवा दरवाजा खटखटाती नहीं है, खटखटाती तो जरूर है लेकिन वह मेरी किटकिटाहट और चिल्लाहट को सुन दबे पैर लौट जाती है। मेरी परछाई जीवन की ताजा खबर देती रहती है। यूरोप में बर्फीली बारिश, भारत में लुढ़कती जिंदगियों की सुगबुगाहट, लेबनान में विद्रोही चूहों की महामारी, लिबिया में गोलियों की बरसात और कैरो में उपद्रवी अग्निभीषणकांड की उथल-पुथल में कराहते जीवन का क्रंदन। ताजा खबर के बहाने बासी कब्र की मिट्टी में छिपी अहं की गरमाहट मेरे पास क्यों नहीं फटकती? विकास का भूत असमय मौतों का भविष्य देखकर थर-थर कांप रहा है। पखेरुओं से लुप्त होती जमीन गरीब, बेरोजगारों के लिए प्राण पखेरुओं का गढ़ बनता जा रहा है। ऐसे शून्य संगीत में पल-पल का जीवन कभी पठार तो कभी शिखर सा प्रतीत हो रहा है।

शरीर और आत्मा के बीच समय का अंग जीर्ण होता जा रहा है। मानो जीवन की उंगली थामने मौत अपना हाथ आगे बढ़ा रहा हो। न जाने यह एकांत कब मिटेगा? मेरा अहं कब समाप्त होगा? क्या समय के पेड़ पर लमहों के पत्ते झड़ने से पहले मेरी जीवन की कविता बाल्टी सुंदर शब्दों के पानी से भर पाएगी? मैं अनुभव के पत्थर पर जीवन का कपड़ा धोने के प्रयास में जीर्ण होता जा रहा हूँ। भगवान से मेरी अब यही प्रार्थना है कि ताजा खबरों के बीच मैं कहीं बासी कब्र बनकर अपने अहं का शिकार न बन जाऊँ। मैं अभी से रोने का अभ्यास कर रहा हूँ।

# अल्टीमेटम का हुआ असर, रेलवे प्रशासन ने खोला रास्ता



## 8 मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन एवं व्यापार मंडल के संरक्षक संजय की विशेष मौजूदगी में जमकर जश्न मनाया

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**शहर के** आम नागरिकों व व्यापारियों के अल्टीमेटम को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने शनिवार को रेलवे स्टेशन से सारंग रोड जाने वाले रास्ते को खोल दिया है । रेलवे प्रशासन ने जाम करने के लिए सड़क पर लगाए गए लोहे का गार्डर को हटा लिया है । सारंग रोड का रास्ता खोले जाने पर नागरिकों एवं व्यापारियों ने उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन एवं व्यापार मंडल के संरक्षक संजय वर्मा की विशेष मौजूदगी में जमकर जश्न मनाया । लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुबारकबाद भी दी । राजीव जैन ने कहा कि आम नागरिकों व व्यापारियों की एकजुटता के कारण ही ऐसा संभव हुआ है । उन्होंने आम शहरवासियों व स्थानीय व्यापारियों की परेशानी को समझ कर रास्ता खोले जाने का निर्णय लेने के लिए रेलवे के डीआरएम व जिला प्रशासन का भी आभार जताया है ।

विदित हो कि हिंदू कॉलेज रेलवे फाटक के फ्लाईओवर के नीचे रेलवे स्टेशन से सारंग रोड जाने वाले रास्ते को रेलवे प्रशासन ने लोहे का गार्डर डालकर बंद कर दिया था । इससे गुस्साए नागरिकों एवं व्यापारियों ने उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन की अगुवाई में 7 मार्च को प्रदर्शन कर रेलवे प्रशासन को चार दिन में रास्ता खोलने का अल्टीमेटम दिया था। प्रदर्शनकारियों ने यह कहा था कि अगर रास्ता नहीं खोला गया तो स्वयं शहर की जनता रास्ता खोलने का काम करेगी। राजीव जैन ने स्वयं इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारी मुकेश कुमार और डीआरएम डीपी गर्ग से फोन पर बातचीत कर और जनता के रोष एवं परेशानी से अवगत करवाते हुए रास्ता खोलने की मांग रखी थी । इसके बाद रेलवे के डीआरएम को लोगों को इससे हो रही परेशानियों के बारे में अवगत करवाया गया था । रास्ता बंद होने से शहर में लगातार ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई थी ए क्योंकि यह रास्ता कार, मोटर साइकिल, स्कूटर चालकों द्वारा रेलवे स्टेशन पर जाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। अब मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन एवं जिला व्यापार मंडल के संरक्षक संजय वर्मा के विशेष प्रयासों व शहर के आम नागरिकों व व्यापारियों की एकजुटता की वजह से रास्ता खोल दिया गया है । सारंग रोड का रास्ता खोले जाने पर नागरिकों एवं व्यापारियों ने जमकर जश्न मनाया । इस दौरान लोगों राजीव जैन जिंदाबाद के नारे भी लगाए । राजीव जैन ने आम लोगों के साथ ही जिला व्यापार मंडल के सदस्यों को बधाई भी दी । उन्होंने कहा कि सभी लोगों के एकजुट रहने के कारण ही यह सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि शहरवासियों को साथ लेकर शहर की अन्य समस्याओं को दूर करवाने के लिए लगातार आवाज बुलंद करते रहेंगे । इस मौके पर इन्दु वलेचा (पार्षद), देवेन्द्र वर्मा (प्रधान), जोगिन्द्र वर्मा, आनन्द पटवा, मोंटी पटवा, संजीव वलेचा, महता बैटरी, विजय सांखला, राकेश वर्मा, बिट्टू वर्मा, पप्पू बैरिंग, रफीक, मुकेश आंतिल, वाजिद खान, सुरेन्द्र वर्मा, अजय लैब, रविन्द्र सांखला, धर्मवीर, अनिल कपूर, दिनेश, पंकज वर्मा, महेन्द्र वर्मा, नरेश मल्होत्रा, महेन्द्र बत्रा, संजय वर्मा, राम नारायण गोयल, सुशील, नरेन्द्र धवन, हिमांशु, राकेश चोपड़ा, राजू वर्मा, रविन्द्र सरोहा, रामनिवास सिंगला सहित सैंकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे।

# फाईनेंस कमेटी को लेकर सात पार्षदों ने एसडीएम से रद्द करने की मांग की



**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
नगरपालिका कि बैठक के बाद बनाई गई फाइनेंस कमेटी को सात पार्षदों ने गलत करार देते हुए इसको रद्द करने के लिए एसडीएम को मेल भेजी है। पार्षद नरेश वर्मा ने बताया कि ये कमेटी नपा हाऊस की बैठक के बाद बनाई गई है ,जो कि गलत है। शनिवार को नरेश वर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक की गई जिसमें वार्ड 2 से कृष्ण वार्ड 6 से अजय सरोहा,वार्ड 10 से राखी ,वार्ड 11 से सतबीर शर्मा,13 से राजेश शर्मा,15 से शिवानी जैन व वार्ड 16 के पार्षद नरेश वर्मा ने भाग लिया। वर्मा ने बताया कि सभी ने उक्त कमेटी को रद्द करने के लिए अपने हस्ताक्षर युक्त पत्र एसडीएम को मेल द्वारा भेजा गया है। नपा चेयरमैन अरुण त्यागी ने बताया कि हाऊस की बैठक में 15 पार्षद व वे मौजूद थे जिसमें से 10 पार्षदों ने अपने हस्ताक्षर कर अपनी सहमति जताई थी । जिसके बाद ही कमेटी में विकाश शर्मा व ममता पांचाल को सदस्य बनाया गया है।

# विधायक मोहनलाल बड़ौली की अध्यक्षता में हुई कुण्डली नगर पालिका की बैठक



**राई/टीम एक्शन इंडिया**
**कुण्डली** नगर पालिका के विकास कार्यों को लेकर राई से विधायक मोहनलाल बड़ौली की अध्यक्षता में शनिवार को कुण्डली नगर पालिका के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कुण्डली नगर पालिका क्षेत्र में रहने वाले लोगों की मूलभूत सुविधाओं को लेकर आने वाली समस्याओं का तुरंत निपटान किया जाए ताकि लोगों को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़ा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पेयजल, गन्दे पानी की निकासी, बिजली व अन्य सभी सुविधाओं को लेकर लोगों को कोई भी दिक्कत नहीं आनी चाहिए। बैठक में विधायक ने नपा अध्यक्ष सहित पार्षदों व संबंधित अधिकारियों से कुण्डली क्षेत्र में चलाए जा रहे विकास कार्यों को लेकर भी रिपोर्ट ली और कुण्डली के विकास, मांगों व आवश्यकताओं पर विचार-विमर्श भी किया। विधायक बड़ौली ने कहा कि कुण्डली नगर पालिका क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। बैठक में नगर पालिका कुण्डली की अध्यक्ष शिमला देवी, नगर पालिका के सभी पार्षद सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पदाधिकारियों ने सौंपा विधायक ढांडा को ज्ञापन



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत** के हुडा सेक्टरों के संयोजक बलजीत सिंह के नेतृत्व में सेक्टर सात व अन्य आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने सेक्टर 7 में कम्यूनिटी सैंटर व शापिंग काम्पलैक्स बनवाने और सभी सेक्टरों में मूलभूत सुविधाएं देने की मांग को लेकर शनिवार को ग्रामीण हलका विधायक महीपाल ढांडा को एल्डिको स्थित उनके कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा। वहीं विधायक महीपाल ढांडा ने आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों को समाधान का आश्वासन दिया है। संयोजक बलजीत सिंह ने विधायक को बताया कि एचएसवीपी अधिकारियों ने तो अभी यह भी तय नहीं किया है कि सेक्टर सात के सीवर का पानी कहा पर जाएगा। इसको लेकर शिकायत करते है तो कहा जाता है कि केस बनाकर उपर भेजा हुआ है। आरडब्ल्यूए प्रधान रणधीर सिंह ने कहा कि सेक्टर सात का पानी अभी रेलवे लाईन के पास जा रहा है और गंदा पानी खड़ा होने से स्थानीय लोगों को बदबू का सामना करना पड़ रहा है। जबकि सेक्टर में मार्किट की सुविधा भी नहीं होने से स्थानीय लोगों को परेशानी होती है। बलजीत सिंह ने बताया कि ज्यादातर सेक्टरों की सडकों की रिपेयर नहीं की जा रही है और खराब स्ट्रीट लाईटों को ठीक करने में भी आनाकानी की जाती है।

वहीं बलजीत सिंह व आरडब्ल्यूए के अन्य पदाधिकारियों ने हुडा अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो सभी सेक्टर वासी 20 मार्च को एचएसवीपी कार्यालय का घेराव करेंगे और ईओ को उनके कार्यालय में घुसने नहीं दिया जाएगा। इस अवसर पर रामपत नैन, हवा सिंह, एसके त्यागी, अमरीक सिंह, धमेंद्र अहलावत, सोनू सिंह आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### महिला काव्य मंच की गोष्ठी में कवियों ने करवाया मनोरंजन

**गन्नौर: महिला** काव्य मंच की मासिक काव्य गोष्ठी शनिवार को गन्नौर में संपन्न हुई। जिसमें सोनीपत इकाई की अध्यक्ष चंचल द्विवेदी की अध्यक्षता में नन्हें-नन्हें बालकवी और महिला कवियत्री मीनू , संगीता ,अनु ,सुरमा ,प्रीति मिश्रा , निर्मला ,खुशबू ,शक्ति वरदान , नितिका , केशव , चांद वृंदा ने अपनी कविताएं सुनाई । चंचल ने अपनी कविता में देश के वीर जवानों की गाथा का गान किया ,मीनू ने वीरों के चरणों में समर्पण के भाव अर्पित किए । संगीता ने अपनी कविता में गुरु की महिमा का बखान किया, अनु ने अपनी कविता में देशभक्ति से भरा भाव प्रस्तुत किया । सूरमा ने अपनी कविता में फूलों की महक की प्रशंसा की । प्रीति मिश्रा ने पिता की महानता को दशार्या , निर्मला ने ईश्वर की महिमा का गुणगान किया । खुशबू ने अपनी कविता में धरती के धीरज की बात कही । अंतरराष्ट्रीय कवि शक्ति ने प्रभु की महिमा का गुणगान किया ।

### खेल गांव है पुरखास इसकी मिट्टी की खूशबू में खेल महकते हैं : राजेश

**गन्नौर: गांव पुरखास** धीरान के खेल स्टेडियम मे फुटबाल टूर्नामेंट में प्रदेश भर से 32 टीम शामिल हुई हैं। बतौर मुख्यअतिथि कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश पहलवान पुरखासिया ने खिलाड़िया से परिचय किया और फूटबाल के मुकाबले देखे। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए राजेश पहलवान ने कहा कि खेल गांव है पुरखास इसकी मिट्टी की खूशबू में खेल महकते हैं। राजेश का आयोजन समिति की ओर से पगड़ी पहनाकर मुख्यतिथि का स्वागत किया गया। शनिवार को हुए मुकाबलों में पुरखास ने तेवड़ी को हराया अगले दौर में प्रवेश किया बहु अम्बरपुर को हराकर दुलेहड़ा की टीम विजयी रही जबकि हिसार को हराकर नरू खेड़ी की टीम जीती वहीं बलभा की टीम ने सिधु बार्डर की टीम को हराया। पुरखास धीरान के सरपंच बहादुर पहलवान, पुरखास राठी के सरपंच प्रतिनिधि सुनील जांगड़ा उर्फ शीनु, पूर्व सरपंच उमेद सिंह, पूर्व सरपंच यशपाल गुलिया, श्रीकिशन राठी, फुटबाल कोच देवेंद्र जून व सुनील, धर्मबीर गुलि?ा, मास्टर अमित आदि उपस्थित रहे।

### कैफे की दुकान से गले से पैसे चोरी करते युवक हुआ सीसीटीवी में कैद

**गन्नौर: नई** अनाज मंडी के पास कैफे की दुकान से मौका देख कर कैश काउंटर से पैसे चोरी करने की वारदात को अंजाम देते हुए युवक सीसीटीवी में कैद हो गया। युवक ने कभी दुकान के अंदर आकर कैश काउंटर पर बैठे युवक को खाद्य सामग्री बनाने के लिए ऑर्डर दिया जब काउंटर पर बैठा युवक खाद्य सामग्री बनवाने के लिए अंदर ऑर्डर देने गया तो इसी दौरान मौका देखकर युवक ने कैश काउंटर से पैसे चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया और मौका देख कर भाग गया । जब कैश काउंटर पर बैठा युवक दुकान के अंदर आया तो वह है युवक के न मिलने पर हैरान हुआ और उसे शक हुआ कि कई उसमें गले से पैसे चोरी ना कर लिया उसने पैसों की जांच की तो गले के अंदर पैसे कम मिले । पैसे चोरी करते हुए की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई । दुकानदार ने सोशल मीडिया पर युवक की पैसे चोरी करते हुए की वीडियो डाली है ताकि युवक का पता लग सके।

### डा. अजयसिंह के जन्मदिन पर लगेगा रक्तदान शिविर, काटेंगे 62 किलो का केक: सिकंदर

**नारनौल।** जन नायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला के 62 वें जन्मदिन को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर निजामपुर रोड स्थित न्यू सिटी मैरिज पैलेस में 13 मार्च को प्रात: साढ़े नौ बजे 62 किलोग्राम का केक काटा जाएगा और रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। दोपहर को एक निजी होटल में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए यह जानकारी देते हुए जजपा के जिला प्रवक्ता एवं कार्यक्रम के संयोजक सिकंदर गहली ने बताया कि जजपा राजनीतिक दल ही नहीं, सामाजिक दायित्वों को निभाने वाला संगठन भी है तथा वह हर साल डा. अजय सिंह चौटाला के जन्मदिन को धूमधाम से मनाते हैं तथा इस दिन रक्तदान शिविर विशेष तौर पर आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि पिछले सालों 15 सालों से निरंतर वह इस दिन रक्तदान शिविर आयोजित करते आ रहे हैं। पिछली बार आयोजित रक्तदान शिविर में 242 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया था और अबकी बार उस रिकार्ड को तोड? की कोशिश की जाएगी। रक्तदान शिविर के लिए नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी दिल्ली की टीम को आमंत्रित किया गया है तथा नारनौल रेडक्रॉस का भी विशेष सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि डा. अजय सिंह चौटाला युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं और उनसे प्रेरित होकर ही युवा इस दिन ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने का प्रयास करते हैं। रक्तदान शिविर लगाने का उद्देश्य जरूरतमंदों की मदद करना है।

# ग्रामीण हलके की हर कॉलोनी व गांव में घर-घर जाकर सुनेंगे लोगों की समस्याएं: विजय जैन



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया** पानीपत ग्रामीण हलके के वरिष्ठ नेता विजय जैन पार्षद के कार्यालय पर बाहरी कॉलोनियों के लोगों की बैठक हुई। बैठक में फैसला लिया गया कि ग्रामीण हलके की सभी कालोनियों और गांवों में पार्षद विजय जैन द्वारा जनसंपर्क अभियान के तहत पदयात्रा की जाएगी। पदयात्रा के दौरान हलके के वरिष्ठ नेता विजय जैन हर कालोनी व हर गांव में घर-घर जाएगे और लोगों के घर जाकर ही उनकी समस्याएं सुनी जाएगी। वहीं पार्षद विजय जैन ने कहा कि पदयात्रा की शुरूवात 12 मार्च को ऐतिहासिक देवी मंदिर में पूजा अर्चना करके की जाएगी और पदयात्रा का शुभारंभ देशराज कालोनी से किया जाएगा। जैन ने कहा कि वे लोगों की सेवा करने के लिये राजनीति में आये है और लोगों की सेवा करना ही उनका प्रमुख लक्ष्य है। वहीं पानीपत ग्रामीण विकास मोर्चा के अध्यक्ष सतपाल राणा ने कहा है कि 12 मार्च को सुबह 7 बजे पानीपत के ऐतिहासिक देवी मंदिर से पूजा अर्चना करने के बाद यह जनसंपर्क पदयात्रा देवी मंदिर से शुरू होकर देशराज कॉलोनी में घर-घर जाएगी। इस अवसर पर अमरनाथ गुप्ता, राजेश ठेकेदार, डॉ. सिताब सैनी, अशोक कबीरपंथी, अंकित अग्रवाल, तरसेम बंसल, कंवरपाल खोखर, सुधीर शर्मा, प्रदीप राणा, गौरव राणा, लीला पांचाल, जिले सिंह कश्यप, करण शर्मा, अमित शर्मा, रिंकू सेन, राजवीर सैनी, जसवीर राणा, अर्जुन सिंह, परमजीत सग्गू, बलदेव अरोड़ा हनुमान, जयंत शर्मा, विकास बाल्मीकि, रविंद्र शर्मा, उषा चौहान, संतोष शर्मा व जगदीश आदि मौजूद रहे।

# पानीपत जिला के गांव शाहपुर के एक व्यक्ति से 48 लाख रूपए की ठगी

## कंपनी के 8 डायरेक्टरों ने रोजाना के हिसाब से रुपए देने का दिया गया था लालच

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया।**
पानीपत के इसराना उपमंडल के गांव शाहपुर के रहने वाले एक व्यक्ति से 48 लाख रुपए की ठगी की गई है। ठगी करने वालो ने एक कंपनी बनाई हुई थी, जिसमें एक आईडी लगाने पर 1.15 लाख रुपए बैंक के माध्यम से देने पड़ते थे और रोजाना टास्क के रूप में 100 लाईक करने पर 1700 रूपए देने का प्रलोभन दिया जाता था। व्यक्ति ने पहले 20 आईडी लगाकर 20.40 लाख रूपए कंपनी को दे दिये। उसके उपरांत पीड़ित को लालच देकर 27 आईडी और लगवाई गई। पीड़ित व्यक्ति के अनुसार कंपनी के लोग उसके गांव शाहपुर में आकर कई बार में करके 27.60 लाख रूपए ले गये। हालांकि लॉकडाउन तक आरोपी रूपए लेते रहे और लॉकडाउन लगने के बाद से आरोपियों का न ही तो बताए गए पते पर कार्यालय मिला और न ही कोई संपर्क हो पाया। उसके उपरांत पुलिस को शिकायत दी गई और एसपी के आदेशों पर अब शुक्रवार देर शाम को थाना इसराना पुलिस ने कंपनी के आठ लोगों के खिलाफ 120-बी, 420 व 406 धाराओं केतहत केस दर्ज किया है। पुलिस को दी गई शिकायत में तेजबीर निवासी शाहपुर ने बताया कि साहिबाबाद, जिला गाजियाबाद, यूपी के रहने वाले मनोज वर्मा, शुभम बिरला, वरूण कुमार, अमन शर्मा, सुनील गुप्ता, जतिन अरोड़ा, कृष्ण गोपाल शर्मा व हिमांशु सक्सेना ने एक कंपनी आईटी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड पैसेफिक बिजनेस बनाई हुई थी। कंपनी में सदस्य बनने के लिए 1 लाख 15 हजार रुपए बैंक द्वारा लिया जाता था। सदस्य को फिर सदस्यता शुल्क के अनुसार प्रति आईडी पर टारगेट देते हुए उन्हें प्रति 100 लाईक पर 1700 रुपए प्रतिदिन की पेमेंट व एक साल का भरोसा दिया जाता था।

# 'प्रदेश की भाजपा-जजपा सरकार के दावों व वादों की खुल रही है पोल'



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी ओमवीर सिंह पंवार ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में चलाये जा रहे हाथ से हाथ जोडों कार्यक्रम के तहत कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी बहन कुमारी सैलजा के निदेर्शानुसार देश के लोकप्रिय नेता राहुल गांधी की सोच को जन-जन तक पहुंचाने के लिये शनिवार को पानीपत ग्रामीण हलके में काबड़ी रोड़ स्थित अर्जुन नगर में जन संपर्क अभियान चलाया गया। जिसमें स्थानीय व्यक्ति सरदार मलकीत सिंह, मंगल सिंह व रामदत्त पाल ने अपने घर पर चाय पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओमवीर सिंह पंवार ने कहा कि प्रदेश की भाजपा-जजपा सरकार जनता से किये गये वादों पर खरा नही उतरी है और सभी वादे खोखले साबित हो रहे है। उन्होंने कहा कि देश मे बेरोजगारी के आंकड़ो में हरियाणा की दर सबसे ऊपर है। युवा बेरोजगारी के चलते भटक रहे है। पानीपत नगर निगम भष्टाचार के मामलों में लूट का अड्डा बनता जा रहा है।

# आढ़तियों ने की सरसों की खरीद शुरू करवाने की मांग

## किसानों को सरसों बिक्री के लिए सोनीपत व अन्य शहरों में जाना पड़ता है



**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
**नई अनाज** मंडी में आरती एसोसिएशन की बैठक में विधायक निर्मल चौधरी बतौर मुख्य अतिथि पहुंची जहां पहुंचने पर एसोसिएशन के प्रधान राजेश जैन व सचिव अनिल कौशिक ने विधायक का बुके देकर स्वागत किया । आरती एसोसिएशन द्वारा विधायक से गन्नौर में सरसों की सरकारी खरीद शुरू करवाने की मांग की जिस पर विधायक ने हरियाणा के सी विपणन बोर्ड के उच्च अधिकारियों से बात करा दियो कौन की समस्या के समाधान का आश्वासन दिया । आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान राजेश जैन व सचिव अनिल कौशिक ने बताया कि गन्नौर में हर साल सरसों की बिजाई बढ़ती जा रही है लेकिन गन्नौर में सरसों की सरकारी खरीद न होने के कारण किसानों को सरसों की बिक्री में परेशानी का सामना करना पड़ता है किसानों को सरसों बिक्री के लिए सोनीपत व अन्य शहरों में जाना पड़ता है उन्होंने विधायक से मांग करते हुए कहा कि अगर गन्नौर में सरकारी के सरसों की खरीद शुरू हो जाए तो गन्नौर में सरसों की बिजाई और भी पड़ेगी जिससे किसानों को फायदा होगा । विधायक निर्मल चौधरी ने आढ़तियों को संबोधित करते हुए कहा कि आढ़तियों व किसानों की समस्याओं का समाधान करवाना उनकी प्राथमिकता है किसानों की समस्याओं को लेकर अगर कहीं परेशानी आती है तो वे उन्हें अवगत करवाएं इस मौके पर आढ़ती एसोसिएशन ने विधायक का आभार व्यक्त किया इस मौके किसान ट्रेडिंग कंपनी महावीर चिरशमी, रोहतास छिकारा आदि मौजूद थे ।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
मो. नं.: 9896772006

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
मो. नं.: 9466035040

# विधायक सुरेंद्र पंवार ने निगम सोनीपत में जेई के रिक्त पदों को भरने के लिए मंत्री को लिखा पत्र

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**विधायक** सुरेंद्र पंवार ने शहरी एवं स्थानीय निकाय मंत्री, हरियाणा को पत्र लिखकर नगर निगम सोनीपत में जे.ई की कमी को उजागर किया है। उन्होंने बताया कि नगर निगम सोनीपत में जे.ई के 20 पद स्वीकृत है, लेकिन अभी 7 जेई ही नगर निगम सोनीपत को स्थाई तौर पर मिले है। उन्होंने मंत्री से मांग की है कि स्वीकृत 20 पदों पर तुरंत प्रभाव से नियुक्ति दी जाए, इसके साथ ही कम से कम 5 पद और स्वीकृत किए जाए। विधायक सुरेंद्र पंवार ने शहरी एवं स्थानीय निकाय मंत्री को लिखे पत्र में बताया कि नगर निगम सोनीपत में जेई के 20 पद स्वीकृत किए हुए है,लेकिन अभी तक 20 पदों पर पूर्ण रूप से अधिकारी नियुक्त नहीं किए गए है। सिर्फ स्थाई तौर के 7 जेई के सहारे नगर निगम को चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सोनीपत नगर निगम के अर्न्तगत 20 वार्ड है। प्रत्येक वार्ड को कम से कम 1 जेई जरूर चाहिए। कई बार देखने में आया है कि एक जेई एस्टीमेट बनाता है, कुछ माह बाद जेई की कमी होने की वजह से उसका एरिया बदल दिया जाता है, जब उस एरिया में दूसरा जेई आता है तो वह अपने तरीके से एस्टीमेट बनाता है।

# सात दिवसीय एनएसएस कैंप का हो रहा आयोजन

## कैंप का शुभारंभ मुख्यातिथि शिरकत करते हुए वाईस प्रिंसिपल डॉ० नरेश आंतिल ने किया



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**आजादी** का अमृत महोत्सव की श्रंखला में सेक्टर 12 स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप का शुभारंभ शनिवार को बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए वाईस प्रिंसिपल डॉ० नरेश आंतिल ने किया। इस कैंप में सभी वालंटियरों ने बढ़ चढकर भाग लिया। इस दौरान डॉ० नरेश आंतिल ने छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व बताते हुए अपने अनुभवों को साझा किया।
इस दौरान डॉ. सुभाष सिसोदिया ने छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए उन में समानता का भाव उजागर करने के साथ-साथ एक अच्छा नागरिक और एनएसएस वॉलिंटियर बनने की प्रेरणा दी। मध्यान्ह के स्तर में एनएसएस वॉलिंटियर्स ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर पोस्टर बनाए। कैंप के शाम के सत्र में डॉ० सविता दहिया द्वारा नशे के प्रसार को रोकने में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की भूमिका पर व्याख्यान दिया गया, जिसके अंतर्गत उन्होंने बताया कि किस तरह नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो नशे के प्रसार को रोकने के लिए कड़ी कानूनी कार्रवाई करता है तथा समाज को जागरूक करने के लिए समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाता रहता है। हाल ही में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो नशे के प्रसार को रोकने के लिए बड़े स्तर पर ई- शपथ का आयोजन करवा रहा है ।
इस दौरान शाम के ही सत्र में समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसके तहत वॉलिंटियर्स ने आसपास की जगहों पर जाकर जल संरक्षण, वायु संरक्षण पर नारे लगाए।

# बिजली सब्सिडी पर मुख्य सचिव को एलजी का फरमान

## बिजली सब्सिडी मामले पर डीईआरसी की सलाह पर 15 दिनों के भीतर लें फैसला: उपराज्यपाल वीके सक्सेना

### एलजी की सख्ती

= वैधानिक सलाह के पालन के लिए इसे मंत्रिपरिषद के समक्ष रखते हुए 15 दिनों के भीतर निर्णय लेने को कहा





**नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**राजधानी** दिल्ली में बिजली सब्सिडी के मामले में संज्ञान लेते हुए उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्य सचिव को दिल्ली बिजली नियायक आयोग (डीईआरसी) की वैधानिक सलाह के पालन के लिए इसे मंत्रिपरिषद के समक्ष रखते हुए 15 दिनों के भीतर निर्णय लेने को कहा है। मुख्यमंत्री को तत्कालीन ऊर्जा मंत्री की तरफ से व्यापार नियमों (टीओबीआर) की मिली खामियां बताते हुए मुख्यमंत्री से दिल्ली सरकार के सभी मंत्रियों से व्यापार नियमों का ईमानदारी से पालन करने का निर्देश देने का भी आग्रह किया है। आयोग की सलाह को लागू करने से 91-95 फीसदी उपभोक्ताओं को राहत मिलने के साथ ही सरकारी खजाने में 316 करोड़ रुपये तक की सालाना बचत होती। आम आदमी पार्टी सरकार को डीईआरसी ने 2020 में एक वैधानिक सलाह जारी करते हुए दिल्ली सरकार से आर्थिक तौर पर कमजोर और जरूरतमंद उपभोक्ताओं तक बिजली सब्सिडी को सीमित रखने के लिए विचार करने को कहा था। इससे 1-5 किलोवाट बिजली की खपत करने वालों को सब्सिडी का 95 फीसदी लोगों को फायदा मिलता। साथ ही गैर जरूरी उपभोक्ताओं को जिनकी खपत अधिक है, उस मद में सालाना 200-316 करोड़ रुपये की सरकारी खजाने में बचत हो सकती थी। डीईआरसी की सलाह को दरकिनार करते हुए बिजली विभाग व्यापार नियमों का उल्लंघन कर रहा है।

कैबिनेट की बगैर मंजूरी बिजली सब्सिडी योजना को जारी रखा गया। इसके लिए वित्तीय स्वीकृति नहीं होने से 316 करोड़ का बोझ बढ़ा। इससे पहले 2018 में डीईआरसी ने दिल्ली से पूछा था कि सरकार उपभोक्ताओं के खाते में सीधे बिजली सब्सिडी हस्तांतरित करने पर विचार करेगी।

### सरकारी खजाने पर बोझ पड़ा

**5 किलोवाट** से अधिक लोड वाले उपभोक्ता जरूरतमंद नहीं थे इसलिए उन्हें सब्सिडी का लाभ नहीं दिया जाना चाहिए। विद्युत विभाग के समक्ष रखी जिन्होंने तत्कालीन विद्युत मंत्री को इससे संबंधित प्रस्ताव को कैबिनेट में रखने के बजाय सब्सिडी जारी रखने से हर साल सरकारी खजाने पर करोड़ों रुपये का बोझ पड़ा।

### डिस्कॉम ने बकाये का नहीं किया था भुगतान

**इस** मामले में मुख्य सचिव ने अपनी रिपोर्ट में कमियों को उजागर किया है। व्यापार नियमों के नियम 57 के तहत एलजी वीके सक्सेना और मुख्यमंत्री को रिपोर्ट सौंपा गया। मुख्य सचिव की इस रिपोर्ट में डिस्कॉम की तरफ से बकाये का भुगतान नहीं करने की शिकायत दी गई थी। रिपोर्ट में विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 86(2) के तहत डीईआरसी ने वैधानिक सलाह दी थी। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए सब्सिडी को सीमित करने पर विचार करने को कहा गया था।

# जेल से पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया का संदेश

## साहेब जेल में डालकर मुझे कष्ट पहुंचा सकते हो, हौसले नहीं तोड़ सकते...



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
कथित आबकारी घोटाले में जेल में बंद दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से एक बार फिर ट्वीट हुआ है। इसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित करते हुए कुछ बातें कहीं हैं, हालांकि ट्वीट में साहेब शब्द का उपयोग किया गया है। सिसोदिया के अकाउंट से ट्वीट किया हुआ है, 'साहेब जेल में डालकर मुझे कष्ट पहुंचा सकते हो, मगर मेरे हौसले नहीं तोड़ सकते, कष्ट अंग्रेजो ने भी स्वतंत्रता सेनानियों को दिए, मगर उनके हौसले नहीं टूटे। - जेल से मनीष सिसोदिया का संदेश'। मनीष सिसोदिया ने होली वाली शाम को भी अपने ट्विटर से एक ट्वीट किया था जिस पर भाजपा ने सवाल उठाया था कि आखिर सिसोदिया ने ट्वीट कैसे किया, क्या जेल में उनके पास मोबाइल है।

# 3 लोगों की आंखों में मिर्च डालकर चापड़ से किया वार, एक की मौत

### आरोपी फरार

= इस हमले में आरोपित के साले नीरज की मौके पर ही मौत हो गई। सास और साले की पत्नी का अस्पताल में इलाज चल रहा




**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** के कल्याणपुरी इलाके के कल्याणवास में उत्तराखंड में रहने वाले महेंद्र नाम के व्यक्ति ने अपने पूर्व ससुराल पक्ष के तीन लोगों को पर चापड़ से हमला कर दिया। इसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार आरोपित महेंद्र का अपनी पत्नी से मन मुटाव के चलते दो साल पहले ही तलाक हो गया था। शनिवार सुबह वह अचानक अपने ससुराल पहुंचा। अरोपिय ने पहले घर मे मौजूद पीड़ितों की आंखों में मिर्च का पाउडर डाला, उसके बाद चापड़ से वार कर दिया। इस हमले में आरोपित के साले नीरज की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सास सुनीता और साले की पत्नी विमल का लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में इलाज चल रहा है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

**वारदात के समय घर में बच्चे भी थे मौजूद:** मृतक नीरज के बड़े बेटे पीड़ित विनीत ने बताया कि सुबह करीब साढ़े छह बजे आरोपित महेंद्र उनके घर आया। उस समय उनके पिता सो रहे थे। घर में दादी, मां, छोटा भाई नैतिक, बहन ट्विंकल और वह स्वयं मौजूद थे। आरोपित ने घर में घुसते ही सबसे पहले उनके पिता की गर्दन पर चापड़ रखा और बिना कुछ कहे एक झटके में गर्दन काट दी। इसके बाद दादी औ मां पर कई वार किए। फिर उनकी आंखों में लाल मिर्च का पाउडर डालकर और गर्दन पर वार करके भाग गया।

### आरोपित की पत्नी ने अगस्त में कर ली थी दूसरी शादी

**आरोपित** का अपनी से मन-मुटाव के चलते दो साल पहले ही तलाक हो चुका था। विनीत ने बताया कि उसकी बुआ वंदना आरोपित के साथ दो साल पहले त्रिलोकपुरी में रहती थी। उनका सात वर्ष का बेटा भी है, जिसका नाम वंश है। आरोपित बहुत शराब पीता था, जिस कारण उनके बीच काफी लड़ाई झगड़े होते थे। इसके बाद दोनों ने एक दूसरे से अलग हो गए और तलाक ले लिया। इसके बाद आरोपित उत्तराखंड चला गया। पिछले वर्ष अगस्त में उनकी बुआ ने भी खुद की मर्जी से दूसरी शादी कर ली थी। वह त्रिलोकपुरी 21 ब्लाक में अपने दूसरे पति के साथ रहती है। उनके दूसरे पति की भी पहली शादी से एक बेटी है। विनीत का कहना है कि उन्हें कोई जानकारी नहीं कि आरोपित ने उनके परिवार पर हमला क्यों किया। दो साल में उनके परिवार को कोई सदस्य आरोपित से नहीं मिला।

# बचपन में मेरे पिता करते थे मेरा यौन शोषण: स्वाति

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**स्वाति** मालीवाल ने शनिवार को दिल्ली सरकार एक कार्यक्रम में सनसनीखेज खुलासा कहते हुए कहा कि मेरे पिता मेरे साथ यौन शोषण करते थे। इस पीड़ा से मैं अपनी मां, मासी, मौसा और नाना-नानी की वजह से बाहर आ सकी। स्वाति ने कहा कि जब मैं बच्ची थी तब पिता मेरा शोषण करते थे। वह मुझे पीटते थे, जिससे मैं बिस्तर के नीचे छिप जाती थी। वो घर आते थे तो बहुत डर लगता था। पूरी रात प्लानिंग करती थी कि तरीके से महिलाओं को उनका हक दिलाउंगी। इस तरह के आदमी जो महिलाओं के साथ शोषण करते हैं बच्चियों के साथ शोषण करते हैं उनको सबक सिखाउंगी। एक बार का किस्सा बताते हुए उन्होंने कहा कि मुझे अभी तक याद है, जब वो मुझे मारने पर आते थे तो मेरी चोटी पकड़ते थे और दीवार पर जोर से सिर मार देते थे, जिससे चोट लगती थी और खून बहता रहता था। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि जब एक इंसान बहुत अत्याचार सहता है तभी वो दूसरों का दर्द समझ पाता है। तभी उनके अंदर ऐसी आग जागृत होती है जिससे वो पूरा सिस्टम हिला पाता है।

### आरोप

= जब मैं बच्ची थी तब पिता मेरा शोषण करते थे। वह मुझे पीटते थे, जिससे मैं बिस्तर के नीचे छिप जाती थी


केंद्रीय संस्कृति राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने साहित्य अकादमी के छह दिवसीय साहित्योत्सव का शनिवार को शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें समाज में एक ऐसी सकारात्मकता पैदा करनी है जिससे हमारा देश विकासशील की जगह विकसित राष्ट्र की पदवी पा सके।

# होली पर जापानी लड़की को छेड़ने वाले हिरासत में

### गलती कबूली

= आरोपियों ने अपनी गलती कबूल कर ली है। पुलिस ने जानकारी दी कि पहाड़गंज में रह रही जापानी लड़की ने भारत छोड़ दिया है



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली में** होली के दिन जापानी लड़की के साथ छेड़छाड़ करने वाले 3 लड़कों को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। इसमें एक लड़का नाबालिग है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने अपनी गलती कबूल कर ली है। पुलिस ने जानकारी दी कि पहाड़गंज में रह रही जापानी लड़की ने भारत छोड़ दिया है और वह बांग्लादेश चली गई है। पुलिस ने यह भी बताया कि उन्होंने जापानी ऐंबैसी को लिखकर लड़की को पहचानने में मदद मांगी थी, लेकिन ऐंबैसी ने बताया कि उन्हें ऐसी किसी घटना के बारे में कोई जानकारी नहीं है। डिप्टी पुलिस कमिश्नर संजय कुमार सैन ने बताया कि सही जानकारी निकालने के लिए वीडियो को एनालाइज किया जा रहा है।

**लड़की को जबरदस्ती रंग लगाया, सिर पर अंडे फोड़े थे:** रिपोर्ट्स के मुताबिक, लड़की जापान से पहली बार भारत होली खेलने आई थी। इस घटना का वीडियो खुद लड़की ने शेयर किया था, लेकिन बाद में अकाउंट से हटा लिया। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें दिख रहा था कि लड़कों का एक ग्रुप एक जापानी लड़की के साथ जबरन होली खेल रहा है।

# 'डब्ल्यूएचओ जल्द घोषित कर सकता है भारत को ट्रेकोमा मुक्त'

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**विश्व** स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) जल्द ही भारत को ट्रेकोमा मुक्त घोषित कर सकता है। ट्रेकोमा जीवाणु संक्रमण से होने वाली आंखों की बीमारी है, जो संक्रमितों की आंखों, पलकों और नाक या गले के स्राव के संपर्क में आने से फैलती है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली का डॉ. राजेंद्र प्रसाद सेंटर इसकी रोकथाम के लिए प्रयास कर रहा है। सेंटर प्रमुख प्रोफेसर जीवन एस टिटियाल ने कहा कि एम्स नोडल सेंटर के रूप में काम कर रहे हैं। देश को ट्रेकोमा मुक्त घोषित करने के लिए डब्ल्यूएचओ ने जो मानक तय किए हैं, भारत उसे पूरा कर रहा है। उम्मीद है कि डब्ल्यूएचओ जल्द भारत को ट्रेकोमा मुक्त घोषित करेगा। उन्होंने कहा कि यह संक्रमण रोग है जो रुमाल जैसी संक्रमित वस्तुओं को छूने से फैल सकता है।

**केंद्रीय नेत्र जांच प्रयोगशाला का उद्घाटन:** डॉ. राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र के 56वां वार्षिक स्थापना दिवस के अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण, एम्स निदेशक डॉ श्रीनिवास एम ने सेंटर में नई केंद्रीय नेत्र जांच प्रयोगशाला (सीओआईएल) का उद्घाटन किया। इस लैब से मरीजों को अत्याधुनिक जांच की सुविधा मिलेगी।

# पुलिस को मिली सतीश कौशिक की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट




### जांच जारी

= पुलिस ने फिर से फार्महाउस का दौरा किया, जहां अभिनेता ने इस सप्ताह के शुरू में निधन से पहले होली पर पार्टी की थी

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**बॉलीवुड** मशहूर अभिनेता सतीश कौशिक की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने शनिवार को फिर से उस फार्महाउस का दौरा किया, जहां दिग्गज अभिनेता ने इस सप्ताह के शुरू में निधन से पहले होली पर पार्टी की थी।

**पोस्टमार्टम में नहीं लगा कुछ भी संदिग्ध:** पुलिस सूत्रों के अनुसार, दिवंगत अभिनेता की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद, दिल्ली पुलिस फिर से फार्महाउस पहुंची और सीसीटीवी फुटेज का जांच की। सूत्रों के मुताबिक 66 वर्षीय अभिनेता की मौत की जांच पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर होगी। वहीं, पोस्टमार्टम के दौरान मौजूद डॉक्टरों को अभिनेता की मौत पर कुछ भी संदिग्ध नहीं लगा। दिल्ली पुलिस ने कहा, "मृत अभिनेता के रक्त के नमूने और दिल की रिपोर्ट का अभी इंतजार है और यह एक पखवाड़े के भीतर आ जाएगी।" इससे पहले दिन में, दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने कहा कि दिल्ली के दक्षिण-पश्चिम जिले की पुलिस की एक अपराध टीम ने उस फार्महाउस का दौरा किया, जहां अभिनेता रुके थे। सूत्रों के अनुसार, जांच टीम ने फार्महाउस से कुछ 'दवाएं' बरामद की, जहां एक उद्योगपति द्वारा पार्टी आयोजित की गई थी। फार्महाउस से बरामद हुई "दवाओं की जांच की जा रही है।" पुलिस ने बताया कि एक उद्योगपति के फार्म हाउस पर आयोजित हुई पार्टी में आए मेहमानों की लिस्ट को खंगाला जा रहा है। इस पार्टी के आयोजन में एक उद्योगपति भी शामिल है जो एक मामले में फरार चल रहा है।

उल्लेखनीय है कि होली पर देर रात अचानक सतीश कौशिक को सीने में दर्द शुरू होने के बाद उन्हें फार्महाउस से गुरुग्राम ले जाया जा रहा था तो रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया था। अभिनेता की मौत की सूचना मिलते ही विकास फरार हो गया और अगले ही दिन दुबई भाग गया।

# वीवीआइपी वार्ड में हैं सिसोदिया: सुकेश

## सुकेश चंद्रशेखर ने एलजी को लिखी चिट्ठी में किया दावा



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**ठगी के** मामले में तिहाड़ जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर ने जेल से एलजी को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने आम आदमी पार्टी के अधिकारियों व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उन दावों को खारिज किया है, जिसमें कहा गया है कि मनीष सिसोदिया को जेल में खूंखार अपराधियों के साथ रखा गया है और उनकी जान को खतरा है। सुकेश ने पत्र में दावा किया कि सिसोदिया जेल नंबर एक के वार्ड नंबर-9 में रखा गया है। यह वार्ड तिहाड़ जेल का सबसे वीवीआइपी वार्ड है। यहां वीआइपी और हाई प्रोफाइल कैदियों के लिए करीब 20 हजार वर्ग फुट में एक विशेष वार्ड है। इसमें लकड़ी के फर्श लगे हैं और यहां सभी सुविधाएं मौजूद हैं। यहां पर घूमने के लिए एक बड़ा बगीचा, बैडमिंटन कोर्ट और एक डाइनिंग एरिया भी है। उसने लिखा है कि वे खुद वर्ष 2017-18 में सत्येंद्र जैन के निर्देश पर यहां बंद थे। उसका दावा है कि फिलहाल यहां सिसोदिया के साथ कुछ पुराने कैदियों और सेवादारों को रखा गया है। यहां गैंगस्टर या गंभीर अपराधियों के होने का आम आदमी पार्टी का आरोप गलत है। सुकेश ने कहा कि जेल प्रशासन पूरी तरह से आम आदमी पार्टी, खासकर सत्येंद्र जैन के हाथों की कठपुतली है। ज्ञात हो कि इससे पहले भी सुकेश चंद्रशेखर ने पांच पन्ने की चिट्ठी लिखकर मुख्यमंत्री अरविंद केजीरवाल और मनीष सिसोदिया पर गंभीर आरोप लगाए थे।

# मकान में रंग-रोगन कराने से पहले संभलें

## पेंटर ने ही घर में लगाई सेंध, कुछ दिन पहले उसने ही की थी रंगाई-पुताई



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली के** पॉश इलाके सैनिक फार्म में रिटायर चीफ इंजीनियर के घर में पेंटर ने रंगाई-पुताई के दौरान रेकी कर बाद में घर से 60 तोले से ज्यादा डायमंड, सोनी व चांदी की ज्वेलरी चोरी कर ली। हालांकि आरोपी पेंटर ब्रह्मदेव यादव दिल्ली से भाग पाता उससे पहले ही नेबसराय थाना पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चुराई गई पूरी ज्वेलरी बरामद कर ली गई है।

एनडीएमसी से चीफ इंजीनियर के पद से रिटायर बीके बंसल (72) अपने अविवाहित बेटे के साथ एच-69 सी ईस्टर्न एवेन्यू में रहते हैं। उनके घर में दो मार्च को चोरी हो गई। चोर घर से 60 तोला से ज्यादा की ज्वेलरी ले गए। मामला दर्ज कर नेब सराय थाना पुलिस ने टीम बनाकर जांच शुरू की। घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद आरोपी ब्रह्मदेव यादव (36) को कुम्हार मोहल्ला, देवली गांव से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चुराई गई पूरी ज्वेलरी बरामद कर ली गई। दक्षिण जिले के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि आरोपी सेंधमार है। उसने कुछ दिन पहले ही पीड़ित के घर में रंगाई-पुताई की थी और ये पता कर लिया था कि ज्वेलरी कहां रखी है।

# अंतर्राष्ट्रीय ड्रग्स कार्टेल का भंडाफोड़, तीन विदेशी नागरिक गिरफ्तार



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** पुलिस की स्पेशल सेल ने एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स कार्टेल का भंडाफोड़ कर तीन विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से पुलिस ने 14.5 किलोग्राम प्रतिबंधित मेथाक्वालोन नामक ड्रग्स बरामद की है। पुलिस का दावा है कि बरामद ड्रग्स की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 60 करोड़ रुपये से अधिक की कीमत है। गिरफ्तार आरोपितों में नाइजीरिया के नमानी, चिनजी और आइवरी कोस्ट का रहने वाला फ्रैंक ओमरलब्राहिम हैं। यह सभी पर्यटन वीजा पर आए थी। जांच में पता चला है कि आरोपितों की वीजा अवधि समाप्त हो चुकी है। कार्टेल के सदस्य ग्रेटर नोएडा की एक पाश कालोनी में एक घर में ड्रग्स स्टोर करते थे। स्पेशल सेल के विशेष पुलिस आयुक्त हरगोविंद सिंह धालीवाल के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर से देश के कुछ हिस्सों में ड्रग्स की तस्करी में अफ्रीकी मूल के कई व्यक्तियों के शामिल होने की जानकारी थी। चार मार्च को धौला कुआं-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर एक पेट्रोल पंप के पास मेथाक्वालोन की खेप के साथ एक नाइजीरियाई नागरिक नमानी को पकड़ा गया था। उसके पास से 4.680 किलोग्राम मेथाक्वलोन बरामद की गई। आरोपित ने ड्रग्स को गत्ते के बक्सों में छुपाकर बैग में रखे कपड़ों से लपेटा हुआ था। उससे पूछताछ के बाद पता चला कि वह दिल्ली-एनसीआर में अफ्रीकी मूल के व्यक्तियों द्वारा चलाए जा रहे ड्रग कार्टेल का सदस्य है। उसने यह बताया कि बरामद ड्रग्स को उसने ग्रेटर नोएडा के रहने वाले आइवरी कोस्ट के फ्रैंक ओमरलब्राहिम से खरीदा था। इसके बाद पांच मार्च को जनकपुरी के माता चनन देवी अस्पताल के पास से फैंक को पकड़ा गया। उसकी कार की डिग्गी से आठ किलो मेथाक्वलोन बरामद किया।

### बेंगलुरु और मुंबई में भी फैला रखा है जाल

**पुलिस** अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित दिल्ली-एनसीआर के अलावा के बेंगलुरु और मुंबई में भी ड्रग्स भेजते थे। दिल्ली में तीनों तस्कर आइएनए मार्केट, वसंत कुंज माल, सी-1 जनकपुरी और विकासपुरी के इलाकों में ड्रग्स का आदान-प्रदान करते थे। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वह ड्रग्स ले जाने के दौरान ट्रेन और हवाई यात्रा नहीं करते थे। खेप पहुंचाने के बाद हवाई मार्ग से दिल्ली आते थे। आरोपित नमानी छह महीने के पर्यटक वीजा पर मार्च 2022 में भारत आया था, लेकिन वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी वह रह रहा था। फ्रैंक भी छह महीने के पर्यटक वीजा पर जनवरी 2022 में भारत आया था, लेकिन वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद वह भी अपने देश नहीं लौटा। वहीं चिनजी जनवरी 2018 में छह महीने के पर्यटन वीजा पर भारत आया था। उसके बाद वह अपने देश नाइजीरिया नहीं लौटा और तब से अवैध रूप से भारत में रह रहा है। फिलहाल पुलिस आरोपितों के अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

## न्यूज फ्लैश

### वीमेन्स टी20 चैम्पियनशिप के दौरान वी20फैन फेस्ट में हिस्सा लें और हर मैच में आईफोन जीतने का मौका पाएं

**गुरुग्राम।** जाना- माना दूरसंचार सेवा प्रदाता वी भारत में वीमेन्स क्रिकेट टी20 चैम्पियनशिप के दौरान रोचक प्रतियोगिता का संचालन कर रहा है, जिसके तहत उपभोक्ताओं को हर मैच के लिए एक आईफोन और कई आकर्षक उपहार जीतने का मौका मिलेगा। महिला क्रिकेट के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर वी प्रतिभागियों को वी 20 फैन फेस्ट प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। वी के उपभोक्ता इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर ढेरों उपहार जीत सकते हैं। वी 20 फैन फेस्ट में हिस्सा लेकर यूजर हर मैच के लिए एक आईफोन जीत सकते हैं और साथ ही कई अन्य आकर्षक उपहार जैसे - टैक गैजेट्स जैसे गो प्रोस, गिम्बल्स, ब्लूटुथ हैडफोन, ब्लूटुथ स्पीकर, पोर्टेबल स्टोरेज, ईयर पॉड्स और गिफ्ट वाउचर जीतने का मौका पा सकते हैं। वी20 फैन फेस्ट प्रतियोगिता के दौरान 50 भाग्यशाली विजेताओं को टेक गैजेट्स जीतने का मौका मिलेगा, वहीं 22 विजेता आईफोन जीत सकेंगे। प्रतियोगिता 26 मार्च 2023 तक वैद्य होगी।

### क्रोमा ने बहुप्रतीक्षित समर सेल की घोषणा की

**ग्रेटर नोएडा।** भारत के पहले और विश्वसनीय ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर और टाटा समूह का एक ब्रांड क्रोमा ने बहुप्रतीक्षित समर सेल की घोषणा की है। इसमें क्रोमा के उपभोक्ता घरेलु उत्पादों की विशाल रेन्ज पर कई आकर्षक ऑफर्स का लाभ ले सकते हैं। इस साल गर्मियां जल्दी शुरू होने की उम्मीद है, तपती गर्मी से निपटने के लिए घरों को तैयार करने करने का अवसर इस समर सेल में मिल रहा है। क्रोमा के समर सेल में एयर कंडीशनर्स, रूम कूलर्स, रेफ्रिजरेटर्स और कई उत्पादों पर 45% तक की भारी छूट पायी जा सकती है। क्रोमा में एयर कंडीशनर्स की विशाल श्रेणी प्रस्तुत की गयी है। 350 से ज्यादा एसी, 450 से ज्यादा रेफ्रिजरेटर्स में से उपभोक्ता अपनी पसंद और जरूरत के मुताबिक उत्पाद चुन सकते हैं, साथ ही एक्सचेंज और अपग्रेड लाभ, कैशबैक ऑफर्स और 18 महीनों तक के ईएमआई के विकल्प भी पाए जा सकते हैं। क्रोमा में स्प्लिट एसी की कीमतें सिर्फ 27,990 रुपयों से आगे, रूम कूलर्स की कीमतें सिर्फ 5,990 रुपयों से आगे और क्रोमा फ्रॉस्ट फ्री रेफ्रिजरेटर्स की कीमतें सिर्फ 21,990 रुपयों से आगे हैं। चिलचिलाती गर्मी से राहत पाने के सभी उत्पादों को क्रोमा के समर सेल में शामिल किया गया है। पुराने, छोटे रेफ्रिजरेटर को अपग्रेड करने के लिए बड़ा रेफ्रिजरेटर खरीदना चाहने वाले उपभोक्ताओं के लिए साइड-बाय-साइड 630 लीटर के कन्वर्टिबल रेफ्रिजरेटर्स भी यहां हैं जिनकी कीमतें सिर्फ 64,990 रुपयों से आगे हैं। अपनी जरूरतों के मुताबिक सही उत्पाद चुनने के लिए उपभोक्ता क्रोमा के कर्मचारियों से विशेष सलाह भी ले सकते हैं। इतनाही नहीं, क्रोमा के समर सेल में ज्यूसर मिक्सर ग्राइंडर, फैन और दूसरे उपकरणों पर भी इस समर सेल में अतुलनीय ऑफर्स दी जा रही हैं। गर्मियों से राहत पाने के लिए उपभोक्ताओं को सबसे बेहतरीन डील्स और आधुनिकतम प्रौद्योगिकी के लाभ दिलाने के लिए क्रोमा ने कोई भी कसर नहीं छोड़ी हैं।

### सीएम शिवराज के जाते ही गोवर्धन हुआ जाम बाहरी वाहनों के चलते लगा जाम श्रद्धालु परेशान

**मथुरा।** माननीय एनजीटी न्यायालय द्वारा गोवर्धन सप्तकोसीय परिक्रमा मार्ग को नो व्हीकल जोन घोषित करते हुए बाहरी वाहनों को, एम्बुलेंस एवं स्थानीय लोगों को जारी पास अथवा आधार कार्ड के जरिए प्रवेश को छोड़कर, पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया था लेकिन इसके बावजूद अनवरत रूप से उक्त आदेशों की परवाह न कर बाहरी वाहनों को गोवर्धन के अंदर प्रवेश कराया जाता रहता है जिस कारण अंदर कस्बे में भारी जाम की स्थिति बनी रहती है। वहीं, जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए हैं।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात्रि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के आगमन के बाद एनजीटी के आदेशों का ही हवाला देकर शनिवार सुबह तक वाहनों को कस्बे में अंदर प्रवेश से रोक दिया गया था लेकिन मुख्यमंत्री की रवानगी के बाद गोवर्धन में प्रमुख प्रवेश मार्ग बस स्टैंड स्थित एकता तिराहा, डीग अड्डा, सौंख अड्डा तिराहा व अन्य जगहों पर स्थित पुलिस बैरियर से बाहरी वाहनों को अंदर प्रवेश करा दिए जाने से जाम के हालात रहे। वहीं, सौंख अड्डा से लेकर दानघाटी मंदिर व जतीपुरा मोड़ तक वाहन स्वामियों द्वारा अपने वाहन बेतरतीब तरीके से सड़क पर ही पार्क किए जाने से भयंकर जाम रहा। इस दौरान जाम से छुटकारा दिलाने हेतु तैनात पुलिसकर्मी दानघाटी मन्दिर व थाने के सामने जूझते रहे। बाहर से आने वाले तमाम श्रद्धालु अपने वाहन पार्किंग में खड़ा करने के बजाय सीधा प्रमुख मंदिरों व होटल-गेस्टहाउसों तक ले जाने हेतु तैनात पुलिसकर्मियों से जिद करते हैं।

# विज के जनता दरबार में पहुंचे हजारों फरयादी

**8 बेटी मस्कुलर डिस्ट्रॉफी की चपेट में है। इस बीमारी से बचने के लिए 17 करोड़ रुपए का इंजेक्शन लगेगा**





**अम्बाला/मनीष कुमार**
**छावनी के** पीडब्लयूडी रेस्ट हाउस में आयोजित गृहमंत्री अनिल विज के खुले दरबार में आज पूरे हरियाणा से सैंकड़ो लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। गृह मंत्री ने लोगों की शिकायत सुनकर अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिये। इस बीच पानीपत से पहुंची महिला ने जनता दरबार में बिलखते हुए गुहार लगाई कि उसकी 4 माह की मासूम की जान खतरे में है। बेटी मस्कुलर डिस्ट्रॉफी की चपेट में है। इस बीमारी से बचने के लिए 17 करोड़ रुपए का इंजेक्शन लगेगा। इस पर गृह मंत्री ने महिला को पानी पिलाया और इंजेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने का सुझाव दिया। जींद से पहुंची महिला ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी को गांव का ही एक युवक 1 जनवरी को भगा कर ले गया था। 12 जनवरी को उसकी बेटी का सुराग लगा। महिला थाना पुलिस रोहतक में आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज किया गया था, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की गृह मंत्री अनिल विज ने सुनवाई करते हुए तुरंत एसपी रोहतक को कॉल करके आरोपी को गिरफ्तार करने के आदेश दिए। कैथल से पहुंची गुरप्रीत ने बताया कि उसके पति को 2 साल का वीजा कहकर मलेशिया भेज दिया। इसकी एवज में एजेंट ने 1.20 लाख रुपए लिए थे। मलेशिया में तबियत बिगड़ने पर उसके पति ने वापस आना चाहा तो पता चला कि एजेंट ने मात्र 9 दिन का वीजा लगाया था। गृह मंत्री अनिल विज ने एसपी कैथल को शिकायत भेजकर कार्रवाई के निर्देश दिए। आज विज के दरबार को लेकर एक और जहां सुरक्षा को लेकर कडे बंदोबस्त किए गए थे। तो वहीं दूसरी ओर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए डीएसपी, अंबाला छावनी के एसडीएम और आईजी अंबाला रेंज सिवास कविराज भी मौजूद रहें।

## असीम गोयल ने किया राजपूत भवन का शिलान्यास



**अंबाला (मनीष कुमार)**
**राजपूत** सभा अम्बाला द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे असीम गोयल व प्रदेश कार्यकारिणी की सदस्य व सांसद रतनलाल कटारिया की प्रतिनिधि बंतो कटारिया द्वारा राजपूत छात्रावास एवं धर्मशाला अम्बाला शहर में भूमि पूजन के उपरांत महाराणा प्रताप भवन का शिलान्यास किया गया। राजपूत सभा के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ व पगड़ी पहनाकर तलवार भेंट की गई।

विधायक असीम गोयल ने महाराणा प्रताप भवन के शिलान्यास की उपस्थित लोगों को बधाई देते हुए कहा कि जिस प्रकार से महाराणा प्रताप का नाम पूरे भारत में ही नहीं पूरे विश्व में जिस सम्मान के साथ वीरता, शौर्य पराक्रम को लेकर लिया जाता है। मुझे लगता है कि यह निश्चित ही ऐसा भवन और एक स्मारक भी उनके नाम से बनेगा, जो आने वाली कई पीढियों को निरंतर अपने धर्म के उपर टिके रहने और बलिदान, शौर्य और पराक्रम की कहानियां याद दिलाता रहेगा।

## मांगों को लेकर लेक्चरर वेलफेयर एसो. का दल मिला शिक्षा अधिकारियों से



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**लेक्चरर वेलफेयर** एसोसिएशन के राज्य प्रधान डॉ.रविंद्र डिकाडला व चेयरमैन रामफल सहरावत की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल माध्यमिक शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों सतवीर सिंह मान व सतपाल शर्मा अतिरिक्त महानिदेशक से पंचकूला स्थित शिक्षा सदन में मिला। जहां पर दोनों अधिकारियों के समक्ष प्रतिनिधिमंडल ने प्राध्यापक वर्ग की लंबित मांगों को रखा। जिनमें से दो मांगे पूर्ण कर दी गई। राज्य प्रधान डॉ.रविंद्र डिकाडला ने बताया कि लवा पिछले कुछ माह से लेक्चरर से प्रिंसिपल पद पर प्रमोशन सीनियरिटी नंबर 4500 तक डिमांड थी अब विभाग ने 4450 सीनियरिटी तक प्रमोशन केस मांग कर डिमांड को पूरा कर दिया तथा साथ ही मेवात क्षेत्र में कार्यरत प्राध्यापकों को अतिरिक्त वेतन 10000 प्रति माह का पत्र जारी करके दूसरी डिमांड को भी पूरा कर दिया है। लवा के महासचिव महावीर गहलावत ने सभी स्कूलों में वॉइस प्रिंसिपल का पद देने की मांग रखी। विक्रम बेनीवाल वित्त सचिव ने स्थायीकरण जल्द करने की मांग रखी क्योंकि 2009 के बाद किसी भी प्राध्यापक को स्थाई नहीं किया गया है। कैथल जिला के प्रधान अनिल कुमार ने एलटीसी का बजट जारी करने व पेंडिंग एलटीसी मामले जल्द देने की मांग रखी। इस पर अतिरिक्त डायरेक्टर सतवीर सिंह मान ने बताया कि अब तक के सारे केस कर दिए हैं और इस प्रक्रिया को और अधिक तेज किया जा रहा है।

## भाजपा-जजपा के झूठे दावों और वादों की पोल खुलती जा रही है: ओमवीर पंवार

**पानीपत:** कांग्रेस नेता ओमवीर सिंह पंवार ने अपने जनसम्पर्क अभियान के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में चलाये जा रहे हाथ से हाथ जोडो कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुये व पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के वार्ड न. 24 काबड़ी रोड स्थित अर्जुन नगर में स्थानीय निवासी सरदार मलकीत सिंह, मंगल सिंह व रामदत्त पाल ने अपने अपने निवास पर चाय पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया । जिसमें उपस्थित कॉलोनीवासियों को सम्बोधित करते हुये कांग्रेस नेता व ओमवीर सिंह पंवार ने कहा कि प्रदेश की भाजपा-जजपा सरकार के द्वारा जनता से किये वायदों पर खरा नही उतर रही है। सभी वायदे खोखले साबित हो रहे हैं।

## औषधि निरीक्षक-पुलिस ने संयुक्त रूप से पकड़ा अवैध दवाओं का जखीरा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
**थाना जमुनापार** क्षेत्र में स्थित से कथित डॉक्टर के मकान में अवैध दवाओं के भंडारण की सूचना पर औषधि निरीक्षक और इलाका पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही कर 10 लाख रुपए से अधिक की दवाइयों को कब्जे में लेकर एक होम्योपैथिक चिकित्सक को हिरासत में लेकर कार्रवाई की है इससे क्षेत्र में अवैध दवाओं के कारोबारियों झोलाछाप डॉक्टरों अवैध मेडिकल संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

जानकारी के अनुसार औषधि निरीक्षक एके आनंद और जमुनापार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नगला हरप्रसाद में एक मकान पर छापा मारा जिसके मालिक को विनोद कुमार पुत्र भगवान सिंह को बुलाकर मकान की तलाशी ली गई तो उसमें एलोपैथिक दवाओं का अवैध भंडारण पाया गया जिनमें से 3 दवाओं के सैंपल भरकर जांच के लिए भेजे हैं।

बाकी दवाओं को कब्जे में लेकर विनोद कुमार को और उसके भाई को हिरासत में लेकर थाना जमुनापार लाया गया जहां कानूनी कार्रवाई के उपरांत विनोद कुमार के भाई को क्लीन चिट देते हुए छोड़ दिया गया औषधि निरीक्षक आनंद ने बताया पकड़ी गई दवाओं की कीमत 10 लाख रुपए से अधिक है बताया जाता है विनोद कुमार के पिता भगवान सिंह जिनका लक्ष्मी नगर राया रोड पर डॉक्टर भगवान सिंह के नाम से क्लीनिक और अस्पताल संचालित है जहां पर मरीजों को बढ़ती करने और उपचार करने का गैरकानूनी धंधा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के संरक्षण में कई दशकों से चल रहा है जिस पर स्वास्थ्य विभाग ने आज तक कोई कार्यवाही नहीं की है।

अब यह मामला पकड़ मैं आने के बाद सीएमओ मथुरा भी अपने स्तर से कार्रवाई कर पाएंगे यह प्रश्न समय के गर्भ में है !

# 'आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा देने का काम करती है प्रदर्शनी'



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा** के पट्टीकल्याणा स्थित सेवा साधना एवं ग्राम विकास केंद्र में चल रही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा परिसर में संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य भय्याजी जोशी द्वारा आज भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। उनके साथ संघ के उत्तर क्षेत्र संघचालक सीताराम व्यास, हरियाणा प्रांत संघचालक पवन जिंदल भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर भय्याजी जोशी ने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी हमारी आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा देने का काम करती हैं। ये युवा पीढ़ी को अपने ऐतिहासिक, धार्मिक स्थलों व इतिहास के बारे में जानकारी देने में सहायक सिद्ध होती हैं।

प्रदर्शनी की झलकियां .

प्रदर्शनी में हरियाणा के इतिहास का वर्णन कर रहे शिलालेखों के बारे में दशार्या गया है। इसमें अशोक, शुंगकालीन से लेकर प्रथम विश्व युद्ध तक के शिलालेख हैं। वहीं नाथ सम्प्रदाय, दादू पंथी सहित अन्य सम्प्रदायों के भी शिलालेख हैं। प्राचीन धर्मशालाओं, स्कूलों, चिकित्सालयों, मंदिरों, तालाबों, कुओं के बारे में भी प्रदर्शनी में दशार्या गया है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में हरियाणा के योगदान व हरियाणा के स्वतंत्रता सेनानियों, सरस्वती शोध संस्थान द्वारा सरस्वती नदी के विकास की यात्रा, हरियाणा की संस्कृति, खान.पान, वेशभूषा, तीज-त्यौहार,

उत्सव, हरियाणा के धार्मिक, ऐतिहासिक, पर्यटन स्थल, ऐतिहासिक गुरुद्वारे व हरियाणा की भौगोलिक जानकारी भी है। हरियाणा के विख्यात व्यक्तित्व, उद्योगपति, कलाकार, खिलाड़ी, सेना के वरिष्ठ अधिकारियों, ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे सेवा व समाज कार्यों को भी प्रदर्शित किया गया है। स्वावलंबी भारत अभियान के साथ देश में स्वरोजगार को कैसे बढ़ावा दिया जा रहा है इसके बारे में भी विस्तृत रुप से जानकारी दर्शाई गई है। हरियाणा में आपदा के दौरान संघ के स्वयंसेवकों द्वारा किए गए राहत व सेवा कार्यों को भी दिखाया गया है। हरियाणा में संघ कार्य को खड़ा करने में अपना जीवन देने वाले संघ के वरिष्ठ प्रचारकों की जीवनी के साथ-साथ प्रदर्शनी में चार डिजिटल प्रदर्शनी भी हैं। इसमें वीडियो के माध्यम से सेवा साधना एवं ग्राम विकास केंद्र से समाज को क्या लाभ होगा, इसके बारे में भी बताया जा रहा है।

## अम्बाला छावनी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन आज

**अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**
**देश और** दुनिया में अंबाला को एक नई सांस्कृतिक पहचान देने की पुरजोर कोशिश देश की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक दुनिया में किसी समय अंबाला का नाम इंडो पाक मुशायरों के लिए मशहूर था लेकिन धीरे-धीरे वक्त के साथ यह परंपरा खत्म हो गई। अब कई वर्षो बाद अंबाला की,सांस्कृतिक गतिविधि में एक बार फिर से करवट बदलने लगी है जिस की घमक यहां सक्रिय प्रिंसिपल नंदलाल शर्मा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की गतिविधियों से लगने लगा है। 12 मार्च से 15 मार्च तक चलने वाला सांस्कृतिक उत्सव संगीत, लोक नृत्य, नाटक एवं कवि सम्मेलन पर केंद्रित रखा गया है। प्रतिदिन कार्यक्रम का आरंभ शाम 5.30 बजे से होगा। संगीत के अंतर्गत 12 मार्च को स्थानीय सुभाष पार्क के ओपन एयर थिएटर में सूफियाना म्यूजिकल इवनिंग का कार्यक्रम रखा गया है जिसका उद्घाटन एवं मुख्य अतिथि के रूप में एयर मार्शर आर. के. रान्याल अपनी गरिमा पूर्ण उपस्थिति दर्ज करेंगे। सूफियाना संगीत की प्रस्तुति करेंगे सुशील गौड़ मधुर वाणी अपने राष्ट्रीय स्तर के संगीतज्ञों के साथ। इसी तरह सोमवार 13 मार्च को सुभाष के ओपन एयर थिएटर में ही हरियाणा कला परिषद द्वारा प्रायोजित हरियाणवी लोक नृत्यों एवं लोक पार्क संगीत और और हरियाणा पंजाबी अकादमी, पंचकूला द्वारा प्रायोजित पंजाबी संस्कृति पर आधारित लोक नृत्यों एवं लोक संगीत की प्रस्तुति की जाएगी। इसमें एस. पी. सिंह सिंह वाईस चेयरमेन एम. पी. एन. कालेज, मुलाना मुख्य अतिथि सुनील विशिष्ट निदेशक हरियाणा पंजाबी साहित्य अकादमी पंचकूला एवं नागेन्द्र शर्मा अतिरिक्त निदेशक हरियाणा कला परिषद, कुरुक्षेत्र विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम को सुशोभित करेंगे।

## दो हत्या आरोपी गिरफ्तार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
**थाना** छाता क्षेत्र में होली वाले दिन नामजद होने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी थी इस मामले में वांछित फरार चल रहे दो हत्या आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हत्या में प्रयोग किए गए तमंचे को बरामद किया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव वहरावली संदीप बघेल उर्फ होरीलाल 18 वर्ष की उस वक्त गोली मारकर हत्या कर दी जब वह होली के त्यौहार पर मोहल्ले में गुलाल लगाने के लिए निकला हुआ था तभी घात लगाकर गांव के नामजद लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी इस घटना से गांव में सनसनी कर गई थी पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया था। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार दुबे और उपनिरीक्षक दीपक दोहरे ने पुलिस वालों के साथ मुखबिर की सूचना पर लालपुर बम्बे के पास नगला पालेन से साहुन पुत्र हमीदा निवासी बहरावली थाना छाता इरफान उर्फ पठान पुत्र हबीब बासी निवासी बहराबली थाना छाता को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हत्या मै प्रयोग किया।

## विभिन्न संगठनों ने की जत्थायात्रा को लेकर बैठक



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**अखिल भारतीय** खेत मजदूर यूनियन, अखिल भारतीय किसान सभा, सैंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन के जिला नेतृत्व की गीता कालोनी स्थित स्वतंत्रता सेनानी शिव वर्मा स्मारक भवन में आयोजित संयुक्त बैठक का संचालन करते हुए खेत मजदूर यूनियन राज्य संयुक्त सचिव राजेंद्र ने कहा कि बेरोजगारों को रोजगार दो। न्यूनतम वेतन 26000 लागू करो। मनरेगा में 200 दिन काम व दिहाड़ी 600 रुपए करो। एमएसपी कानून और फसल खरीदी की गारंटी। किसानों व मजदूरों का कर्ज माफ करो। खराब फसलों का मुआवजा दो। शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा व आवास की गारंटी दो। स्कीम वर्कर्स व अस्थाई कर्मियों को स्थाई करो। चार लेबर कोड्स और बिजली बिल 2022 वापिस लो। निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड समेत सभी बोड्र्स को मजबूत करो व सुविधाएं दो। सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण और ठेका प्रथा पर रोक लगवाने के मांग मुद्दों पर 17 से 27 मार्च तक प्रदेश स्तरीय मजदूर किसान संघर्ष जत्था पानीपत जिला में 22 मार्च को मतलौडा खंड के बाल जाटान, इसराना खंड के शाहपुर, मांडी, महराना और 23 मार्च को सनौली खुर्द खंड के झांबा, नवादा आर, बापौली ब्लॉक के नूरपुर मुगलान, रसलापुर, गोयला खेड़ा, समालखा खंड के पट्टीकलियाणा गांवों में जन सभाओं को सम्बोधित करेगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय किसान सभा प्रदेश संयुक्त सचिव मनोज, सैंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन प्रदेश सचिव एवं जिला अध्यक्ष सुनील दत्त, अखिल भारतीय किसान सभा जिला प्रधान डॉ.सुरेंद्र मलिक ,एडवोकेट दयानंद पंवार, राजपाल, जयभगवान, नवीन सपड़ा, प्रितम रावल आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश में कांग्रेस की बनेगी अगली सरकार: मलोर



**अंबाला (मनीष कुमार)**
**पूर्व** विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस के डेलीगेट जसबीर मलौर ने भाजपा-जजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों पर जमकर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा-जजपा सरकार की झूठ और फरेब की राजनीति के दिन अब लद चुके है। मुख्यमंत्री के तानाशाही रवैया से जहां प्रदेश में हर रोज हड़ताल, धरने, प्रदर्शन हो रहे हैं वही सरकार के तुगलकी फैसलों से प्रदेश विकास के मामले भी निरंतर पिछड़ता जा रहा है। पूर्व विधायक आज कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत गांव अमीपुर, तर ,मस्तपुर , महमूदपुर सहित अन्य गांवों में जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। उल्लेखनीय है कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद कांग्रेस द्वारा हाथ से हाथ जोड़ों अभियान आरम्भ किया गया है ।श्री मलौर ने इन कार्यक्रमों में कार्यकताओं व गांववासियों को राहुल गांधी का संदेश दिया और हरियाणा कांग्रेस द्वारा सत्ता में आने पर लागू किये जाने वाले संकल्प पत्र की जानकारी भी दी । उन्होंने कहा अम्बाला सहित प्रदेश में विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े है। न केवल कांग्रेस कार्यकाल में आरम्भ की गई। विकास परियोजनाए अधूरी पड़ी बल्कि भाजपा की सरकार आने पर घोषित की गई विकास परियोजनाओं का अभी तक कार्य आरंभ भी नही हो पाया।विकास के नाम पर जारी होने वाली राशि मंत्रियों और विधायकों की जेब मे जा रही हैं।

**समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर धरने प्रदर्शन करने को मजबूर**

कर्मचारी, व्यापारी,जनप्रतिनिधि, किसान ,उधोगपति अपनी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर धरने प्रदर्शन करने को मजबूर है।किसान अपनी फसल के उचित मूल्य औ? गन्ने की फसल की बकाया राशि के भुगतान के लिये वर्षो से आंदोलन करने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का प्रचार करने वाली सरकार में प्रदेश बच्चियों और महिलाओं से छेड़छाड़ की घटनाएं आम हो चुकी है।

सरकार सी बी आई और ई डी का दुरुपयोग करके विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है जबकि भ्ष्टार्चार में आकंठ डूबे भाजपा के मंत्रियों और विधायकों के खिलाफ कोई कार्यवाही नही की जा रही। वर्ष 2014 से पहले जो भाजपा कार्यकर्ता करोड़ों रुपये के कर्जदार थे आज वे अरबों रुपये की संपत्ति के मालिक है । क्या सरकार अपने विधायकों, सांसदों और मंत्रियों की संपत्ति की जांच भी सी बी आई से करवाएगी।

श्री मलौर ने कहा कि सरकार समाज के किसी भी वर्ग की समस्याओं का समाधान करने में विफल साबित हुई है। आम व्यक्ति जहां महंगाई से त्रस्त है वही कर्मचारी, व्यापारी,जनप्रतिनिधि, किसान ,उधोगपति अपनी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर धरने प्रदर्शन करने को मजबूर है।

# पवित्र धाम में मूक बधिरों के लिए चिकित्सा शिविर का आयोजन

**अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**
**अंबाला** छावनी के राम बाग रोड स्थित पवित्र धाम, रोटरी स्कूल फॉर डेफ में रोटरी क्लब ऑफ अंबाला और रोटरी सोसाइटी फॉर डेफ द्वारा पीजीआई, चडीगढ़ के सहयोग से बधिरों के लिए एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। पीजीआई, चंडीगढ़ में ईएनटी, स्पीड साउंड और ऑडियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. नरेश के पांडा ने शिविर का नेतृत्व किया। 8 डॉक्टरों, 4 पैरा मेडिकल और 1 सहायक स्टाफ की टीम द्वारा 75 से अधिक छात्रों और मरीजों की जांच की गई। डॉक्टरों ने रोगियों की जांच की और उन रोगियों की पहचान की जिन्हें नवीनतम प्रौद्योगिकी प्रत्यारोपण या विशेष ऑपरेशन द्वारा ठीक किया जा सकता है। बधिरों के लिए रोटरी सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. आशावंत गुप्ता ने कार्यवाहक अध्यक्ष रोटरी क्लब ऑफ अंबाला के साथ समारोह की अध्यक्षता की। अनिल वर्मा। परियोजना अध्यक्ष शा. मधु सूदन टंडन ने इस शिविर को अंबाला लाने के लिए पीजीआई के साथ संपर्क करने और उनके साथ समन्वय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने शिविर के संचालन के लिए आर्थिक सहायता भी प्रदान की। नरेश भारद्वाज समारोह के मास्टर थे और उन्होंने रोटरी सचिव सीए गौरव गांधी के साथ शारीरिक व्यवस्था का समन्वय किया। डॉ विनय मल्होत्रा, सीए एडी गांधी, रविंदर धवन, कैप्टन बलदेव सिंह, एडवोकेट प्रदीप बत्रा, शजेएन अरोड़ा और कनिका जैन ने डॉक्टरों और उनकी टीमों को प्रशंसा और यादगार का प्रमाण पत्र प्रदान किया।

**8 8 डॉक्टरों, 4 पैरा मेडिकल और 1 सहायक स्टाफ की टीम द्वारा 75 से अधिक छात्रों और मरीजों की जांच की गई**

# समयपुर में सामूहिक विवाह महोत्सव का हुआ आयोजन







## कन्यादान होता हैं महादानः देवेन्द्र यादव

= नेशन फर्स्ट फाउंडेशन एवं श्री धार्मिक रामलीला मंच समयपुर के द्वारा सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया।

= कन्यादान से बड़ा कोई भी दान नहीं होता है, इसलिए सभी ऐसे पुण्य के कार्यक्रम अधिक से अधिक करें: देवेन्द्र यादव

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**नेशन फर्स्ट** फाउंडेशन एवं श्री धार्मिक रामलीला मंच समयपुर के तत्वाधान में 20वें सामूहिक विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे विधि-विधान और रीति-रिवाजों से सामूहिक विवाह करवाया गया। साथ ही सभी नवविवाहित जोड़ों को सुखी दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर उत्तराखण्ड कांग्रेस कमेटी के प्रभारी व बादली विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक देवेन्द्र यादव के अलावा पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, अशोक यादव, सीमा यादव, अजय यादव, राज सिंह यादव, बालेराम सहित बहुताय की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि कन्यादान से बड़ा कोई भी दान नहीं होता है, इसलिए सभी को अपने-अपने क्षेत्र में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीबों व असहायों की मदद सभी को करनी चाहिए। ताकि सभी वर्ग के लोगों का कल्याण हो सके।
पूर्व विधायक देवेन्द्र यादव ने आगे बताया कि पूरे विधि-विधान और रीति-रिवाजों से सामूहिक विवाह करवाया गया। उन्होंने आगे बताया कि सभी नवविवाहित जोड़ों को सभी जरूरत का सामान भी दिया गया और सुखी दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने अपने-अपने विचार रखे।











# नरेला में होली पर्व पर हवन व यज्ञ का आयोजन

## यज्ञ का आयोजन...

= नरेला में यज्ञ व हवन के उपरांत सभी ने आयोजित विशाल प्रसाद वितरण कार्यक्रम और भंडारे में हिस्सेदारी दी।

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**नरेला** की सभी समिति द्वारा अपने पूर्वजों के सम्मान में होली के पर्व पर आयोजित पावन यज्ञ हरीशचंद्र हस्पताल रोड़ के समीप डीडीए के लाल पीले फ्लैट्स के बीच नरेला में संपन्न किया गया। इसमें उपस्थित सैकड़ों गणमान्य नागरिकों एवं महिलाओं को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार नरेश गुप्ता ने सभी को होली की मुबारकबाद देते हुए कहा कि हम बरसों से अपनी नेक कमाई से विमुख होकर शुभ-लाभ पर ज्यादा ध्यान देते आए हैं। हम जानते हैं कि क्या शुभ है और क्या अशुभ है। फिर भी हम अशुभ लाभ जिसमें सारे समाज के नैतिक मूल्यों की बलि चढ़ा कर एक ही दिन में धनवान बनने की लालसा है की ओर अग्रसर है। जोकि समाज के विकास में घातक है। दूसरे एक अन्य वक्ता कलमकार राजव्रत ने कहा कि हमारा समाज लंबे समय से रूढ़िवादी अंध विश्वासी परंपराओं की जकड़न में जान-बूझ कर कैद है। हमें आगे बढ़ना है तो तर्कसम्मत सिद्धांतो पर चलना होगा। यज्ञ के पुरोहित डॉक्टर कुलदीप आर्य ने होली की पवित्रता के महत्व को समझाते हुए कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए फैले वैमनस्य को हटाकर भाईचारे और सौहार्द को आगे बढ़ाना होगा।
उपस्थित गणमान्य नागरिकों में प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह, डाक्टर कुमारी, रितु आर्य, डॉक्टर चंचल आर्य, सुरेन्द्र शर्मा, डॉ. देव केतु, वरिष्ठ वकील आनंद भारद्वाज, वैद्य मुरली प्रसाद, तेज सिंह निरवाल, हंसराज खत्री, सुल्तान सिंह स्वामी, देवेंद्र भारद्वाज, राजपाल, ओमप्रकाश, वेद प्रकाश निरवाल, बाल किशन, धर्मवीर आर्य, राकेश, प्रमोद टिंकू अरुण एवं भाई सहीराम फौजी आदि प्रमुख थे।
यज्ञ के उपरांत सभी ने आयोजित प्रसाद वितरण और भंडारे में हिस्सेदारी कर कार्यक्रम का समापन किया।



# मंगल बाजार रोड़ का सुरेश शर्मा ने किया दौरा

## जनता की जो भी समस्याएं है, उसका तुरन्त समाधान किया जायेगा: सुरेश शर्मा





**नई दिल्ली/एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** के वार्ड नम्बर-18 के मंगल बाजार के गली नंबर-9 का आप नेता सुरेश शर्मा ने दौरा किया और जनता की समस्याएं सुनीं और जनता की समस्याओं का उचित समाधान करवाया। इस अवसर पर आप नेता सुरेश शर्मा ने गली नम्बर-9 का दौरा किया और जनता से कहा कि जल्द ही श्रद्धानंद कॉलोनी मैन रोड़ का नाला जेसीबी से साफ कराया जाएगा ताकि गलियों में जो पानी इकट्ठा हो रहा है, उसका समाधान हो और जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। आप नेता सुरेश शर्मा ने जनता से कहा कि आप लोगों की जो भी समस्याएं है, उसका तुरन्त समाधान किया जायेगा, अगर किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की समस्या है तो वह मेरे कार्यालय पर संपर्क कर सकता है। उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा।
इस मौके पर स्थानीय निवासियों सहित आम आदमी पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट की डायरी और कैलेंडर का विमोचन करते हुए करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदेश भारद्वाज साथ में है फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ने भाई ढिकोलिया व अन्य पदाधिकारी।

# शालीमार बागः विरेन्द्र सचदेवा ने जी-20 थीम पार्क का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** नगर निगम के उद्यान विभाग द्वारा जी-20 इंडिया थीम पार्क का लोकार्पण शालीमार बाग के शिव वाटिका पार्क में बीजेपी दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष विरेन्द्र सचदेवा ने किया। इस दौरान पूरे पार्क को जी-20 के तहत, वसुदेव कुटुबकम के स्लोगन, 20 देशो को अलग-अलग झंड़े और पेड़ो को पेंटिंग डिजाइन करके सजाया गया है।
निगम पार्षद रेखा गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस साल जी-20 वर्ष में हम क्षेत्र की सभी महिलाओं को पोषण अभियान से जोड़ेंगे। भविष्य में स्वस्थ महिला, स्वस्थ बालक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी के विजन के साथ देश का नागरिक चलने के लिए तैयार है।
इस कार्यक्रम की बीजेपी दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सराहना की और कहा की बड़े ही सौभाग्य की बात है की प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है और हर भारतीय के लिए गौरव का क्षण है। साथ ही निगम के द्वारा बनाये पार्क की सराहना भी की। कार्यक्रम में मंच संचालन मण्डल अध्यक्ष नरेश जैन ने किया। इस मौके पर पार्षद रेखा गुप्ता के अलावा राकेश बंधु, जगदीश बेरीवाल, गोविन्द शर्मा, श्याम लाल गुप्ता, जगदीश अरोड़ा, अनिल गाँधी, बलविंदर सिंह अठ प्रधान,अनिल सिंघल, लोकेश वोहरा, धीरज कुमार, परीक्षित कपिल, कैप्टेन सचदेवा, सतीश वासिया सहित कई लोग मौजूद रहे।





# शालीमार बागः भाईचारा कमेटी ट्रस्ट ने किया विशाल भंजन संध्या का आयोजन









**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** के शालीमार बाग इलाके में भाईचारा कमेटी ट्रस्ट की ओर से एक शाम कान्हा के नाम कार्यक्रम व होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाईचारा कमेटी ट्रस्ट के प्रधान राजेश गुप्ता ने की। इस मौके पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष मुदित अग्रवाल, पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार मंगत राम सिंघल, शालीमार विधानसभा क्षेत्र से विधायक वंदना कुमारी, निगम पार्षद रेखा गुप्ता, निगम पार्षद जलज चौधरी, पूर्व पार्षद सुजीत ठाकुर, समाजसेवी टेंकन छाबडा, आप नेता इशुप्रीत रब्बी गुजराज, कांग्रेस नेता गोपश्वर यादव, संजू जैन, मलविका साहनी, रचना यादव, रेनू छाबड़ा, शिम्मी, गोविन्द शर्मा, एसके मुदगल, सिंधी ज्वैलर्स महेश रजवानी, जितेन्द्र वर्मा वर्मा ज्वैलर्स, पम्मी मंगत शान ज्वैलर्स, विजय गर्ग, सुरेश गुप्ता, बलराम गुप्ता, बीए मार्किट एसोसिएशन व सब्जी मार्किट के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर जेडी सूफी ने अपने भजनों से कार्यक्रम में शमां बांध दिया। इस अवसर पर प्रधान राजेश गुप्ता, महिला प्रधान उर्मिला मांझी, प्रवक्ता यश राधे शुक्ला पारूल अमित तोमर, संतलाल, लक्ष्मी राजेश गुप्ता, सविता मुनीश सेहरावत, विम्मी प्रमोद मुंजाल, भोला ममता सेहरावत, बिल्लू प्रधान, सरफुदीन सैफी, वीके शुक्ला, आरती दीपक गुप्ता, आरती ललित वर्मा, श्रीराम मांझी, शर्मिला दिलीप, अंकुर रितू जैन, संतोष त्रिपाठी, रितेश भारद्वाज, आंकाक्षा सभरवाल, नरेन्द्र ग्रेवाल, संदीप मांझी, शीला रामनिवास बंसल, बबिता गुज्जर, रेनू छाबडा, राजेश सिसोदिया, दीप्ति खन्ना, विजय गांधी, सान्या गुप्ता, पप्पू रानी चौधरी, प्रदीप कुमार, अनिल प्रकाश शर्मा, शीतल रानी, विजय सैनी, रविडॉल कथूरिया मौजूद रहे।

# राज्यसभा में माइक ऑफ नहीं होता, इमरजेंसी में हुआ था: जगदीप धनखड़

**मेरठ/टीम एक्शन इंडिया**

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि हमारे देश में राष्ट्रवाद की कमी कभी नहीं रही। इस मामले में हमारा डीएनए दुनिया में सबसे मजबूत है। कुछ लोगों ने भारत की प्रतिष्ठा को कुंठित करने की ठान ली है। राज्यसभा में आज तक माइक ऑफ नहीं हुआ है। वे देश के बाहर जाकर कहते हैं कि संसद में माइक बंद कर दिया गया जबकि देश के अंदर इमरजेंसी के समय संकट आया था। उस दौरान माइक भी बंद हुआ था। वह दिन अब कभी नहीं आ सकता। धन सिंह गुर्जर पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम



में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि देश की प्रतिष्ठा को धूमिल करने वालों पर चुप्पी मत साधिये। जनता को इन मामलों में दखल देना होगा। इससे सभी रास्ते पर आएंगे। भारत के पास पांच हजार वर्षों से अधिक की संस्कृति मौजूद है। हमें देश को आगे रखने का संकल्प लेना चाहिए। उत्तर प्रदेश में रहने वाले भाग्यशाली है। भारत का भविष्य 2047 तक उज्ज्वल रहेगा। भारत विश्वगुरु होगा। भारत दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति होगा। उप राष्ट्रपति ने कहा कि आजादी के अमृत काल की नींव 2014 में पड़ गई थी। 30 साल के बाद पहली बार देश में बहुत की सरकार बनी और उत्तर प्रदेश में भी बड़ा बदलाव आया। पिछले छह वर्ष में जो सोचा नहीं था, वह मुमकिन हो रहा है। इसलिए इस अमृत काल में मुझे 1857 की क्रांति के नायक की प्रतिमा के अनावरण का सौभाग्य मिला है। उनमें बड़ा जज्बा, राष्ट्रभक्ति थी और 800 से ज्यादा बंदियों को छुड़ाया। पूरे देश के अंदर एक नई चिंगारी उत्पन्न हुई। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहते हुए मंगल पांडे द्वारा क्रांति की शुरूआत करने के स्थल पर गया तो यह जानकारी मिली। मेरे अंदर निराशा थी कि हम अपने शहीदों को भूल गए। स्वतंत्रता संग्राम के महायज्ञ में आहुति देने वालों को हम याद क्यों नहीं कर पाए। इतिहास में ये बात सही तरीके से क्यों नहीं समझाई गई। अमृत काल में ऐसे अनसुने और अज्ञात शहीदों और क्रांतिकारियों को याद किया जा रहा है। उनका अनुकरण भी करना है। आज पूरा विश्व भारत का लोहा मान रहा है। किसी भी बड़े संकट के समय दुनिया के देश भारत की ओर देखते हैं। इसका कारण है कि हमने भूले हुए लोगों को याद करना चालू कर दिया है। यह पुलिस प्रशिक्षण केंद्र मील का पत्थर साबित होगा। जो सोचा नहीं था, वह मुमकिन हो रहा है।

# सिक्किम के राज्यपाल यूरिनरी प्रॉब्लम होने पर पहुंचे अस्पताल

**गाजियाबाद/टीम एक्शन इंडिया**

**सिक्किम** के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य यूरिनरी प्रॉब्लम होने पर यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशाम्बी पहुंचे। हॉस्पिटल के सीएमडी डॉ पी एन अरोड़ा ने उन्हें रिसीव किया और सीधे हॉस्पिटल के यूरिनरी एवं किडनी ट्रांसप्लांट के निदेशक डॉ पीबी सिंह के पास परामर्श के लिए ले कर गए। डॉ. पी बी सिंह ने लक्ष्मण प्रसाद को परामर्श दिया और उनको पहले से चली आ रही बीमारी बिनाइन प्रोस्टेटिक हाइपरप्लेसिया के लिए उनका एक ऑपरेशन यूरिनरी डायलेटेशन किया और उन्हें 12 बजे के करीब हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया। डॉ पीबी सिंह ने बताया कि



बिनाइन प्रोस्टेटिक हाइपरप्लेसिया आम-तौर पर मध्य-जीवन की आयु में प्रोस्टेट के आकार में धीरे-धीरे होने वाली वृद्धि को कहते हैं। लगभग चार में से एक पुरुष को इस समस्या के लिए सर्जरी की आवश्यकता होती है। यह कैंसर से नहीं होता है । इससे मूत्र मार्ग सिकुड़ जाता है और शरीर से मूत्र का प्रवाह सीमित हो जाता है। एक बढ़े हुए प्रोस्ट्रेट अक्सर पुराने लोगों के लिए वॉशरूम जाने के लिए रात में अक्सर जागने का अंतर्निहित कारण होता है। इससे पहले अस्पताल के निदेशक डॉ. पीएन अरोड़ा ने श्री प्रसाद को रिसीव किया और डॉ. बीपी सिंह से मिलवाया।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्तम से सर्वोत्तम बनने की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश

**मीरजापुर।** राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नन्दी ने शनिवार कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की। उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार के विकास कार्यों को गांवों के अंतिम व्यक्तियों तक पहुंचाने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बना, अब सर्वोत्तम प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। विकास कार्य धरातल पर नजर आएं, इसके लिए वह प्रभारी मंत्री के रूप में प्रत्येक माह के दूसरे शुक्रवार को जिले में रहेंगे। बैठक में उन्होंने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था सर्वोत्तम है। गुंडा-माफिया के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है। फरार अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाए। चार्जशीट दाखिल करने के साथ ही फरारी के कारण की भी चर्चा की जाए। फरार अपराधियों और गुंडा-माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। कार्रवाई ऐसी होनी चाहिए कि वह दिखाई भी पड़े।

### कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना

**झांसी।** विपक्ष के लोग कुछ तो कहेंगे ही, उनका काम ही कुछ न कुछ कहना है। यह बातें शनिवार को झांसी दौरे पर आए निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उप्र सरकार में मत्स्य विभाग के कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद ने कही। मत्स्य मंत्री ने झांसी के सर्किट हाउस में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के बयान ह्यआलू सरकार गिरा देगाह्न के जवाब में मीडिया से मुखातिब थे। उन्होंने सपा अध्यक्ष को सुझाव दिया कि वह अपने सलाहकार ऐसे ही बनाए रखें तो भाजपा को उनका विरोध करने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद ने आगे कहा कि कभी प्याज तो कभी आलू की बातें बहुत समय से होती आ रही हैं। हमारी सरकार की एक खासियत है कि उन्होंने जनता का भरोसा जीता है। इसी के चलते योगी आदित्यनाथ को प्रदेश के सारे रिकॉर्ड तोड़कर जनता ने दूसरी बार प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया है। पुरानी सरकारों में व्यापारी किसी भी समिट में जाने से डरते थे, आज उत्तर प्रदेश समिट में निवेशकों की संख्या देख कर लोग दांतों तले उंगलियां दबा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि पूर्व की रावणरूपी सरकारें राम रूपी सरकारें आने के बाद खुद शांत होती जा रही हैं। उन्होंने भाजपा की तारीफ करते हुए देश के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को निषाद समाज का शुभ चिंतक बताया। कहा कि भाजपा सरकार किसानों की हितैषी है। यदि वास्तव में किसानों की लागत आलू की खरीद में नहीं निकल रही होगी तो मुख्यमंत्री से मिलकर उसे बढ़वाने का कार्य किया जाएगा।

### किडनी मंथन में जीवनशैली में बदलाव और जागरुकता पर जोर

**नई दिल्ली:** जीवनशैली में बदलाव करके गुर्दे की बीमारियों से न सिर्फ बचा जा सकता है बल्कि बीमारी के शुरूआती चरण में भी नियंत्रण संभव है। यह कहना है सफदरजंग अस्पताल के नेफ्रोलॉजी विभाग



के एचओडी डॉ. हिमांशु वर्मा का। डॉ. वर्मा ने यह बात एमिल फार्मास्युटिकल की तरफ से आयोजित किडनी मंथन कार्यक्रम में कही। विश्व किडनी दिवस के मौके पर एक से नौ मार्च तक वर्चुअल तरीके से किडनी मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें देश भर के एलोपैथी और आयुर्वेद के 35 विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में जहां विशेषज्ञों ने किडनी की बीमारियों के कारणों पर प्रभाव डाला वहीं बचाव के उपायों खासकर जीवनशैली में बदलाव पर जोर दिया। विशेषज्ञों ने किडनी को स्वस्थ बनाये रखने और उपचार में आयुर्वेद की वैकल्पिक उपचार पद्धतियों जैसे नीरी केएफटी आदि पर भी अपने विचार रखे। डॉ. हिमांशु वर्मा ने अपने प्रजेंटेशन में बताया कि किडनी की बीमारी होने से लेकर गुर्दा फेल होने तक की बीमारी पांच चरणों में होती है। लेकिन पहले और दूसरे चरण में बीमारी पर पूरी तरह से काबू पाना संभव है। इसके लिए सबसे पहले मरीजों में जागरुकता का होना जरूरी है। आज किडनी बीमारियों पर काबू के लिए बेहद जरूरी है कि बीमारी की जांच हो ताकि शुरूआती चरण में ही बीमारी को पकड़ा जा सके। इस बीच, विशेषज्ञों ने कहा कि भारत में किडनी मरीजों की संख्या हर साल तेज गति से बढ़ रही है। ऐसे में एलोपैथी के साथ साथ आयुर्वेद का उपचार और उसकी दवाएं भी किडनी रोगियों की रिकवरी में सक्षम हैं।

## पच्चीस हजार रुपये का इनामी गिरफ्तार

देवरिया। महुआडीह थाना पुलिस ने शनिवार को पच्चीस हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। वह गैंगस्टर एक्ट में वांछित था। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बताया कि महुआडीह थानाध्यक्ष महेन्द्र कुमार को सूचना मिली कि एक पच्चीस हजार रुपये का इनामी बदमाश किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए सेखौना तिराहे पर आ रहा है। पुलिस ने घेराबंदी करके इनामी बदमाश को धर दबोचा। पूछताछ में पकड़ा गया बदमाश बिहार राज्य का रहने वाला मिथुन कुमार सिंह है। एसपी ने बताया कि थाना महुआडीह थाना में दर्ज एक गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया गया है।

# बांदा के ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध जलापूर्ति काउंटडाउन की ओर

**बांदा/टीम एक्शन इंडिया**

दुनिया की सबसे बड़ी ग्रामीण पेयजल योजनाओं में शामिल होने जा रही बांदा की खटान एवं अमलीकौर ग्राम समूह पेयजल योजना का काउंट डाउन शुरू होने वाला है। इन परियोजनाओं का काम पूरा होने की कगार पर पहुंच चुका है। बहुत जल्द बांदा के ग्रामीण इलाकों में रहने वाली बड़ी आबादी को इन दोनों योजनाओं से स्वच्छ पेयजल की सौगात मिलने लगेगी। शनिवार को बांदा पहुंचे नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने योगी सरकार की प्राथमिकता वाली दोनों ही महत्वपूर्ण



योजनाओं की समीक्षा की और बैठक के बाद अमलीकौर ग्राम समूह पेयजल योजना का अधिकारियों के साथ निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से समय पर निर्माण कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिये। धीमी गति से काम करने वाले अधिकारियों की फटकार लगाई। चेतावनी देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में क्वालिटी से समझौता बिलकुल बर्दाशत नहीं किया जाएगा। समीक्षा बैठक और निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी बांदा श्रीमती दीपा रंजन के साथ विभाग के अधिशासी अभियंता और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने समीक्षा बैठक के दौरान प्रत्येक निर्माण साइट के इंटकवेल , डब्ल्यूटीपी , सीडब्ल्यूआर , ओएचटी , पाइप लाइन बिछाए जाने की प्रगति जानी। रिपोर्टेड और सर्टिफाइड ग्रामों की जानकारी लेने के साथ पाइप लाइन बिछाए जाने के साथ सड़क निर्माण कराए जाने की भी रिपोर्ट ली। उन्होंने अधिकारियों से कार्य को तीव्र गति से पूरा करने के निर्देश दिये, साथ ही धीमी गति से काम करने वाले अधिकारियों की फटकार भी लगाई। उन्होंने अधिशासी अभियंताओं को गांव-गांव जाकर पाइप लाइन का काम देखने और जलापूर्ति को सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। इसके बाद अमलीकौर ग्राम समूह पेयजल योजना के स्थलीय निरीक्षण के दौरान परियोजनाओं के वाटर ट्रीटमेंट प्लांटों और इंटेकवेल को भी देखा। सप्लाई से पूर्व की जो भी तैयारी है उसे जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी समय-समय पर इन योजनाओं का संज्ञान लेते रहे हैं। लगातार इसके लिये अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी देते रहते हैं। उनकी मंशा है कि गरीबों के घरों में जल्द पेयजल आपूर्ति शुरू हो।

# मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज ने सपत्नीक किए भगवान बांके बिहारी के दर्शन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पत्नी साधना सिंह के साथ शनिवार को भगवान बांके बिहारी के दर्शन किए। उन्होंने ठाकुरजी और राधारानी से सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री चौहान का हेलीकॉप्टर सुबह वृंदावन स्थित पवन हंस हेलिपैड पर उतरा। यहां से मुख्यमंत्री चौहान अपनी पत्नी साधना के साथ ठाकुर बांके बिहारी मंदिर पहुंचे और विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। दर्शन के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत में मुख्यमंत्री चौहान



राजनीतिक सवालों पर बोलने से बचते नजर आए। मुख्यमंत्री चौहान ने शुक्रवार को परिवार के सदस्यों के साथ गोवर्धन की परिक्रमा की थी। दानघाटी मंदिर में दुग्ध अभिषेक कर पूजा अर्चना भी की थी। इस दौरान गोवर्धन क्षेत्र के भाजपा विधायक मेघश्याम सिंह ठाकुर, आगरा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने स्वागत किया था।

## अपराध शून्य करने पर कार्य कर रही सरकार

मीरजापुर। जमालपुर के ओड़ी गांव में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह की मां रामा देवी को श्रद्धांजलि देने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य शनिवार की दोपहर पहुंचे। उपस्थित लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए स्वतंत्र देव की माता स्व. रमा देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकार अपराध को शून्य करने पर कार्य कर रही है। सरकार अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। कोई अपराधी जेल से बाहर नहीं निकला है।

# गायकों ने परम्पराग गीतों में खेली होली, उड़ा अबीर-गुलाल



**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**

राष्ट्रीय कथक संस्थान की ओर से शुक्रवार को कार्यक्रम संगीत संगम का आयोजन किया गया। संस्थान में संगीत का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नवांकुरों और पारंगत छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ ताल वृन्द के अन्तर्गत कलाकार आनन्द दीक्षित के निर्देशन में संस्थान की युवा पीढ़ी ने समूह तबला वादन प्रस्तुत किया। समूह वादन का आरम्भ भगवान महादेव की स्तुति से किया गया। उसके बाद पेशकार, कायदा, रेला, मध्य लय में टुकड़े एवं परन तथा द्रुतलय में जुगलबन्दी प्रस्तुत की गयी। इसमें सत्यप्रकाश, अखण्ड प्रताप, मानसी, मोहित, एकाक्ष, अग्रिम, इस्कॉन, वैदिक, विवान, वेदात्मन, अभ्यांष, नभय, दीपिका थीं। लहरा संगत मीना वर्मा ने दी। कार्यक्रम की अगली कड़ी में वीणा वादिनी, ज्ञान दायिनी, सुरों की देवी मां सरस्वती जी की स्तुति राग हंसध्वनि में निबद्ध जयति जय जय मां सरस्वती... से की गई। इसकी शब्द एवं स्वर रचना सुश्री अर्चना कुशवाहा की थी। तत्पश्चात शास्त्रीय संगीत की परम्परा का निर्वाहन करते हुए व नवरात्रि के पावन पर्व के शुभ आगमन को दर्शाते हुए ह्यराग बिलासखानी तोड़ी में निबद्ध बन्दिश जगदम्बिका अम्बिका मर्दनी अम्ब शुम्भ-निशुम्भ को आलाप, बोलआलाप, तानो एवं तिहाईयों की गरिमामयी प्रस्तुति दी गयी। श्रृंखला की अंतिम कड़ी में रंग बिरंगी होली की अनोखी रंग भरी, भस्म वाली एवं रस भरी होली गीतों को निराले एवं आकर्षक अंदाज में प्रस्तुत किया गया। इसमें छात्र-छात्राएं अंजलि, संस्कृति, शैली, श्वेता, रूद्र थे। इसमें सिन्थेसाइजर पर विजय कुमार, तबला पर आनन्द दीक्षित, ढोलक पर अंकित कुमार व साइड रिद्म- दिव्यांशु ने साथ दिया। कार्यक्रम का प्रारम्भ राग जोग में निबद्ध बंदिश ह्यसाजन मोरे घर आये... को बोल आलाप तान, बोलतान एवं तिहाईयों के साथ प्रस्तुत किया गया । इसी क्रम में राग जोग में तीन ताल में निबद्ध तराना पेश किया गया, जिसके बोल ताना देरेना तदानी दीम थे। इसकी रचना मीना वर्मा ने की थी।

# इलाज में लापरवाही बरतने वाले दो डॉक्टरों का डीएम ने रोका वेतन

**फिरोजाबाद/टीम एक्शन इंडिया**

जिलाधिकारी रवि रंजन ने शनिवार को शिकोहाबाद के संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। अस्पताल में गंदगी मिलने सफाई कर्मचारी और उपचार में लापरवाही बरतने वाले चिकित्सकों के वेतन रोकने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने सबसे पहले ओपीडी की व्यवस्थाएं एवं वार्ड में मरीजों के लिए आवश्यक सुविधाओं परखा। साफ-सफाई व्यवस्थाओं पर कमी और अस्पताल में मिली गंदगी पाये जाने पर सफाई का कार्य देख रही ग्लोबल सफाई एजेंसी के कर्मचारियों का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने शासकीय



कार्य में शिथिलता बरतने एवं मरीजों के प्रति लापरवाही बरतने वाले डॉक्टर शिवकुमार कर्दम एवं डॉक्टर रीना कुमारी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उनका भी अग्रिम आदेश तक वेतन रोकने के निर्देश दिया है। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने पर्चा काउंटर, फीवर हेल्थ डेस्क, सर्जन कक्ष, नेत्र परीक्षण कक्ष, दवा वितरण कक्ष, होम्योपैथिक व एलोपैथिक कक्ष, एआरबी इंजेक्शन कक्ष, पैथोलोजी कक्ष, महिला ओपीडी कक्ष, लेबर रूम, एसएनसीयू कक्ष, बायोकेमिकल लैब, पोषण पुनर्वास केंद्र, जनरल महिला व पुरुष वार्ड, टायलेट मेल व फीमेल, आपातकालीन कक्ष तथा होमो डायलिसिस यूनिट का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी की। आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने व साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए है।

# होली मिलन समारोह में खेली गई फूलों की होली

फरुर्खाबाद/टीम एक्शन इंडिया

कायमगंज अंतर्गत प्राचीन शिव मंदिर में शनिवार को होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान समारोह में आए हुए लोगों ने फूलों की लगाकर होली की बधाई दी और पर्व की खुशियां एक-दूसरे के साथ बांटी। कायमगंज के प्राचीन स्थल स्वर्ण सरोवर परिसर में बने भगवान शिव के मंदिर पर आज आईबीएफ व समर्पण सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें भाजपा महिला मोर्चा महिला क्लब तथा नगर की जागरूक संभ्रांत महिलाओं ने मंदिर में फूलों की होली खेलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में एक-दूसरे को गले मिल होली की बधाई दी।



इसी स्थल पर नगर के प्रमुख उद्योगपति व समाजसेवी सत्य प्रकाश अग्रवाल एवं नगर के गणमान्य लोगों तथा वैश्य फेडरेशन एवं समर्पण सेवा समिति द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ० मिथिलेश अग्रवाल ने कहा कि होली मिलन जैसे कार्यक्रम समाज को जोड़ने के लिए आवश्यक है। वहीं महिलाओं के संबंध में उन्होंने कहा कि ऐसे ही कार्यक्रमों के अवसर पर महिलाएं भी एक-दूसरे से मिलकर अपने विचार साझा करती हैं तथा त्यौहार के महत्व को और शोभायमान बनाने में सहायक बनती हैं। कहा कि भारतीय संस्कृति व संस्थाएं सुरक्षित रहें, इसके लिए सभी को आपस में मिलकर सेवा भाव बनाए रखने की आवश्यकता है। यदि ऐसा नहीं किया गया तो फिर होलिका दहन से लेकर अन्य सभी कार्यक्रम केवल व्हाट्सएप तथा फेसबुक पर ही सीमित होने लगेंगे। मुख्य अतिथि विधायक डॉ० सुरभि गंगवार ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें यहां इस रमणीक स्थल व शिव मंदिर पर एक अनोखा संगम महिला शक्ति का देखकर काफी प्रसन्नता हो रही है। कहा कि इस महिला संगम में ऐसा प्रतीत हो रहा है, मानो महिलाओं की तीन पीढ़ियां यहां मौजूद हैं। उन्होंने महिलाओं का आह्वाहन करते हुए कहा कि महिलाओं को भी हमेशा अच्छे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भागीदारी करनी चाहिए। कार्यक्रम में आए भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से हम लोगों को सेवा भावना की सीख के साथ मेल मिलाप बनाए रखने का अवसर प्राप्त होता है। कार्यक्रम में डी एस राठौर, सुनील रावत, चित्रा अग्निहोत्री, रजनी गोयल, मोनिका अग्रवाल, मंजू अग्रवाल आदि ने भी ओजस्वी वाणी से कार्यक्रम की महत्ता बताते हुए अपने विचार रखे। कार्यक्रम संचालन में प्रधानाचार्य योगेश तिवारी तथा मंदिर व्यवस्था में सूरजपाल यादव का विशेष सहयोग रहा।

# शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद काशी पहुंचे, नगर में कई जगहों पर हुआ स्वागत

**वाराणसी/टीम एक्शन इंडिया**

ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती शनिवार को वाराणसी पहुंचे। नगर में शंकराचार्य का अखरी चौराहा, चितईपुर चौराहा, ककरमत्ता तिराहा, सुंदरपुर, गांधी नगर, नरिया, लंका, रविदास गेट, संकटमोचन तिराहा, दुगार्कुण्ड, गुरुधाम, चेतमणि व सोनारपुरा चौराहे पर संतों, भक्तों व नागरिकों ने माल्यापर्ण, पुष्पवर्षा कर भक्तिभाव से स्वागत किया। सोनारपुरा चौराहे से केदारघाट स्थित श्री विद्यामठ तक डमरू वादक दल शंकराचार्य के आगे-



आगे डमरू वादन करते हुए चल रहा था। मार्ग में लोग पुष्पवर्षा भी करते रहे। श्री विद्यामठ में बटुकों के साथ नागरिकों ने भी शंकराचार्य के चरण पादुका का पूजन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया। मठ में शंकराचार्य ने भक्तों को दर्शन व आशीर्वचन भी दिया। उन्होंने कहा कि काशीवासी धर्म के प्रति समर्पित रहे हैं। मानवता का मूल धर्म ही है। सभी को धर्म दृढ़ता से पालन करना चाहिए।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


# राकेश भारद्वाज चौक' पर 'आदर्श रसोई' का 45वां हफ़्ता

## सीए रोहित गोयल, संचित गर्ग, सागर गर्ग ने रिबन काटकर किया आदर्श रसोई का शुभारंभ, केक काटकर दी होली की बधाई







### "राकेश भारद्वाज चौक" पर केक काटकर धूमधाम से मनाया होली का त्यौहार






**'राकेश भारद्वाज चौक'** पर हर रविवार को आदर्श रसोई के माध्यम से जरूरतमंदों को मात्र 10 रूपए में विभिन्न व्यंजनों से सजी थाली तो परोसी ही जाती है। इसके साथ ही संस्था हर बार किसी नए आइडिया और अनोखी पहल के साथ कुछ अलग पेश करती है। जो हर किसी के लिए कौतुहल का विषय बना रहता है। आपको बता दें कि इससे पिछले रविवारों में मजदूर दिवस, मातृत्व दिवस, परिवार दिवस, अंतर्राष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस सहित जन्मदिवस भी मनाए गए। धूमधाम से केक काटकर मनाया गया होली का त्यौहार। सभी ने एकदूसरे को बधाई दी।

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**आदर्श** नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले **"राकेश भारद्वाज चौक"** पर आदर्श रसोई हर बढ़ते हफ़्ते के साथ नित नए आयाम स्थापित करती जा रही है। स्वर्गीय राकेश भारद्वाज जी और उनके मित्र सुरेंदर चोपड़ा द्वारा लगाया गया एक छोटा सा पौधा आज एक वट वृक्ष का आकार ले चुका है। पिछले 45 हफ्तों से निरंतर हर रविवार को आदर्श रसोई का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जरूरतमंदों को मात्र 10 रूपए में लजीज व्यंजनों से भरी थाली परोस जा रही है।







### आदर्श रसोई में स्थापित किए हैं सच्चे आदर्श

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के सबसे मशहूर और व्यस्ततम चौक "राकेश भारद्वाज चौक" पर क्षेत्र की सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था **"आदर्श रसोई"** ने अपना 45वां रविवारीय कार्यक्रम बड़े ही उत्साह, हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया। आदर्श रसोई अपने पदाधिकारियों की सेवा, समर्पण और निःस्वार्थ भावना से आज सामाजिक कार्यों में नए आयाम स्थापित कर चुकी है।

### `सीए रोहित गोयल, संचित गर्ग, सागर गर्ग ने आदर्श रसोई के माध्यम से किया अन्नदान

अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर आदर्श रसोई में इस बार भी कुछ अलग ही देखने को मिला। इस बार **"राकेश भारद्वाज चौक"** पर कार्यक्रम में बतौर शुभारंभकर्ता सीए रोहित गोयल, संचित गर्ग, सागर गर्ग परिवार सहित पहुंचे। मुख्य अतिथियों ने रिबन काटकर आदर्श रसोई की विधिवित शुरूआत की। इसके उपरांत सीए रोहित गोयल, संचित गर्ग, सागर गर्ग, श्रुति गोयल और शिवानी गर्ग ने श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके सभी पदाधिकारियों ने अतिथियों को पगड़ी पहनाकर भव्य अभिनंदन किया और इस दिन को विशेष बनाया। राकेश भारद्वाज चौक पर लोगों का हुजूम देखने लायक था। साथ ही अतिथियों के साथ-साथ पदाधिकारियों का भी उत्साह देखते ही बनता था।

### क्या बोले सीए रोहित गोयल

इस विशेष मौके पर सीए रोहित गोयल ने कहा कि आदर्श रसोई क्षेत्र में बेहतरीन सामाजिक कार्य कर रही है और दिन प्रतिदिन समाजसेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रही है। आज हमारे समाज में आदर्श रसोई जैसी सामाजिक संस्था की जरूरत है जो निःस्वार्थ भाव से समाजसेवा की आगे बढ़ाएं। इस सामाजिक कार्य के लिए आदर्श रसोई की पूरी टीम को दिल की गहराईयों से अभिनंदन और शुभकामनाएं।पुण्य आत्मा श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी सोच को आदर्श रसोई के पदाधिकारी और उनके सुपुत्र रवि भारद्वाज मिलकर निरंतर रूप से आगे बढ़ा रहे हैं और दिन-प्रतिदिन आदर्श रसोई नित नए आयाम स्थापित कर रही है जो काबिलेतारीफ है और टीम के सभी सम्मानित सदस्य बधाई के पात्र हैं।

### आदर्श रसोई के मध्यम से श्रद्धेय राकेश भारद्वाज आज भी लोगों के बीच ज़िंदा है : संचित गर्ग

संचित गर्ग ने कहा कि श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी हम सभी के लिये प्रेरणास्त्रोत हैं। आदर्श रसोई के माध्यम से राकेश भारद्वाज जी हम सभी के बीच ज़िंदा है। गर्ग परिवार और भारद्वाज परिवार के बीच घनिष्ठ संबंध रहा है। सुख-दुख के साथी रहे हैं। श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी ने हमेशा हमारा मार्गदर्शन किया। आदर्श रसोई का हर एक सदस्य रविवारीय कार्यक्रम को विशेष बनाने के लिए दिन-रात प्रयत्नशील रहता है और अपना भरपूर योगदान देता है। आदर्श रसोई के विचार लोगों को प्रेरणा देते हैं और इस तरह की जनसेवा का भाव रखने वाली संस्था आज समाज को जरूरत है। मैं आदर्श रसोई के सभी पदाधिकारियों का अभिनंदन करता हूं।

### राकेश भारद्वाज जी के विचार हम सब के लिए अनुकरणीय: सागर गर्ग

सागर गर्ग ने कहा कि आज श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनके विचार, नेक नीयत से लोगों की मदद करना सभी को याद है। यहीं कारण है कि आज जब राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई का रविवारीय कार्यक्रम होता है तो लोग दौड़े चले आते हैं। हर रविवार इस चौक पर एक उत्सव होता है जिसमें गरीब और जरूरतमंद लोग अपने पेट भरते हैं।

वहीं, इसी सोच को ध्यान में रखकर श्रद्धेय भारद्वाज जी और हम सबके आदरणीय सुरेंद्र चोपड़ा जी ने एक साथ आदर्श रसोई की नींव रखीं। आज राकेश भारद्वाज जी हमारे बीच नहीं है लेकिन उनकी सोच को आदर्श रसोई के माध्यम से नया आयाम मिला है। साथ ही राकेश भारद्वाज जी ने हमेशा अपने अनुभव से सभी का मार्गदर्शन किया। आज इस स्थान पर ऐसे कई विशिष्ट सदस्य मौजूद हैं जिनके जीवन में अपने विचारों व अनुभव से मार्गदर्शन किया। ये मेरे परिवार के लिए लिए सौभाग्य की बात है कि आज आदर्श रसोई के माध्यम से मुझे सेवा करने का मौका मिला।

### लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली


आदर्श रसोई अपने नेक कार्यों के साथ-साथ स्वादिष्ठ, विशेष थाली के लिए भी मशहूर है। इस रविवार विशेष रसोई का आयोजन किया गया। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, आलूमटर, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया था। साथ ही सभी को आइसक्रीम भी परोसी गई। निशुल्क पानी का भी विशेष प्रबंध किया गया था।







































आदर्श रसोई ने पिछले 45 रविवार से परम श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के दिखाएं हुए मार्ग पर चलते हुए जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन का प्रबंध कर रही हैं। इस तरह के कार्यकरम की आज समाज को जरूरत है और हम सभी को ऐसे नि:स्वार्थ भाव से कार्य करने वाली संस्थाओं के साथ समाज में अपनी भूमिका का निर्वाह करना चाहिए। **-सीए रोहित गोयल**



आदर्श रसोई ने हमेशा ही जरूरतमंदों के लिए कार्य किया और राकेश भारद्वाज जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए रसोई का आयोजन निरंतर रूप से हो रहा है। आदर्श रसोई की पूरी टीम नि:स्वार्थ भाव से सेवाभाव के इस कार्यक्रम में अपना योगदान दे रही है जिसके लिए पूरी टीम का दिल की गहराईयों से अभिनंदन और बधाई। **- सागर गर्ग, आदर्श रसोई सहसचिव**



आदर्श रसोई क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही है। आदर्श रसोई का उद्देश्य था जरूरतमंदों की सेवा करना और मुझे लगता कि कहीं न कहीं आदर्श रसोई की पूरी टीम इस उद्देश्य में सफल साबित हुई है। अभी लंबा सफर तय करना है। आदर्श रसोई की पूरी टीम रविवारीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिन-रात एक की हुई है। **-सुरेंद्र चोपड़ा, प्रधान**



आदर्श रसोई पिछले 45 हफ्तों से बेहतरीन रविवारीय कार्यक्रम का आयोजन कर रही है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंदों की सेवा करना है। साथ ही कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा तय की जाती है। सभी अपने विचार आदान-प्रदान करते हैं। इस सफल कार्यक्रम के लिए पूरी टीम का अभिनदंन। **-सन्नी गर्ग, सहसचिव**



ये आदर्श रसोई का 45वां रविवारीय आयोजन था। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी टीम दिन-रात मेहनत कर रही है। हर कोई अपने योगदान देना चाहता है। हर कोई आदर्श रसोई के कार्यक्रम में अपना योगदान देना चाहता है। मैं संस्था के सभी पदाधिकारियों का दिल की गहराईयो से आभार प्रकट करता हूं। **- मोहन गर्ग, आदर्श रसोई चेयरमैन**



आदर्श रसोई की नींव परम श्रद्धेय और मेरे पिता राकेश भारद्वाज जी और सुरेन्द्र चोपड़ा जी ने रखी थी। जिसका लक्ष्य था जरूरतमंदों की नि:स्वार्थ भाव से भरपेट भोजन कराना। सप्ताह दर सप्ताह यह संस्था अपने लक्ष्य को निर्धारित कर कार्य कर रही है। साथ ही इस लक्ष्य को हासिल करने में संस्था का हर एक व्यक्ति अपना योगदान दे रहा। **- रवि भारद्वाज, संयोजक**







